15 जुलाई 2025 | रांची, मंगलवार | वर्ष-26, अंक- 163, पृष्ठ-12 | श्रावण कृष्ण पक्ष 05, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



## कोटि कोटि प्रणाम शंभु कोटि नमन दिगंबरा

देवघर के विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में सावन की पहली सोमवारी पर श्रद्धालुओं का सागर उमड़ पड़ा। सोमवार के तड़के 04:12 बजे मंदिर के पट खुलते ही जलार्पण शुरू हो गया था। पूरा मंदिर परिसर 'बोल बम' के उद्घोष से गूंज रहा था। वहीं, रांची के पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिवालयों में सावन की पहली सोमवारी को लेकर सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। 'हर हर महादेव', 'ओम नम: शिवाय', 'बोल बम' के जयकारे से पूरी रांची शिवमय हो गई। वहीं, रांची के पहाड़ी मंदिर में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' है शौर्य व साहस की अमिट गाथा

राष्ट्रीय नवीन मेल




चारु मित्रा

जब-जब भारत पर संकट के बादल मंडराए हैं, तब-तब हमारे वीर जवानों ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश की अस्मिता की रक्षा की है। 'ऑपरेशन सिंदूर' भी इसी अद्भुत शौर्य और बलिदान की गाथा है, जिसने हर भारतीय का मस्तक गर्व से ऊंचा कर दिया।

शेष पेज 11 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

### मुख्य सचिव ने की ई-ऑफिस लाइट की प्रगति की समीक्षा, कहा

# ई-ऑफिस सिस्टम सौ फीसदी त्रुटिहीन बनाएं

**झारखंड होगा डिजिटल**

- जनवरी 2026 तक व्यवस्था बनाने का निर्देश
- दूसरी जगह से भी कार्य करने में होगी सुविधा

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने ई-ऑफिस सिस्टम को सौ फीसदी त्रुटिहीन बनाने का निर्देश आईटी विभाग को दिया। मुख्य सचिव ने इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर राज्य सरकार के तमाम विभागों के प्रमुखों संग सोमवार को गहन मंथन किया। ज्ञात हो कि झारखंड सरकार अपना पूरा काम डिजिटल तरीके से करने की ओर कदम बढ़ा रही है। सरकार का आईटी विभाग इसके एक्शन प्लान पर काम शुरू कर चुका है। मुख्य सचिव ने आईटी विभाग को सौ फीसदी त्रुटिहीन ई-ऑफिस व्यवस्था जनवरी 2026 के पहले पूर्ण करने को कहा। उन्होंने प्रजेंटेशन के माध्यम से इसे लागू करने का तरीका बताने वाले रेलटेल, एनआईसी और जैपआईटी के तकनीकी विशेषज्ञों को निर्देश दिया कि वे टाइमलाइन बनाकर इसे क्रियान्वित करें।


मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि सरकारी फाइलें काफी संवेदनशील होती हैं, इसलिए सबसे पहले यह सुनिश्चित करें कि फाइलें साइबर फ्रॉड की शिकार नहीं बनें। तकनीकी व्यवस्था सुगम हो, ताकि अनावश्यक देरी नहीं हो।

शेष पेज 11 पर



### सीएम सोरेन झारखंड को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए कर रहे कार्य

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड को तकनीकी और डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। हेमंत सोरेन सरकार ने इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण है रांची के नामकुम औद्योगिक क्षेत्र में आईटी टावर। सीएम सोरेन ने पहले कहा भी है कि झारखंड के युवाओं के लिए आईटी टावर कौशल विकास और रोजगार का एक नया रास्ता दिखाएगा। आईटी टावर राज्य को तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी बनाने में मदद करेगा। राज्य में शिक्षा क्षेत्र को डिजिटली सशक्त करने के लिए राज्य के 28 हजार से ज्यादा सरकारी प्राथमिक विद्यालयों को टैबलेट दिए गए हैं। सरकारी अस्पतालों को मुफ्त वाई-फाई सुविधा देने का फैसला किया गया है। सरकार सभी पंचायतों में मोबाइल टावर स्थापित करने की दिशा में भी कदम बढ़ा रही है।



### चार विभागों में ई-ऑफिस शुरू

राज्य सरकार के चार विभाग कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, वित्त विभाग, आईटी एवं ई-गवर्नेंस विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग में ई-ऑफिस सिस्टम की प्रक्रिया शुरू है। इससे जुड़े लोगों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अन्य विभाग भी इस व्यवस्था को लागू करने में आगे आ रहे हैं। इन विभागों के लोगों को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है।

शेष पेज 11 पर

### ई-ऑफिस सिस्टम के लाभ

1. ई-ऑफिस सिस्टम लागू होने के बाद एक क्लिक पर फाइलें उपलब्ध होंगी। उनका भौतिक रख-रखाव नहीं करना पड़ेगा। सभी फाइलें एक जगह संरक्षित और सुरक्षित रहेंगी।
2. एक फाइल की कई-कई बार फोटोकॉपी आदि से बचाव होगा।
3. आग, बाढ़, कीड़े, चूहों और फंगस से बचाने की जद्दोजहद से मुक्ति मिलेगी।

शेष पेज 11 पर

## सुप्रीम कोर्ट का फैसले लंबित रखने पर हाईकोर्ट को नोटिस

- शीर्ष न्यायालय में 10 अभियुक्तों की याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची/नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आपराधिक मामले में निचली अदालत में दोषी करार दिए गए 10 अभियुक्तों की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट को नोटिस जारी किया। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि निचली अदालत के फैसले के खिलाफ उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट में 2018-19 में याचिकाएं दाखिल की थीं, जिस पर वर्ष 2022-23 में सुनवाई पूरी होने के बाद भी फैसला अब तक लंबित रखा गया है। शीर्ष अदालत में याचिका दायर करने वाले 10 लोगों में छह को निचली अदालत में मौत और चार अन्य को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।

शेष पेज 11 पर

## झारखंड हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस होंगे न्यायमूर्ति चौहान

रांची (आईएएनएस)



जस्टिस चौहान ने पर्यावरण कानून बाल कल्याण और न्यायिक सुधारों में किए हैं अहम कार्य

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को झारखंड हाईकोर्ट का नया मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। जस्टिस चौहान झारखंड हाईकोर्ट के 17वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एमएस रामचंद्र राव का तबादला त्रिपुरा हाईकोर्ट कर दिया गया है। जस्टिस रामचंद्र राव ने 25 सितंबर 2024 को झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में शपथ ली थी और उनके कार्यकाल में अदालत में कई अहम जनहित याचिकाओं और संवैधानिक मामलों की सुनवाई हुई। सोमवार को इस संबंध में राष्ट्रपति ने अधिसूचना जारी कर दी। इसकी जानकारी भारत सरकार के कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा की। 9 जनवरी 1964 को रोहड़ू (हिमाचल प्रदेश) में जन्मे जस्टिस तरलोक सिंह चौहान ने शिमला के बिशप कॉटन से स्कूली शिक्षा प्राप्त करने के बाद पंजाब यूनिवर्सिटी से कानून की डिग्री ली। उन्होंने वर्ष 1989 में हिमाचल प्रदेश बार काउंसिल में वकील के रूप में नामांकन के बाद सभी विधायी शाखाओं में गहरा अनुभव अर्जित किया। वे वर्ष 2014 में हिमाचल प्रदेश

शेष पेज 11 पर

## भाकपा माओवादी के सबजोनल सहित चार नक्सली हुए गिरफ्तार

- योगेंद्र गंझू ने की थी सीसीएल कर्मी से एक करोड़ लेवी की मांग
- वर्ष 2011 में पुलिस जवान के पेट में बम प्लांट करने में था शामिल

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** सीसीएल कर्मी से एक करोड़ रुपए की लेवी मांगने वाले भाकपा माओवादी के सबजोनल कमांडर सहित चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से हथियार और नक्सली सामग्री भी मिली है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को मामले की पुष्टि है। गिरफ्तार नक्सलियों में सबजोनल कमांडर योगेंद्र गंझू, मुकेश गंझू, मनु गंझू और राजकुमार नाहक शामिल हैं। इनके पास से एक लोडेड देसी पिस्टल, तीन गोली, लेवी मांगने वाला मोबाइल फोन और सात पीस प्रतिबंधित संगठन का पर्चा बरामद किया गया है।

शेष पेज 11 पर


## इंडिया सेवा का अधिकार लागू है, पर बिना 'सेवा' काम कराना कठिन



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

पलामू की उपायुक्त ने सेवा का अधिकार कानून का अनुपालन नहीं करने के आरोप में पांकी और सदर सीओ के विरुद्ध जुर्माना लगाने का आदेश दिया है। दोनों अधिकारियों ने निर्धारित अवधि से ज्यादा दिनों तक म्यूटेशन के आवेदनों को लंबित रखने के कारण यह सख्त कार्रवाई की है। राज्य में सबसे अधिक शिकायतें सक्सेशन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन,भू लगान,दाखिल ख़ारिज और भूमि सीमांकन के मामलों को लेकर हैं राज्य में राइट टू सर्विस यानी सेवा का अधिकार कानून के प्रति मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गंभीर हैं पर अधिकारी इसे बहाने बनाकर टालते रहते हैं। हाल के दिनों में इस नियम के जरिए लोगों को निर्धारित समय के अंदर छोटे मोटे सरकारी कार्य को पूरा करने के कड़े निर्देश का लाभ लोगों को मिलना शुरू हो गया है।राज्य में राइट सर्विस अधिनियम, 2011 में लागू किया गया था। इसका उद्देश्य 54 सरकारी सेवाओं को एक निश्चित समय सीमा के भीतर नागरिकों को प्रदान करना है, ताकि उन्हें सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। इन सेवाओं में जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बिजली कनेक्शन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और भूमि दाखिल-खारिज जैसी सेवाएं शामिल हैं। इसको लेकर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। मुख्य सचिव के कड़े निर्देश के बाद जिला और प्रखंड स्तर पर लोगों को ससमय सरकारी सेवा उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है। रांची जिला प्रशासन ने प्रत्येक मंगलवार को प्रखंड कार्यालय और प्रत्येक सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार आयोजित कर लोगों की शिकायतें सुनी जा रही हैं। इसके अलावा जिला प्रशासन ने राइट टू सर्विस के तहत अबुआ साथी जन शिकायत वाट्सएप नंबर भी जारी कर रखा है जिसके तहत लगातार शिकायतें आ रही है जिसका निराकरण संबंधित विभागों के द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के अनुसार आम लोगों की शिकायतों को गंभीरता से समाधान करने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा अगर राइट टू सर्विस के अंतर्गत कोई अधिकारी काम करने में कोताही बरतते पाये जाएंगे तो इसमें दंड का भी प्रावधान है। जिला प्रशासन का कोशिश है कि लोगों को ससमय उनका काम हों।

झारखंड में राइट टू सर्विस का पालन आसन नहीं और सरकारी कार्यालय में जटिल प्रक्रिया और कर्मचारियों के मनमानी की वजह से एक सामान्य आदमी को छोटे से कामों के लिए महीनों चक्कर लगाने पड़ते हैं। ऑनलाइन व्यवस्था होने के बावजूद भी लोगों के पास यह जानकारी नहीं पहुंच पाती है कि किन कारणों से हमारा आवेदन लंबित है और कब तक यह पूरा हो जाएगा। सबसे ज्यादा परेशानी जाति और आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत होने में है।सरकारी प्रक्रियाओं की कठिनाइयों की वजह से युवाओं की परेशानी इन प्रमाण पत्रों के लिए बनी रहती है। जमीन म्यूटेशन से संबंधित सबसे ज्यादा शिकायत सरकार के समक्ष आती है और इसका समाधान होने में भी वक्त लगता है। राज्य में जमीन म्यूटेशन के हजारों आवेदन लंबित पड़े हुए हैं। हालांकि रांची जिला प्रशासन के द्वारा पिछले दिनों इसको लेकर चलाए गए विशेष अभियान के तहत तीन डिसिमल से नीचे के जमीन म्यूटेशन के सभी आवेदनों को निष्पादित करने के लिए सफलतापूर्वक कार्य किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों को दाखिल खारिज का कागजात प्राप्त हुआ है मगर अभी भी भवन नक्शा बिजली कनेक्शन जमीन म्यूटेशन जाति प्रमाण पत्र आवासीय प्रमाण पत्र जैसे कागजात को तैयार कराने में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सरकार के द्वारा लिए गए इस पहल से उनकी परेशानी दूर होने की संभावना बढ़ गई है। सेवा के अधिकार का लाभ या पालन तभी पूरी तरह हो सकता है जब इसकी सूचना हर सरकारी कार्यालय में बड़े अक्षरों में दी जाए और ऑनलाइन सिर्फ रजिस्ट्रेशन तक सीमित न रहे। अभी आवेदक ऑनलाइन आवेदन करते हैं फिर उनसे हार्ड कॉपी मांगी जाती है और फिर शुरू होती है दौड़ाने की प्रक्रिया जिसमें सेवा का अधिकार कानून ध्वस्त हो जाता है।



सूचना पट्ट

झारखण्ड राज्य सेवा देने की गारंटी नियमावली - 2011, के अधीन पुलिस विभाग से संबंधित प्रदायी, सेवायें, प्राधिकार एवं इसके लिए निर्धारित समय सीमा का सूचना पट्ट

| क्र. सं. | प्रदायी सेवाओं का नाम | | नाम निर्दिष्ट पदाधिकारी | नियत समय-सीमा | प्रथम अपीलीय पदाधिकारी | प्रथम अपील के निष्पादन हेतु नियत समय- सीमा | द्वितीय अपील पदाधिकारी | द्वितीय अपील के निष्पादन हेतु नियत समय-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | पुलिस सत्यापन प्रतिवेदन | (क) पासपोर्ट निर्गत करने हेतु पुलिस सत्यापन प्रतिवेदन | थाना प्रभारी का नाम एवं मोबाईल नम्बर श्री दीपक कुमार सिन्हा 9431706184 | 7 दिन | अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का नाम एवं मोबाईल नम्बर श्री अनुज उरांव 9431770066 | 3 दिन | पुलिस अधीक्षक का नाम एवं मोबाईल नम्बर श्री सुमित अग्रवाल 9431706138 | 3 दिन |
| | | (ख) शस्त्र अनुज्ञप्ति निर्गत करने हेतु पुलिस सत्यापन प्रतिवेदन | | 7 दिन | | 3 दिन | | 3 दिन |
| | | (ग) सेवा में नियुक्ति हेतु पुलिस सत्यापन प्रतिवेदन | | 7 दिन | | 3 दिन | | 3 दिन |
| | | (घ) किसी प्रकार का चरित्र प्रमाण-पत्र हेतु पुलिस सत्यापन प्रतिवेदन | | 7 दिन | | 3 दिन | | 3 दिन |


### राइट टू सर्विस के तहत मिलनेवाली सेवा

| मद | निर्धारित दिन | | |
|---|---|---|---|
| आय प्रमाण पत्र | 15 | जन वितरण प्रणाली दुकान लाइसेंस | 30 |
| जाति प्रमाण पत्र | 15 | राशन कार्ड | 60 |
| आवासीय प्रमाण पत्र | 15 | क्रेशर चलाने का लाइसेंस | 30 |
| जमीन म्यूटेशन | 45 | शहरी क्षेत्र में आवासीय भवन का नक्शा | 60 |
| सामाजिक सुरक्षा पेंशन | 21 | शहरी क्षेत्र में कामर्शियल बिल्डिंग | 60 |
| नया बिजली कनेक्शन | 30 | शहरी क्षेत्र में मोबाइल टावर लगाने का लाइसेंस | 30 |
| पोस्टमार्टम रिपोर्ट | 03 | मल्टीप्लेक्स सिनेमाघर के लाइसेंस | 30 |
| परिवहन विभाग | 30 | | |

### ओडिशा को 1-0 पराजित किया

## सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी में झारखंड चैंपियन

नवीन मेल डेस्क



मिजोरम को हराकर हरियाणा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया

**रांची।** 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप 2025 में ओडिशा को हरा कर झारखंड ने खिताब अपने नाम कर लिया है। राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड टीम लगातार दूसरी बार चैंपियन बनी है। रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में प्रतियोगिता के 12वें दिन सोमवार को दो मैच खेले गए। एक मैच पहले और दूसरे स्थान तथा दूसरा मैच तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेला गया। फाइनल मैच मेजबान झारखंड और हॉकी एसोसिशन ऑफ ओडिशा के बीच खेला गया। इसमें मेजबान झारखंड ने ओडिशा को 1-0 पराजित कर कर दिया और चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। इससे पहले, तीसरे और चौथे स्थान के लिए हॉकी हरियाणा और हॉकी मिजोरम के बीच मैच खेला गया। इसमें तय समय में दोनों ही टीमें 3-3 गोल की बराबरी पर थीं।

शेष पेज 11 पर

## मैराथन रनर फौजा सिंह की सड़क हादसे मौत



**एजेंसी/नई दिल्ली।** दिग्गज मैराथन रनर 114 वर्षीय फौजा सिंह की सड़क दुर्घटना में सोमवार को मौत हो गई। प्राप्त सूचना के अनुसार, सोमवार की दोपहर फौजा सिंह जालंधर स्थित अपने गांव ब्यास में सड़क पार कर रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और उनकी मृत्यु हो गई।

# खरगे व राहुल से मिले पार्टी प्रभारी और मंत्री, विकास कार्यों की दी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता



## वंचित तत्व को उनका अधिकार दिलाने के लिए करें संघर्ष : खरगे

बैठक में खरगे ने कहा कि हमें समाज के वंचित तत्व को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष करते रहना है। कांग्रेस को एसटी, एससी और ओबीसी के लिए प्राथमिकता के आधार पर सांगठनिक रूप से काम करना है। सभी को सामूहिक जिम्मेवारी लेते हुए समाज के इन वर्गों को उनका अधिकार दिलाने के लिए हर स्तर पर जिला प्रखंड और पंचायत स्तर तक काम करना होगा।

**रांची।** झारखंड के कांग्रेस सांसद, मंत्री और विधायक सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता विपक्ष राहुल गांधी एवं संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात की। इस दौरान पार्टी के मंत्री और सांसद एवं विधायकों ने क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की पूरी जानकारी शीर्ष नेतृत्व को दी। इस दौरान प्रदेश प्रभारी के राजू प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो भी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान हुई बैठक के क्रम में खरगे ने संगठन सृजन के तहत चलाए जा रहे अभियान की पूरी जानकारी के राजू और केशव महतो कमलेश से ली। मौके पर के राजू ने बताया कि झारखंड में संगठन सृजन का काम व्यापक स्तर पर चलाए जा रहा है जो अब भी जारी है। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर तक समितियों का गठन कर लिया गया है। प्रखंड स्तर तक के पदाधिकारीयों के बीच प्रमाण पत्र बांटने की प्रक्रिया भी जारी है। संगठन को पंचायत स्तर तक पहुंचाने के लिए आगे की प्रक्रिया जारी है। संगठन को मजबूत करने की दिशा में विभिन्न स्तरों पर संवाद का आयोजन लगातार जिला और राज्य स्तर पर किया गया।

वहीं राहुल गांधी ने सभी से मिलजुल कर जनहित को सर्वोपरि रखकर काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हमारे लिए जनता और कार्यकर्ता सर्वप्रथम है। सरकार और संगठन की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना अगर कार्यकर्ताओं का दायित्व है तो उन्हें मजबूती प्रदान करना भी सरकार और संगठन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मंत्रियों को विधायकों के साथ आपसी सामंजस्य बैठाकर प्राथमिकता के साथ जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतरना है। संगठन और सरकार की गतिविधियों को आम लोगों तक पहुंचने की एक महत्वपूर्ण कड़ी हमारे कार्यकर्ता ही हैं, इस कड़ी को मजबूत रखना हमारा दायित्व है।

बैठक में सांसद सुखदेव भगत, कालीचरण मुंडा, विधायक दल नेता प्रदीप यादव, उप नेता राजेश कच्छप डॉ बेला प्रसाद, प्रणव झा, मंत्री राधा कृष्ण किशोर, दीपिका पांडे सिंह, डॉक्टर इरफान अंसारी, शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, अनूप सिंह सुरेश बैठा, रामचंद्र सिंह, सोनाराम सिंकू, भूषण बारा, नमन विक्सल कोनगाड़ी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पेसा कानून की नियमावली के लिए सुझाव लिया

के राजू ने बताया कि पार्टी की ओर से चलाए गए राष्ट्रव्यापी संविधान बचाओ रैली का आयोजन झारखंड में सभी जिलों में किया गया। उन्होंने बताया कि झारखंड में पेसा कानून के लिए नियमावली बनाने के लिए कांग्रेस ने अपने स्तर से कांग्रेस कार्यकर्ता, विधायक, सामाजिक संगठनों सहित समाज के विभिन्न पेशेवर लोगों से सुझाव आमंत्रित किया था। साथ ही इसे लेकर कार्यशाला का भी आयोजन किया गया था। इस पर विचार करके सभी सुझावों को संकलित कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सौंपा जाएगा। राज्य सरकार की ओर से अनुसूचित जाति आयोग के गठन की भी घोषणा कर दी गई है जो आनेवाले दिनों में आकार लेगी। इस अवसर पर सभी मंत्रियों ने विभागवार अपने-अपने विभागों के जनहित के कार्यो और आगामी योजनाओं की जानकारी शीर्ष नेतृत्व को दिया। इसी क्रम में पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र में किए वादों और महागठबंधन की ओर से संयुक्त रूप से जारी चुनावी घोषणा पत्र पर भी चर्चा करते हुए उस दिशा में झारखंड सरकार की कार्रवाई की जानकारी दी गई। बैठक में खड़गे और राहुल गांधी ने संगठन के लिए किए गए कार्यों एवं कार्यक्रमों की सफलता के लिए प्रदेश अध्यक्ष को प्रोत्साहित किया।

# फ्लाईओवर निर्माण में अटक रही सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया

- विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दखल देने की मांग की
- योगदा सत्संग सोसाइटी की छोड़ी गई जमीन पर बाउंड्री वॉल नहीं हटने से अटका चौड़ीकरण कार्य

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** सिरम टोली चौक स्थित कनेक्टिंग फ्लाईओवर के निर्माण में सड़क चौड़ीकरण का कार्य अधर में लटका हुआ है। विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने इस मामले को गंभीरता से उठाते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दखल देने की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि योगदा सत्संग सोसाइटी द्वारा वर्ष 2012-13 में रांची नगर निगम को गिफ्ट डीड के माध्यम से सड़क चौड़ीकरण के लिए जमीन दी जा चुकी है, इसके बावजूद वहां बना बाउंड्री वॉल अभी तक नहीं हटाया गया है। इस कारण निर्माणाधीन फ्लाईओवर के दोनों ओर समान रूप से सड़क चौड़ीकरण संभव नहीं हो पा रहा है।

विधायक ने अपने पत्र में कहा कि यदि गिफ्ट डीड के अनुरूप सड़क अधिग्रहण कर बाउंड्री वॉल को पीछे कराया जाए, तो सड़क की चौड़ाई दोनों ओर कम से कम 30 फीट तक बढ़ाई जा सकती है। इससे फ्लाईओवर निर्माण के बाद शहर के इस महत्वपूर्ण मार्ग पर यातायात सुगम हो जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि उक्त गिफ्ट डीड एवं शपथ-पत्र के आधार पर कार्रवाई करते हुए बाउंड्री वॉल को हटाने की पहल करें।

डॉ. मेहता ने इस पत्र की प्रतिलिपि नगर आयुक्त, नगर निगम रांची और पथ निर्माण विभाग के सचिव को भी भेजी है, ताकि इस दिशा में जल्द से जल्द कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। विधायक ने कहा कि आवागमन बाधित होने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और निर्माण कार्य भी प्रभावित हो रहा है।

## उपायुक्तों को मिला अतिरिक्त कार्यभार

**रांची।** कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की अधिसूचना के अनुसार उपायुक्त, धनबाद आदित्य रंजन अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ बंदोबस्त पदाधिकारी, धनबाद के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। हजारीबाग के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ बंदोबस्त पदाधिकारी, हजारीबाग के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

### विद्यार्थियों के बीच भारतीय तटरक्षक बल की टीम के साथ पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री

# राष्ट्रभक्ति का भाव जगाता है तटरक्षक बल : संजय सेठ

- आईसीजी शामिल होने के लिए रांची में पहली बार चलाया जा रहा भर्ती अभियान

नवीन मेल संवाददाता



## आईसीजी के डीआईजी केएल अरुण ने बल की गतिविधियों की जानकारी दी

भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के डीआईजी केएल अरुण ने विद्यार्थियों को तटरक्षक बल की गतिविधियों और कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उन्हें बताया कि कैसे तटरक्षक बल काम करता है। इसके साथ जुड़ना और काम करना जीवन को रोमांच देने वाला अवसर होता है। इस दौरान उन्होंने बच्चों की जिज्ञासा का भी समाधान किया।

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को कहा कि तटरक्षक बल समुद्री सीमाओं की सुरक्षा, जागरूकता और राष्ट्रभक्ति का भाव जगाता है। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) की ओर से रांची में पहली बार व्यापक पैमाने पर विभिन्न स्कूलों और कॉलेज में तटरक्षक बल में शामिल होने के लिए जागरूकता और भर्ती अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ की पहल पर आरंभ हुआ है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं में भारतीय तटरक्षक दल के विषय में जागरूकता लाना है और रोजगार की संभावनाओं से अवगत कराना है।

सोमवार को रांची में रामटहल चौधरी स्कूल (ओरमांझी), एसएस मेमोरियल कॉलेज (कांके रोड), लाला लाजपत राय स्कूल और गोस्सनर कॉलेज, रांची में विद्यार्थियों के बीच यह अभियान चलाया गया। अभियान को लेकर संवाद कार्यक्रम भी हुआ और विद्यार्थियों की जिज्ञासा का समाधान भी किया गया।

इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि तटरक्षक बल समुद्री सीमाओं की सुरक्षा, जागरूकता और राष्ट्रभक्ति का भाव जगाता है। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चे रोजगार और राष्ट्र सेवा के लिए साथ-साथ तैयार हों, इसके प्रति जागरूक हों। इस उद्देश्य के साथ भारतीय तटरक्षक बल की ओर से रांची में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जागरूकता कार्यक्रम किया गया। भारतीय तटरक्षक बल से जुड़े अधिकारियों ने बच्चों को राष्ट्रसेवा के प्रति तैयार होने के लिए विभिन्न बातें बताई। रक्षा राज्य मंत्री ने बच्चों से संवाद कर उन्हें तटरक्षक बल में अपनी सेवा देने के लिए प्रेरित किया।

रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि रांची में पहली बार इस तरह का अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से आरंभ हुआ। यह अभियान हमारे विद्यार्थियों और युवाओं को राष्ट्र के लिए काम करने की प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि भारत के हजारों किमी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा, समुद्री जीवजंतुओं की सुरक्षा, समुद्री आपदाओं से राहत और बचाव का कार्य तटरक्षक बल के जरिए किया जाता है।

रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि विदेश से आने वाले नशे के कारोबारी और अवैध घुसपैठ को रोकने का काम भी इनके ओर से ही किया जाता है। इससे जुड़ना समाज की सेवा करना है। यह सुनहरा अवसर है, जब रक्षा मंत्रालय तटरक्षक बल में भर्ती और जागरूकता के लिए रांची में अभियान चला रहा है। इसलिए विद्यार्थी और युवा अधिक से अधिक संख्या में इसमें शामिल हों और रोजगार के साथ राष्ट्र सेवा के इस अवसर का उपयोग करें।

इस अवसर पर पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, समरी लाल, रणधीर चौधरी, कमलेश राम, बीपी वर्मा, रवींद्र सिंह, एसडी सिंह, ग्रामीण जिला अध्यक्ष धीरज महतो सहित हजारों की संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।



विधायक कल्पना सोरेन सोमवार को मंत्री योगेंद्र प्रसाद के पैतृक आवास पहुंचकर उनके दिवंगत भाई स्व. भरत कपूर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। विधायक कल्पना सोरेन ने शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की।

# रिम्स 2 के लिए साफ सुथरी जमीन, सरकार की अपनी जमीन पूर्व में ही चयनित की जा चुकी है

नवीन मेल संवाददाता



**रांची/मांडर।** मांडर प्रखंड के ब्राम्बे स्थित प्रोफेसर आरिफ हसन के द्वारा बताया गया कि ब्राम्बे मौजा में लेप्रोसी हॉस्पीटल के नाम से चर्चित एक अस्पताल है, जिसमें वर्तमान में जेनरल चर्म रोग हॉस्पीटल चलता है, लेकिन वो किसी काम का नहीं है, समय के साथ सैकड़ों बेड का यह अस्पताल आज बदहाल पड़ा हुआ है। दस पंद्रह साल पहले सरकार के द्वारा यहां रिम्स 2 बनाने का प्रस्ताव लाया गया था, इसके लिए यहां प्रयाप्त जमीन करीब 108 एकड़ भूमि मौजूद हैं। इस मौके पर समाजसेवी और मांडर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष शमसुल शेख द्वारा कहा गया कि राजधानी के बीस किलोमीटर दूर एन एच रोड में सरकार का सैकड़ों एकड़ जमीन बोंडरी करके छोड़ा हुआ है और सरकार रिम्स 2 के लिए जमीन तलाश रही है, पूर्व शिक्षा मंत्री बन्धु तिर्की जी का भी इच्छा है कि रिम्स 2 का निर्माण यही होना चाहिए। इस संदर्भ में श्री तिर्की द्वारा सरकार को एक मेमोरंडम भी पेश किया गया है शमसुल द्वारा सरकार से अपील किया गया कि ब्राम्बे में ही रिम्स 2 का निर्माण किया जाए। मौके पर समाजसेवी और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अबुजर अंसारी भी रिम्स 2 निर्माण को लेकर अपनी बात रखी, और उन्होंने भी सरकार से मांग किया कि रिम्स 2 का निर्माण यही होना चाहिए।

**अवसर** राज्य में सेना भर्ती रैली 22 अगस्त से, तैयारी को ले रांची के डीसी ने की बैठक, कहा

# भर्ती रैली के उम्मीदवार दलालों से रहें सावधान

- जिले के युवाओं को सेना में ज्यादा से ज्यादा शामिल करना है लक्ष्य : कर्नल विकास

नवीन मेल संवाददाता

## बिना आवश्यक दस्तावेज के रैली में भाग लेने की नहीं मिलेगी अनुमति



खेलगांव में भर्ती रैली 22 अगस्त से 04 सितंबर तक संभावित है। सभी उम्मीदवारों को अधिसूचना के अनुसार रैली के लिए आवश्यक दस्तावेज लाने होंगे, अन्यथा उन्हें भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। केवल ऑनलाइन चरित्र, निवास और जाति प्रमाण पत्र ही स्वीकार किए जाएंगे। रैली प्रवेश पत्र को बारिश से सुरक्षित रखें। सभी अभ्यर्थियों को एंड्रॉयड फोन लाना अनिवार्य है।

**रांची।** राज्य में वर्ष 2025-26 के लिए सेना भर्ती रैली 22 अगस्त से 04 सितंबर 2025 तक संभावित है। इसका आयोजन रांची के खेलगांव में होगा। इस आयोजन को लेकर रांची के उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय में बैठक हुई।

बैठक के दौरान खेलगांव रांची में 22 अगस्त से 04 सितंबर 2025 तक होने वाली सेना भर्ती रैली को लेकर कर्नल विकास भोला ने उपायुक्त रांची से विशेष रूप से कहा कि रांची जिला के युवाओं को सेना में ज्यादा से ज्यादा शामिल करना हमारा लक्ष्य है। रांची जिला के युवा ज्यादा से ज्यादा सेना में भर्ती होकर अपना भविष्य बनाएं। ये हमारी प्राथमिकता है।

कर्नल विकास ने कहा कि रैली के दौरान जो युवा इस रैली में भाग लेंगे, उन्हें मौलिक सुविधा एवं अन्य सभी व्यवस्थाएं रैली स्थल पर कराने को कहा गया है। रैली के दौरान विधि व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, रैली ग्राउंड में भर्ती स्थल की चौतरफा सुरक्षा, रैली स्थल निर्धारित विश्राम क्षेत्र के आसपास सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, मेडिकल कवर, रैली स्थल पर एंबुलेंस के साथ मेडिकल टीम संभावित रैली के सभी दिनों में सुबह चार बजे से उपलब्ध कराने को कहा गया। इस पर उपायुक्त ने कहा कि सारी व्यवस्थाएं जो भी जिला प्रशासन की तरफ से संभव होगा, वह उपलब्ध करा दी जाएंगी।

उपायुक्त भजंत्री ने कहा कि सेना में शामिल होने वाले सभी उम्मीदवार शोषण करने वाले दलालों से सावधान रहें। उन्होंने सभी उम्मीदवारों से विशेष रूप से कहा कि सेना भर्ती पूरे पारदर्शी तरीके से होती है।

### इन पदों पर भर्ती के लिए होगी रैली

- ग्रुप ए : अग्निवीर (सामान्य ड्यूटी)
- ग्रुप बी : अग्निवीर (तकनीकी)
- ग्रुप सी : अग्निवीर (क्लर्क/स्टोर कीपर) तकनीकी)
- ग्रुप डी : अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं पास
- ग्रुप ई : अग्निवीर ट्रेड्समैन 8वीं पास

(सभी उम्मीदवारों को अधिसूचना के अनुसार रैली के लिए आवश्यक दस्तावेज लाने होंगे।)

# न्यूज बॉक्स

## ग्रामीण क्षेत्रों में पुलों का शीघ्र निर्माण कराए राज्य सरकार : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने ग्रामीण क्षेत्रों में पुलों के शीघ्र निर्माण कराने की बात कही है। इसे लेकर उन्होंने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। बाबूलाल ने सोमवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा है कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पुलों का निर्माण शीघ्र सुनिश्चित करे, ताकि ग्रामीणों, विशेष रूप से मरीजों को अस्पताल पहुंचने में सुविधा हो सके। नेता प्रतिपक्ष मरांडी ने कहा है कि जब झारखंड का गठन हुआ था, उस समय राज्य के ग्रामीण और दूर-दराज इलाकों में पुल-पुलिया की भारी कमी के कारण आवागमन बेहद कठिन था। मुख्यमंत्री रहते हुए मैंने प्राथमिकता के साथ सैकड़ों पुल-पुलियों का निर्माण कराया, जिससे पहली बार इन क्षेत्रों तक वाहन पहुंच पाए। लेकिन, आज भी रांची के सिल्ली और चतरा के हंटरगंज जैसे कई इलाकों में नदी पर पुल नहीं होने से लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण आज भी बांस की अस्थायी पुलिया से नदी पार करने को मजबूर हैं। मरीजों को चारपाई पर लादकर अस्पताल ले जाना पड़ता है, लोग जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं।

## प्रशांत विद्यार्थी बने झारखंड अधिवक्ता परिषद के नए अध्यक्ष



**रांची।** झारखंड अधिवक्ता परिषद के रानी सती मंदिर परिसर में हुए प्रांत स्तरीय दो दिवसीय अभ्यास वर्ग के अंतिम दिन सोमवार को संगठन की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यकारिणी में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत विद्यार्थी (रांची) को झारखंड अधिवक्ता परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे पूर्व में दो बार महामंत्री पद पर कार्य कर चुके हैं। वहीं विजय नाथ कुंवर (बोकारो) को पुनः महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है, जबकि सुनील कुमार (रांची) को पहली बार कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा को संगठन आयाम का क्षेत्रीय प्रमुख बनाया गया है। यह जानकारी झारखंड अधिवक्ता परिषद के प्रांत मीडिया सह प्रमुख रीतेश कुमार बॉबी, अधिवक्ता, झारखंड उच्च न्यायालय ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मंत्री और झारखंड-बिहार प्रभारी चरण सिंह त्यागी एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुनील कुमार की उपस्थिति में केंद्रीय पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में नए प्रमुखों की नियुक्ति की गई है। इस नई कार्यकारिणी की घोषणा पर झारखंड राज्य के अनेक वरिष्ठ और कनीय अधिवक्ताओं, केंद्र और राज्य सरकार के अधिवक्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है।

## शराब घोटाला मामले में नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह से एसीबी ने की पूछताछ



**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने झारखंड शराब घोटाला मामले के आरोपित ऑटोमोबाइल कारोबारी और नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह से सोमवार को पूछताछ की। एजेंसी ने उन्हें पूर्व में समन देकर पूछताछ के लिए बुलाया था। सोमवार को विनय सिंह अपने अधिवक्ता के साथ एसीबी मुख्यालय पहुंचे जहां एसीबी ने उनसे पूछताछ शुरू की। एसीबी ने विनय सिंह से यह पूछा कि वह आईएएस अधिकारी विनय चौबे को कैसे और कब से जानते हैं। इसके जवाब में उन्होंने बताया कि वह विनय चौबे को कई वर्षों से जानते हैं और विनय चौबे उनके करीबी मित्र हैं। इसके बाद एसीबी ने यह जानकारी मांगी कि नेक्सजेन कंपनी में महत्वपूर्ण पदों पर कौन-कौन कार्यरत हैं। वहीं एसीबी ने विनय सिंह से पूछताछ के दौरान यह भी जानकारी मांगी कि आईएएस विनय चौबे की पत्नी कब से नेक्सजेन से जुड़ी हैं और उन्हें क्या पद दिया गया है। उल्लेखनीय है कि एसीबी झारखंड शराब घोटाला की जांच कर रही है। इस केस में अब तक आईएएस विनय चौबे समेत कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इसी केस में विनय सिंह भी आरोपित हैं लेकिन कोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत दे दी है।

## हिंदी साहित्य की राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन 27 जुलाई को

रांची। हिंदी साहित्य भारती के तत्वावधान में 27 जुलाई 2025 को पुराना विधानसभा के हॉल में एकदिवसीय राज्यस्तरीय हिंदी साहित्य संगोष्ठी का आयोजन होगा। इस संगोष्ठी की तैयारियों के लिए हिंदी साहित्य भारती रांची इकाई की एक बैठक जिलाध्यक्ष बलराम पाठक की अध्यक्षता में कांके रोड रांची स्थित मनोकामना में संपन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए संगठन महामंत्री सह कार्यक्रम संयोजक अजय राय ने बताया कि राज्य स्तरीय संगोष्ठी को सफल बनाने के लिए तैयारियां चल रही हैं।

## माकपा ने की भूमि अधिग्रहण मामले में सीएम से हस्तक्षेप करने की मांग

**रांची।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राज्य सचिव मंडल ने धनबाद जिले के बलियापुर प्रखंड के आसनबनी में सेल की ओर से कृषि योग्य भूमि का जबरन अधिग्रहण करने का आरोप लगाते हुए इस घटना पर चिंता प्रकट की है। पार्टी ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि खेती लायक जमीन से रैयतों और किसानों को जबरन बेदखल करने के लिए तसरा परियोजना की संचालक आउटसोर्सिंग एजेंसी केटीएमपीएल के लोगों ने स्थानीय पुलिस के संरक्षण में रैयतों पर लाठीचार्ज की है। इस घटना में कई लोग घायल भी हुए हैं। इस दौरान गुंडों ने खेत में लगे धान के बीज और सब्जी को भी नष्ट कर दिया। घटना को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं। माकपा के राज्य सचिवमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। पार्टी ने धनबाद जिला प्रशासन से रैयतों के साथ बातचीत कर इस मामले का सर्वमान्य हल निकालने की भी मांग की है। माकपा के राज्य सचिव मंडल आउटसोर्सिंग कंपनी केटीएमपीएल के चिह्नित कर ऐसे लोगों पर भी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## ऑपरेशन 'नन्हे फरिश्ते' के अंतर्गत आरपीएफ पोस्ट रांची द्वारा सराहनीय कार्य



**रांची।** रांची मंडल में रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा कमांडेंट पवन कुमार के निर्देशानुसार, ऑपरेशन "नन्हे फरिश्ते" के अंतर्गत रांची रेलवे स्टेशन पर सोमवार को ड्यूटी के दौरान आरपीएफ कर्मियों ने एक नाबालिग बच्चे को सुरक्षित बचाया। ड्यूटी के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या-01 पर एक नाबालिग बालक को बिना किसी उद्देश्य के भटकते हुए देखा गया। पूछताछ करने पर उसकी पहचान रंजन कुमार सिंह, उम्र 13 वर्ष जो की बिहार के मसोना रोहतास का निवासी है। बच्चे ने बताया कि वह बिना बताए घर से भाग आया है और अब वापस जाने में असमर्थ है। आरपीएफ टीम द्वारा बच्चे को रांची आरपीएफ पोस्ट लाया गया। सभी कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद बच्चे को चाइल्ड लाइन, रांची को सकुशल सौंपा गया, जिससे उसकी आगे देखभाल और उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



तेज बारिश भी नहीं रोक पाए कदम

पहाड़ी मंदिर में प्रथन सोमवारी की पूजा श्रद्धा भाव से की गई

# 3.30 बजे कपाट खुलने की प्रतीक्षा में हजारों श्रद्धालु कतार में खड़े रहे

- सरकारी आरती में सदर एसडीओ और पूर्व उपायुक्त राहुल सिन्हा ने लिया भाग
- प्रशासन ने की प्रकाश, सुरक्षा और भक्तों के आवागमन की अच्छी व्यवस्था

**काजल मेहता। रांची।** सावन की पहली सोमवारी को राजधानी रांची स्थित ऐतिहासिक और पावन पहाड़ी मंदिर में आस्था का अद्भुत नजारा दिखा। सोमवार अहले सुबह ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर की ओर उमड़ पड़ी। श्रद्धालु रात 12 बजे से ही स्वर्णरेखा नदी से जल भरकर पैदल यात्रा करते हुए पहाड़ी बाबा के दर्शन को निकले। वहीं कई स्थानीय श्रद्धालु भी पहाड़ी मंदिर पहुंच बाबा भोले पर जल अर्पित किया। राजधानी के शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों से श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। श्रद्धालु पैदल चल कर बाबा भोलेनाथ पर जलार्पण करने पहुंचे थे।

### रात के 12 से ही भक्तों की लगने लगी थी लंबी भीड़

सरकारी आरती के बाद सुबह 3.30 बजे मंदिर का पट खोला गया और 4 बजे से विधिवत रूप से जलाभिषेक का क्रम शुरू हुआ। वहीं, सरकारी आरती रांची एसडीओ उत्कर्ष कुमार, राहुल कुमार सिन्हा और पहाड़ी मंदिर विकास समिति के द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच की गई। चारों ओर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष गूंज रहे थे। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक गीतों के साथ बाबा भोलेनाथ को जल अर्पित किया और परिवार की सुख-शांति की कामना की।

### सावन में मां पार्वती ने की थी कठोर प्रतिज्ञा : नेहा और अजय कुमार

नेहा सिंह और अजय कुमार पति पत्नी दोनों वर्षों से पहाड़ी बाबा के दर्शन और जलार्पण के लिए आ रहे है। इनका कहना है महादेव की भक्ति अर्चना से मात्र जीवन में खुशियां आती है। और सावन में तो माता पार्वती ने भगवान शिव के लिए आराधना की थी। इसलिए यह महिना दंपति के लिए भी शुभ होता है।



### भोलेनाथ के चरणों में अलग ही ख़ुशी महसूस होती है : सोनी देवी

रांची निवासी सोनी देवी लगभग 15 सालों से लगातार पहाड़ी मंदिर आ रही हैं। सावन में विशेष टूर पर अहले सुबह आती है। साल के 365 पूजा अर्चना करने पहुंचती है। उन्होंने कहा महादेव के शरण में अलग ही ख़ुशी महसूस होती है। सोनी देवी ने कहा इनके दर पर कुछ मांगने की जरूरत नहीं होती सब खुद देते हैं।



### विवाहित महिलाओं के लिए है विशेष सावन : पूनम

पूनम कई वर्षों ने पहाड़ी मंदिर आ रही हैं। सावन में विशेष रूप से पूजा अर्चना करने पहुंचती है। उन्होंने कहा सावन का महत्व विवाहित महिलाओं के लिए इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि मां पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए सावन के महीने में कठोर तपस्या की थी।



### पुरुषों के लिए भी सावन का अलग महत्व है : शशि भूषण साहू

पहाड़ी मंदिर आये शशि भूषण साहू ने कहा सावन का पहला सोमवार है और यह पावन दिन है। पुरुषों के लिए भी सावन का अलग महत्व है। उन्होंने कहा सावन में सोमवार का व्रत रखने और शिवजी की उपासना करने से शक्ति, शांति और आत्मिक उन्नति मिलती है। यह महीना आत्म-संयम और आध्यात्मिक साधना का समय है, जो पुरुषों को आत्मिक रूप से मजबूत बनाता है।



### सावन में हरे वस्त्र और आभूषण का है विशेष महत्व : ललिता

ललिता ने कहा सावन के ही महीने में मां पार्वती ने महादेव का प्रेम पाने के लिए महादेव के प्रिय रंग हरे कपडे, हरी चुडियां पहन कर कठोर तपस्या की थी और हरी चूड़ियां पहनने से रिश्तों में प्रेम बना रहता है। इसलिए महिलाएं सावन में हरे रंग की चुडियां और कपडे पहनती है।



### याद भी नहीं कितने बरस गुजर गए बाबा के दर आते : सविता

सविता चौधरी ने कहा अब तो याद भी नहीं कितने बरस गुजरे बाबा के द्वार आते आते। उन्होंने कहा सावन में तो विशेष रूप से पहाड़ी बाबा के दर्शन के लिए सुबह सुबह पहुंचते है लेकिन साल के 365 सुबह और शाम पहाड़ी बाबा में आना है। ये हमारी खुस्नासिबी है की बाबा के दर पर आ पते है।



### सुरक्षा के किए गए पुख्ता इंतजाम

पहाड़ी मंदिर पर इस बार सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। भीड़ के सुगम संचालन के लिए चढ़ने और उतरने के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं। सिविल डिफेंस, नगर निगम, रांची पुलिस और प्रशासन के कर्मी मुस्तैद दिखे। सीसीटीवी कैमरों और नियंत्रण कक्ष के माध्यम से पूरी गतिविधियों पर नजर रखी जा गई। पुरुष और महिला पुलिस कर्मी भरी संख्या में तैनात रहे।

### पहले सोमवारी को मिलता है विशेष फल

पहाड़ी मंदिर के पुजारियों ने बताया कि सावन में बाबा भोलेनाथ की पूजा विशेष फलदायक होती है। पहली सोमवारी का महत्व हजारों वर्षों से बना हुआ है। यह आस्था और संयम का पर्व है, जहां श्रद्धालु कांवर यात्रा कर अपने आराध्य को प्रसन्न करते हैं।

### दिन भर जारी रहा जलाभिषेक

भक्तों ने बताया कि यह सावन की पहली सोमवारी है, इसलिए श्रद्धा और उत्साह दोनों चरम पर हैं। दिन भर जलाभिषेक का क्रम जारी रहेगा। वहीं, भक्त भक्तों के कदम को बारिश भी नहीं रोक पाई पैदल आ रहे कांवरियां तेज बारिश में भी पहुंचे पहाड़ी मंदिर। कई श्रद्धालु परिवार सहित आकर रातभर मंदिर परिसर के पास रुके रहे ताकि सुबह-सवेरे पहले दर्शन कर सकें।

### नाग गुफा में दर्शन मात्र से कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है

इस अवसर पर महिलाओं की भी भारी भागीदारी देखने को मिली। लाल, पीले, हरे और भगवा वस्त्रों में सजी महिलाएं कलश और पूजा सामग्री के साथ पहाड़ी चढ़ती दिखीं। पूजा के दौरान नाग गुफा में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। यहां भोले बाबा के गण नाग देवता की विशेष पूजा होती है, जिसका धार्मिक और पौराणिक महत्व है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां दर्शन मात्र से कालसर्प दोष और संकटों से मुक्ति मिलती है। जलार्पण करने आये भक्तों ने ने नवीन मेल के सामने ख़ुशी और आस्था जाहिर की।

## ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने आर्च बिशप विंसेंट को बांधी राखी



**रांची।** सावन के पवित्र माह में सोमवार को आर्च बिशप हाउस में ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने आर्च बिशप विंसेंट आइंद को राखी बांधी। साथ ही, आत्म स्मृति का तिलक देकर उन्हें परमात्मा का संदेश दिया। ब्रह्माकुमारी निर्मला ने कहा परमात्मा सर्व धर्म की आत्माओं को पावनता की राखी बांधकर पवित्र भाव, योगी भाव की प्रतिज्ञा करा रहे हैं। हम पवित्र बनने से माननीय और पूज्यनीय बन सकते हैं। राखी के पवित्र धागों का रहस्य बताते हुए निर्मला बहन ने कहा मनोविकारों से रक्षा परमात्मा राखी द्वारा करते हैं। उन्होंने कहा, यह राखी बुराइयों को राख करने वाली राखी है। आत्म स्मृति का तिलक लगाने से आत्मा समर्थ बन जाती है। उसके बाद ही मधुर मीठे सुखदायी परमात्म शिक्षा के बोलों की मिठाई खाने का महत्व है। उन्होंने कहा कि परमात्मा सभी धर्म की आत्माओं को शांति और शुभ भावना की शिक्षा देकर नई स्वर्गिक सृष्टि का निर्माण प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा करा रहे हैं।

जनता दरबार में हो रहा लोगों की समस्याओं का समाधान

## मेरा बेटा भरण पोषण के लिए हो गया तैयार : गुरुवारी देवी

- उपायुक्त ने कहा, हर नागरिक की समस्या का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राहे की रहने वाली गुरुवारी देवी सोमवार को दूसरी बार उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजंत्री की जनता दरबार में आईं। चेहरे पर खुशी थी। उन्होंने दोनों हाथ जोड़े हुए उपायुक्त को धन्यवाद दिया और कहा, सर मेरा बेटा मेरे भरण-पोषण के लिए तैयार हो गया है, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। दरअसल, पिछली बार गुरुवारी देवी जनता दरबार में अनुकंपा के बाद नौकरी पाने वाले बेटे की शिकायत लेकर आई थीं कि वह उनका भरण पोषण नहीं कर रहा है। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा अंचल अधिकारी राहे और स्थापना प्रभारी को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई कर वेतन रोकने का निर्देश दिया गया था, जिसके बाद राहे अंचल में कार्यरत गुरुवारी देवी का पुत्र अपनी मां के भरण-पोषण के लिए तैयार हुआ। रांची जिले के नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के जनता दरबार में लोगों की सहभागिता लगातार बढ़ रही है। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लोग अपनी विभिन्न समस्याओं के साथ उपस्थित हुए। जनता दरबार में आने वाले नागरिकों ने मुख्य रूप से भूमि पर अवैध कब्जा, भू-माफिया द्वारा जमीन पर कब्जे का प्रयास, दोहरी जमाबंदी रद्द करने, पंजी-2 में सुधार, ऑनलाइन रसीद निर्गत करने प्रमाण पत्र, शिक्षा और अन्य जनहित से जुड़ी समस्याएं रखीं। उपायुक्त भजंत्री ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया।उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार एक प्रभावी मंच है, जहां सीधे संवाद स्थापित कर समाधान सुनिश्चित किया जा सकता है।



### नागरिकों ने प्रशासन की पहल की सराहना की

जनता दरबार में उपस्थित नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अब उनकी बातें सीधे जिला प्रशासन तक पहुंच रही हैं और समाधान भी मिल रहा है। जनता दरबार के प्रति यह बढ़ता भरोसा प्रशासन और जनता के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी बना रहा है।

## अग्रवाल युवा सभा ने की आम्रेश्वर धाम की धार्मिक यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रवाल युवा सभा ने सोमवार को खूंटी-तोरपा रोड (एनएच 20) पर स्थित आम्रेश्वर धाम की एक दिवसीय धार्मिक यात्रा आयोजित की। कार्यक्रम के दौरान 125 से भी अधिक श्रद्धालु और सदस्य डीपीएस स्कूल गेट के समीप एकत्रित होकर, एक साथ आम्रेश्वर धाम के लिए रवाना हुए। वहां पहुंचकर सदस्यों और उनके परिवारजनों ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। जल, दूध, शहद, घी, दही, अक्षत, बेलपत्र, शमी पत्र और पुष्प से शिवलिंग का अभिषेक कर आरती की गई। इसके बाद 101 किलो दूध से बनी खीर का भोग भोले बाबा को अर्पित कर, सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया। बाद में अग्रसेन धारा के अंतर्गत दो स्थायी प्याऊ का उद्घाटन किया गया। प्याऊ का उद्घाटन अंगराबाड़ी की सीओ और प्रशासनिक अधिकारियों, आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति, प्याऊ दानदाता एवं संस्था के सभी सदस्यों ने किया। साथ ही, छह वातानुकूलित पंखों का भी अनावरण किया गया। मंदिर परिसर के विश्रामगृह में दोपहर भोजन और चाय-नाश्ते की उत्तम व्यवस्था अग्रवाल युवा सभा ने किया। प्रसाद वितरण के बाद सभी श्रद्धालु प्रस्थान हुए। संस्थाा के अध्यक्ष रौनक झुनझुनवाला ने बताया।



# सीयूजे में सत्र 2025-26 के लिए नामांकन प्रक्रिया आज से

- चार वर्षीय 19 स्नातक पाठ्यक्रमों में होगा नामांकन
- स्नातक कोर्स के लिए सीटों की कुल संख्या 634 है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय रांची में 2025-26 सत्र में स्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों (यूजी कोर्सों) में नामांकन के लिए नामांकन प्रक्रिया (रजिस्ट्रेशन) 15 जुलाई 2025 से शुरू होगी। यह नामांकन प्रक्रिया 26 जुलाई 2025 तक चलेगी। सीयूजे में प्रवेश लेने के इच्छुक सभी उम्मीदवार, जो संबंधित कार्यक्रम के संबंधित विषय में सीयूईटी (यूजी)-2025 प्रवेश परीक्षा में उपस्थित हुए हैं और जिनके पास वैध सीयूईटी स्कोर है, वे इस रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।नामांकन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रो गजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि इस वर्ष झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची में कुल 19 स्नातक पाठ्यक्रमों (यूजी कोर्सों) में नामांकन होंगे। इन स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए सीटों की कुल संख्या 634 है। प्रो गजेंद्र प्रसाद सिंह ने अभ्यर्थियों को सलाह दी कि इच्छुक अभ्यर्थी जो सीयूजे में स्नातक में नामांकन लेना चाहते हैं, वे दिनांक 26 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.सीयूजे. एसी.इन के माध्यम से आवेदन कर सकते है। प्रवेश और चयन प्रक्रिया, पात्रता मानदंड का विवरण इत्यादि विश्वविद्यालय की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू. सीयूजे.एसी.इन पर उपलब्ध है। इसके अलावा अभ्यर्थियों के लिए वेबसाइट पर हेल्पलाइन नंबर (9304953725/9304953735, समय 11.00 बजे दिन से शाम 04.30 बजे तक) और ईमेल (एडमिशनहेल्पडेस्क@सीयूजे.एसी. इन) भी दिए गए हैं, जिससे उन्हें सही तरीके से नामांकन करने में सहायता प्रदान की जाएगी। यूजी एडमिशन के संयोजक डॉ प्रवीण शर्मा ने कहा कि जो उम्मीदवार सीयूजे में प्रवेश के लिए आवश्यक पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, वे अपने कैटेगरी के अनुसार निम्लिखित नामांकन शुल्क अदा करके प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सभी उम्मीदवार यह गैर-वापसी योग्य पंजीकरण शुल्क का भुगतान करके ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया में भाग ले सकते है। एक बार भुगतान किया गया पंजीकरण शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। यह शुल्क प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा तीन कार्यक्रमों में पंजीकरण के लिए मान्य होगा। पंजीकरण लिंक 15 जुलाई 2025 से 26 जुलाई 2025 तक सीयूजे के वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### नामांकन के लिए उपलब्ध पाठ्यक्रम, नामांकन शुल्क

1. चार वर्षीय बीएससी - जियोग्राफी (भूगोल), पर्यावरण विज्ञान, जीवन विज्ञान (लाइफ साइंस), भौतिक विज्ञान (फिजिक्स), गणित, रसायन विज्ञान (कैमिस्ट्री)।
2. चार वर्षीय बीए - जन संचार (मास कम्युनिकेशन), अंग्रेजी, हिंदी, कोरियन भाषा, चीनी भाषा (चाइनीज), राजनीतिक विज्ञान, एंथ्रोपोलॉजी (मानव विज्ञान शास्त्र) और अर्थशास्त्र।
3. चार वर्षीय बीकॉम।
4. चार वर्षीय बीटेक - कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मेटेलर्जिकल एंड मैटेरियल इंजीनियरिंग।

- 800 रुपए (यूआर/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए)
- 400 रुपए (एससी / एसटी उम्मीदवारों के लिए)
- 200 रुपये (डीएपी, पीडब्ल्यूडी) और सभी श्रेणियों की महिला उम्मीदवारों के लिए।



45 किलोमीटर की बैरिकेडिंग के अंदर 12 घंटे लगातार पैदल चलाया गया

# बैरिकेडिंग और टेंट का खर्च बढ़ा नहीं बढ़ी तो यात्री सुविधाएं




**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ देवघर**

**मनोज मिश्र**

वैद्यनाथ मन्दिर भारत वर्ष के झारखण्ड राज्य के देवघर जिला में स्थित एक प्रसिद्ध मंदिर है। भगवान शिवका एक नाम 'बैद्यनाथभी है, इस कारण लोग इसे 'वैद्यनाथ धाम' भी कहते हैं। यह एक सिद्धपीठ है। इस लिंग को कामना लिंग भी कहा जाता हैं। हर वर्षसावनके महीने में स्रावण मेला लगता है जिसमें लाखों श्रद्धालु बोल-बम! बोल-बम! का जयकारा लगाते हुए बाबा भोलेनाथ के दर्शन करने आते हैं। ये सभी श्रद्धालु अजगैबी नाथ मंदिर , सुल्तानगंज से पवित्र गंगा का जल लेकर लगभग सौ किलोमीटर की अत्यन्त कठिन पैदल यात्रा कर बाबा को जल चढाते हैं। कल के सावन की प्रथम सोमवारी में देवघर में उतनी भीड़ नहीं उमड़ी थी जितना कि हवा बनाया गया। अभी आने वाले समय में भीड़ में और भी कमी आएगी क्योंकि 95 प्रतिशत लोगों ने दोबारा नहीं आने का संकल्प दोहराया है झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार की बागडोर में देवघर की प्रथम सोमवारी में प्रशासनिक कुव्यवस्था ने श्रद्धालुओं की श्रद्धा का हनन तो किया ही है, झारखंड के पर्यटन को चौपट भी किया है। पर्यटन के असीम संभावना वाले राज्य में पर्यटकों को धमकाना, डराना और इस हद तक परेशान करना कि भीड़ उत्तेजित हो जाए, अराजकता फैल जाए और पुलिसिया डंडे की आड़ में भ्रष्टाचार को छुपाया जा सके। आईए जानते हैं।

## दिल्ली से दौलताबाद दौलताबाद से दिल्ली के सफर का इतिहास दोहराया गया

**रांची।** सुल्तानगंज से जल लेकर आए और झारखंड एवं अन्य दूसरे दूर के राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने रात के 10:00 से ही शिवगंगा में स्नान कर बाबा बैजनाथ के दर्शन के लिए पंक्ति में खड़े होने के लिए चल पड़े। हालांकि बाबा के दर्शन के लिए पट सुबह 4:00 बजे खुलता है लेकिन भीड़ ज्यादा होती है इसलिए लोग चाहते थे भले ही छह घंटे पंक्ति में रहना पड़े लेकिन जल्दी दर्शन हो जाए इसलिए 10:00 बजे रात से पंक्ति में चलना शुरू कर दिए। रात 11 बजे से श्रद्धालुओं ने बैरिकेडिंग के अंदर चलना शुरू किया। शहर से लेकर गांव, दढ़वा नदी, नंदा पहाड़ के चारों ओर जसीडीह रेलवे स्टेशन के इर्द-गिर्द, और फिर देवघर नगर की 12 परिक्रमा कराते हुए 40 किलोमीटर की बैरिकेडिंग के अंदर 12 घंटे लगातार पैदल श्रद्धालुओं को चलाया गया और उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत किया गया। बच्चे, बूढ़े, जवान, बुजुर्ग, महिलाओं को लगातार चलाया गया। पुलिस किसी भी श्रद्धालु को रेस्ट करने का अवसर नहीं दे रही थी कड़े बर्ताव के साथ आगे बढ़ाने के लिए धमका रही थी और बरगला रही थी कि बस 2 किलोमीटर में आप पहुंच जाएंगे। लेकिन कितना 2 किलोमीटर कई लोग प्रशासन से झड़प कर लिए कि उन्हें झूठ क्यों बोला जा रहा है। भगदड़ और अराजकता की स्थिति शासन ने पैदा करने की कोशिश की। लगातार पैदल चलने के कारण कई लोग बीमार ग्रस्त हो गए बहुतों की बीमारी बढ़ गई। कई लोग चक्कर खाकर गिर पड़े लेकिन मेडिकल की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं थी। भूख प्यास से व्याकुल लोगों को कोल्हू के बैल की तरह घुमाया गया। गोलू के बल को भी कुछ देखकर को आराम मिलता है लेकिन श्रद्धालुओं को 5 मिनट भी आराम करने का वक्त पुलिस ने नहीं दिया कहा कि आगे बढ़ते रहिए। प्रशासन बता रही थी की भीड़ ज्यादा है तो श्रद्धालुओं ने कहा कि लेकिन भीड़ ज्यादा नहीं थी एक ही भीड़ को एक ही सड़क पर बार-बार घुमाने से भीड़ प्रतीत हो रहा था। वहीं सुल्तानगंज से 100 किलोमीटर यात्रा करके आए श्रद्धालुओं को और 45 किलोमीटर चलना पड़ा, बिना खाए पिए, बिना शौचालय उपयोग किए चलते लोगों ने कहा कि राजनीतिक षड्यंत्र के तहत धार्मिक भावनाओं को आहत करते हुए अमानवीय यातना दी जा रही है। वहीं अनेक लोगों ने कहा कि 45 किलोमीटर की बैरिकेडिंग और टेंट लगा करके भ्रष्टाचार किया जा रहा है। सोमवारी में आए श्रद्धालुओं का सर्वे किया गया तो हर 10 में से आठ लोगों ने कहा कि अब बाबा नगरी देवघर कभी नहीं आएंगे और सरकार भी यही चाहती है कि बाबा धाम लोग नहीं आएं।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में द्वादश ज्योतिर्लिंग मेला का हुआ शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांके/ पिठोरिया।** स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय कि ओर से सावन के पहली सोमवारी के शुभ अवसर पर पूरे सावन मास के लिए लगे द्वादस ज्योतिर्लिंग मेला 2025 का उद्घघाटन प्रजपिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय कि संचालिका बी के राजमती बहन ,रिलेशन्स के निदेसक आशुतोष द्विवेदी , समाजसेवी डॉ अनिल कुमार एवं अतीन्द्र नाथ वैध ने फिता क ाट कर के किया। इस एक महीने द्वादस ज्योतिर्लिंग मेला 2025 के उदघाटन में 200 से अधिक शिव भक्तों ने अपनी हाजरी लगाई । शिव भक्तों ने यहाँ एक साथ 12 ज्योतिर्लिंग के प्रारूपो का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही साथ विधिवत पुजा - अर्चाना कर ब्रह्मभोजन प्रसाद के रूप में ग्रहण किया । बी के राजमती ने कहा की देवों के देव महादेव हमारे कण कण में विराजमान है । हमे उन्हें कही ढूँढने की जरुरत नही है । शिव की आराधना कर उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की जरुरत है । मौके पर मुख्य रूप से सुरेश ठाकुर, रमेश शर्मा, अर्जुन प्रसाद, शिवनाथ तिर्की, अरविन्द साहू, उर्मिला देवी, लीला देवी, कविता सेन सहित कई शिव भक्त ऊपस्थित थे।

## लगातार हो रही बारिश से खेती-बारी चौपट, आम जन जीवन प्रभावित

**खूंटी।** पिछले एक महीने से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने खेती-बारी के काम को तो चौपट कर ही दिया है, आम जन जीवन पर भी इसका काफी प्रभाव पड़ रहा है। गत 14 जून से शुरू हुई बारिश एक महीने से लगातार जारी है। खूंटी जिले में रविवार रात से हो रही मूसलाधार बारिश से नदी-नाले और खेत-खलिहान सब लबालब भर गये हैं, वहीं आम लोगों की भी मुसीबत बढ़ गई है। भारी बारिश के कारण लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो गया है।

बच्चों को स्कूल जाने में भी भारी कठिनाई हो रही है। बारिश में भींग कर बच्चे बीमार भी पड़ रहे हैं। बारिश के कारण नदी-नालों कें भर जाने और दर्जनों पुल-पुलिया के ध्वस्त हो जाने के कारण कई बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। लगातार बादल गरजने और बिजली कड़कने से अभिावकों की चिंता भी बढ़ गई है। भारी बारिश के कारण सड़कों और नालियों का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। बारिश के कारण 12 से अधिक कच्चे मकान अब तक गिर चुके हैं।

बारिश के ऊपर भारी पड़ी श्रद्धा और भक्ति

## छाता लेकर श्रद्धालुओं ने क़तार में खड़े होकर धैर्य का दिया परिचय

- इस मौके पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिर के पदाधिकारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेडो/ लापुंग।** बेड़ो और लापुंग प्रखंड के ऐतिहासिक महादानी मंदिर से घघारी बाबा धाम तक श्रावणी मेला के प्रथम सोमवारी को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भारी बारिश के बीच श्रद्धालुओं ने छाता लेकर कतार में घंटों खडा होकर प्रतिक्षा की और काफी धैर्य के साथ अपनी बारी आने पर अपने अराध्य भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना की। ऐतिहासिक महादानी मंदिर में पुजारी सोनू पंडा, मेघनाथ गिरी, बाबा बजरंगी की देखरेख में श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा अर्चना की। इस मौके पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिर के पदाधिकारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सुबह 4:00 बजे से अपराह्न 3:00 तक मंदिर में लंबी कतार देखी गई। वहीं लापुंग के घघारी बाबा धाम में घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति के देखरेख में श्रद्धालुओं ने कतार में लगकर विधिवत पूजा अर्चना की। मंदिर में मुख्य पुजारी राजकुमार पाठक, राम शंकर पाठक, राजेश पाठक, सीताराम पाठक, मार्कण्डेय दास गोस्वामी, तुलसी दास गोस्वामी सहित अन्य पुजारियों ने भीड़ के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखते हुए श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना कराई। वहीं घघारी धाम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकमल गोप, सचिव संजय महतो तथा कोषाध्यक्ष सेवक सिंह, तीर्थनाथ सिंह सहित अन्य लोगों ने प्रथम सोमवारी के अनुष्ठान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। घघारी बाबा धाम समेत गलगली बाबा धाम कातिंगकेला और पबीरा पहाड़ में समुद्र तल से 2226 फीट की ऊंचाई पर बाबा वनखंडी धाम में कई प्रखंडों और जिलों के श्रद्धालुओं ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी पूजा अर्चना की।

वृद्धाश्रम में हुआ सावन मिलन का आयोजन

## बुजुर्ग महिलाओं ने दी पारंपरिक सावन गीतों की प्रस्तुति



**रांची।** बरियातू रोड स्थित वृद्धाश्रम में सावन महीने के प्रथम सोमवार को संध्या में 'सावन मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम की अध्यक्षा सुशीला गुप्ता के नेतृत्व में बुजुर्ग महिलाओं ने पारंपरिक सावन गीतों की प्रस्तुति दी। लोकगीतों की गूंज से वातावरण भावविभोर हो उठा। गीतों के माध्यम से न केवल पुरानी स्मृतियां ताजा हुईं, बल्कि एक-दूसरे के प्रति अपनत्व और सौहार्द की भावना भी प्रगाढ़ हुई। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं के बीच मिठाइयां वितरित की गईं, जिससे उनके चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के सेवक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे। सुशीला गुप्ता ने कहा, ऐसे आयोजनों से बुजुर्गों को समाज से जोड़े रखना और उनके जीवन में खुशी लाना हमारा कर्तव्य है। यह समारोह बुजुर्गों के लिए केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि भावनात्मक संबल और सामाजिक सहभागिता का प्रतीक बन गया।

## वृद्ध ने दामोदर नदी में लगायी छलांग

बोकारो। बेरमो अनुमंडल क्षेत्र के दामोदर नदी पर बने खेतको पुल से 70वर्षीय वृद्ध ने रविवार देर रात छलांग लगा दी। छलांग लगाने वाले व्यक्ति पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत खेतको के रहने वाले 70वर्षीय वृद्ध जीतन साव बताया जा रहा है । घटना की जानकारी मिलते ही बोकारो थर्मल थाना प्रभारी पिंकू कुमार और कथारा ओपी थाना प्रभारी राजेश कुमार प्रजापति वहां पहुंचे एवं घटना की जानकारी ली।

एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

## स्वयंसेवकों ने पूरे गांव में स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली

**नवीन मेल संवाददाता**

- इस शिविर में सक्रिय रूप से भाग ले रहे प्रमुख स्वयंसेवकों में रितिक उरांव, नीमा कुमारी, संध्या, फातिमा, राजीव, ज्ञानरंजन, रोशनी, श्रवण, संतोष, मनोरमा, सुमंती, अंकिता, होलिका सहित अनेक अन्य छात्र-छात्राएं शामिल हैं




**बेड़ो।** करमचंद भगत कॉलेज, बेड़ो के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा कथल टोली (दत्तक ग्राम) में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 14 जुलाई से 20 जुलाई 2025 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता फैलाना है। शिविर का उद्घाटन डॉ. नेहा टोप्पो (कार्यक्रम पदाधिकारी, इकाई-1) के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बिनोद सिंह, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. अब्दुल अयूब, परीक्षा नियंत्रक प्रो. अरविंद राणा बिलुंग, बर्सर डॉ. आशा रानी लकड़ा, कुरुख विभागाध्यक्ष प्रो. धीरज उराँव, नागपुरी विभाग के प्रो. रितेश सिंह, राजनीति विज्ञान के प्रो. अभिनीत तिर्की, भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. मीना पूर्ति, एवं NSS के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. पूनम कुमारी (इकाई-3) और प्रो. नितेश पासवान (इकाई-2) भी उपस्थित थे। कार्यक्रम पदाधिकारियों में मुख्य रूप से डॉ. नेहा टोप्पो, प्रो. पूनम कुमारी और प्रो. नितेश पासवान ने स्वयंसेवकों को शिविर के महत्व की जानकारी दी और सेवा भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उनकी सक्रिय उपस्थिति ने स्वयंसेवकों का मनोबल बढ़ाया। इस शिविर में सक्रिय रूप से भाग ले रहे प्रमुख स्वयंसेवकों में रितिक उरांव, नीमा कुमारी, संध्या, फातिमा, राजीव, ज्ञानरंजन, रोशनी, श्रवण, संतोष, मनोरमा, सुमंती, अंकिता, होलिका सहित अनेक अन्य छात्र-छात्राएं शामिल हैं।

## अमरेश्वर धाम का खुला पट, जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों की उमड़ी भीड़

**खूंटी।** पवित्र सावन माह के पहले सोमवार को लेकर बाबा अमरेश्वर धाम पूरी तरह सज-धज कर तैयार है. मंदिर प्रबंधन समिति के तत्वावधान में रविवार शाम भगवान भोले शंकर का भव्य श्रृंगार पूजन किया गया. इस अवसर पर कमेटी के श्रृंगार पूजन पदाधिकारी और सदस्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे. शाम होते ही यहां भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था. इधर, कमेटी की ओर से धाम परिसर में भक्तों के लिए कई इंतजाम किए गए हैं. कमेटी के सदस्य रविवार सुबह से ही धाम परिसर में लगे हुए हैं. पूरे परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है. कमेटी के अध्यक्ष लाल ज्ञानेन्द्रनाथ शाहदेव एवं महामंत्री मनोज कुमार ने बताया कि मंदिर समेत बनई नदी में भी लाइट की विशेष व्यवस्था की गई है. उन्होंने बताया कि सुबह साढ़े तीन बजे सरकारी पूजा के बाद मुख्य मंदिर का द्वार भक्तों के लिए खोल दिया गया. पहली सोमवार को पूजा करने को लेकर भक्त देर रात ही कतार में लग गए थे.

ललिता बरनवाल बनीं श्रावण क्वीन

## बरनवाल महिला समिति रांची ने मनाया श्रावण महोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राजधानी के कोकर स्थित स्वयंवर वाटिका में बरनवाल महिला समिति रांची की सदस्यों ने अध्यक्ष वीणा बरनवाल की अध्यक्षता में श्रावण महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत बुजुर्ग अभिभावकगण द्वारा दीप प्रज्वलित करने, संरक्षिका सदस्यों द्वारा माल्यार्पण करने और गायत्री मंत्रोच्चार के साथ हुई। अध्यक्षीय भाषण में अध्यक्ष वीणा बरनवाल ने खुशनुमा माहौल के बीच आज की सामाजिक-पारिवारिक परिस्थितियों पर चर्चा की और समस्याओं के निदान के लिए सामाजिक स्थानीय सदस्यों का आह्वान कर उनके घर जाकर समझा-बुझाकर दूर करने का प्रयास करने का संकल्प लिया। बरनवाल महिला समिति की सदस्यों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम राधा रानी और कृष्ण के गेटअप में प्रस्तुत किए गए। श्रावण क्वीन प्रतियोगिता में ललिता बरनवाल श्रावण क्वीन बनीं। उन्होंने आयोजन को सफल बताया। मंच संचालिका खुशबू बरनवाल और सत्या कंचन ने लोगों को बांधे रखा। सभी के बीच वापसी उपहार बांटे गए। कार्यक्रम की तैयारी सचिव पूर्णिमा प्रसाद, बबिता लाल, बबिता, निर्मला , सीमा, आशा, रेखा आदि ने की। लगभग 150 सदस्यों ने कार्यक्रम का आनंद लिया। आज के कार्यक्रम में सूप और स्वादिष्ट भोजन की भी व्यवस्था थी।

सावन महोत्सव में शिव भजन, लोकगीतों की बरसी फुहार

## साहित्योदय सावन महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




सावन की रिमझिम फुहार में साहित्योदय का पावन मंच भींग उठा। सावन पूर्णतया महाकाल शिव को समर्पित महीना होता है। भोलेनाथ स्वतः ही अपने भक्तों से रीझ जाते हैं वैसे ही साहित्योदय मंच से पहली सोमवारी के पावन दिवस में शिव भजन,सावन ,कजरी लोकगीत सुना कर भोलेनाथ को रिझाया और सावन महोत्सव का शुभारंभ किया। मंच संस्थापक पंकज प्रियम ने सभी को सावन की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का आगाज किया। रांची झारखंड की साहित्योदय रांची प्रभारी, होम्योपैथी बायोकेमिक चिकित्सक और साहित्यकार डॉ रजनी शर्मा 'चंदा' ने इस कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ सुरिन्दर कौर नीलम थीं और विशेष अतिथि के रूप में डॉ अर्चना पंडित इन्दौर मध्य प्रदेश से जुड़ी थीं जिन्होंने बहुत ही सुंदर और मधुर शिव वंदना की प्रस्तुति दी। भगवान शिव शंकर की स्तुति करते हुए पुष्पा पाण्डेय ,सुनीता श्रीवास्तव 'जागृति' एवं सविता गुप्ता ने सुंदर-सुंदर शिव भजन प्रस्तुत किया। मनभावन सावन की छटा से ओत-प्रोत पुष्पा सहाय 'गिन्नी' एवं रश्मि सिन्हा कविताओं एवं गीतों की प्रस्तुति दी। प्रयागराज, उत्तर प्रदेश से डॉ० शशि जायसवाल एवं लखनऊ से डॉ साधना मिश्रा लखनवी ने लोकगीत एवं कजरी की मनमोहक प्रस्तुति दी । जमशेदपुर झारखण्ड से पद्मा प्रसाद "विन्देश्वरी" एवं पूनम सिंह ने छंदबद्ध सुमधुर स्वर में शिव वंदना प्रस्तुत किया। श्रोता के रूप में कई साहित्य प्रेमी जुड़े रहे गीता चौबे गूंज एवं सीमा सिन्हा मैत्री ने सावन की सभी को शुभकामनाएं दी।

# न्यूज बॉक्स

## आगामी दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर दुर्गा पूजा समिति की हुई बैठक



रांची। रातू थाना अंतर्गत रिंग रोड सिमलिया, दलादली चौक समीप स्थित मां भगवती व हनुमान मंदिर परिसर में रविवार को दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जनार्दन ओझा ने किया। बैठक में उपस्थित माता के भक्तों ने दुर्गा पूजा को सुचारू रूप से कैसे मनाया जाए, इसकी तैयारी को लेकर चर्चा की। वहीं नई कमेटी का विस्तार भी किया गया। जिसमें संरक्षक– जनार्दन ओझा, अध्यक्ष– अभिषेक मिश्रा, वरीय उपाध्यक्ष– सत्येंद्र नारायण शर्मा, उपाध्यक्ष– रामाशीष शर्मा, शशि भूषण ओझा, सचिव– बीरेंद्र सिंह, सह सचिव– सुजीत प्रसाद, जितेंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष– प्रदीप कुमार, सह कोषाध्यक्ष– रितेश सिंह, मीडिया प्रभारी– सुनील कुमार सिंह, कार्य समिति सदस्य– अमरजीत कुमार, गणेश श्रीवास्तव, निरंजन भगत, राज नंदन सिन्हा, नवीन कुमार, शंकर भगत, विभूति नाथ झा, गौतम राय, बब्बन सिंह, अशोक दुबे, अमरदीप, रंजीत राय, सोरेन शर्मा, अनंत कुमार को बनाया गया। बैठक में सभी पदाधिकारीगण, सदस्यगण एवं बुद्धिजीवी माता के भक्तों ने दुर्गा पूजा पंडाल को आकर्षक बनाए जाने से लेकर पूजा को भव्य रूप से कैसे दिया जाए, इस पर आने वाले खर्च की वहन, आदि विषयों पर ने अपना अपना विचार रखे।

## लायंस क्लब ने छाता और रेनकोट का किया वितरण



**रांची।** रांची लायंस क्लब ने सोमवार को जगन्नाथपुर स्थित बिरसा शिक्षा निकेतन परिसर में छाता और रेनकोट का वितरण किया। कार्यक्रम में लगभग डेढ़ सौ छातों का वितरण जरूरतमंद बुजुर्गों, महिलाओं एवं दिव्यांग लोगों के बीच किया गया। इस अवसर पर क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष दिलीप बंका ने खुद वितरण कार्य में भाग लेते हुए कहा कि बारिश के इस मौसम में जरूरतमंदों की सहायता करना क्लब का सामाजिक दायित्व है। इसलिए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि पदभार ग्रहण करने के बाद आज पहला कार्य किया है। आगे भी जनसेवा करते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन चेयरपर्सन अनुज कुमार सहाय ने किया। कार्यक्रम में बिरसा शिक्षा क्लब के सचिव अनिल, कुमार गोयल, पूर्व अध्यक्ष लायन हरविंदर

## फॉगिंग और एंटी लार्वा दवा का नियमित छिड़काव हो : रवींद्र कुमार

**रांची।** रांची नगर निगम के उप प्रशासक रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को डेंगू, मलेरिया आदि रोकने के लिए चल रहे अभियान की समीक्षा की गई। इस कार्य में गति देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। ज्ञात हो कि मॉनसून के दौरान डेंगू, मलेरिया व अन्य मच्छर जनित बीमारियों की संभावनाओं को देखते हुए रांची नगर निगम इसकी रोकथाम के लिए विशेष अभियान चला रहा है। बैठक में नगर निगम के उप प्रशासक रवींद्र कुमार ने कहा कि सभी वार्डों में नियमित रूप से सुबह-शाम फॉगिंग कार्य किया जा रहा है। यह सुनिश्चित करें कि फॉगिंग एवं एंटी लार्वा दवा का नियमित छिड़काव प्रत्येक क्षेत्र में हो। जल-जमाव वाले क्षेत्रों, नालियों, और गड्ढों में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव अवश्य करे। स्वच्छता अभियान चलाते हुए नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई आदि कार्य सुनिश्चित करें। उप प्रशासक ने कहा कि नागरिकों को जागरूक करने के लिए जन-भागीदारी को पंपलेट वितरण, माइकिंग व वार्ड स्तर पर प्रतिदिन बैठक का आयोजन किया जाए। साथ ही, सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी एवं स्वच्छता की टीम विभिन्न वार्डों का निरीक्षण एवं उचित कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि फॉगिंग से संबंधित प्रत्येक दिन का रोस्टर रांची नगर निगम के सोशल मीडिया पेज पर अपलोड किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपने क्षेत्र में होने वाले फॉगिंग कार्य के बारे जानकारी रहे। इस मौके पर मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए पंपलेट लांच किया गया, जिसे आम नागरिकों के बीच वितरण करने का निर्देश दिया गया। कहा गया कि घरों में कूलर, गमले, टंकी आदि में पानी जमा न होने दें। घर में साफ-सफाई बनाए रखें और निगम की टीम का सहयोग करें। किसी भी शिकायत के लिए रांची नगर निगम के टोल फ्री नंबर 18005701235 पर संपर्क करें। बैठक में

## छात्रवृत्त समस्याओं को लेकर प्रधान लिपिक को सौंपा मांग पत्र



बेड़ो। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बेड़ो इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगरमंत्री विक्रम कुमार महतो के नेतृत्व में करमचन्द भगत महाविद्यालय में छात्रवृत्ति से संबंधित समस्या को लेकर मुख्य लिपिक को प्राचार्य के नाम एक ज्ञापन सौंपा और कहा कि शैक्षणिक सत्र-2022-2026 के विद्यार्थियों को वर्ष 2024-2025 में मिलने वाले छात्रवृत्ति में कल्याण विभाग से होने वाले समस्याओं को कॉलेज प्रशासन के माध्यम से अनुशंसा करते हुए त्वरित समाधान किया जाए। जिससे कि सभी छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से लाभान्वित हों। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से अभाविप के नगर सहमंत्री - दिवाकर महतो, हेमंत कुमार, अनूप गोप, मन्नू सिंह, समरिन प्रवीण, नुसरत प्रवीण, सुरैया प्रवीण, नर्गिस नाज़ एवं कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## महिला से दिनदहाड़े चेन स्नैचिंग, सीसीटीवी में कैद

बोकारो। सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर 3 डी में सोमवार को बाइक सवार अपराधियों ने दिनदहाड़े एक महिला से गले की चेन छीन ली। पीड़िता नीरा सिंह, सदर अस्पताल बोकारो के एचआईवी विभाग में काउंसलर के पद पर कार्यरत हैं। घटना उस समय हुई जब नीरा सिंह मंदिर से पूजा कर लौट रही थीं। तभी पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने झपट्टा मारकर उनकी चेन छीन ली और फरार हो गए। वारदात पूरी तरह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसकी मदद से पुलिस जांच में जुटी है।

### पदयात्रा कर विधायक ने मनोकामनेश्वर मंदिर में किया जलार्पण

# विधायक ने क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि के लिए की कामना

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रावण की पहली सोमवारी के अवसर पर प्रखंड परिसर स्थित मनोकामनेश्वर बाबा पर जलार्पण करने के लिए शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी. अहले सुबह विधायक मनोज कुमार यादव अपने समर्थकों संग बराकर नदी से जल उठाकर पदयात्रा करते हुए मनोकामनेश्वर मंदिर पहुंचे. जहां पुरोहित अनुज पांडेय उर्फ छोटू पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान भोले का जलाभिषेक करवाया. इस दौरान विधायक श्री यादव ने क्षेत्र में सुख, समृद्धि, शांति और निरंतर विकास की कामना किया. विधायक के साथ पदयात्रा और जलार्पण करने वालों में जिप उपाध्यक्ष किसून यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पश्चिमी भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी, राजकुमार यादव, बलराम केसरी, अमित ऊर्फ पमपम, भूपेंद्र यादव, राजकुमार केसरी, मनितोष यादव आदि कई शिव भक्त शामिल थे. श्रावण की पहली सोमवारी पर प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में पहले सुबह से ही ॐ नमः शिवाय, बोल बम जैसे नारे गूंजने लगे थे. जो देर रात तक चलता रहा. इस अवसर पर शिवालयों को रंग बिरंगे इलेक्ट्रॉनिक्स बल्ब से सजाया गया था. कहीं सार्वजनिक प्रसाद वितरण तो कहीं भंडारे का आयोजन किया गया था. भोले बाबा के भजन की मधुर संगीत से पूरा क्षेत्र शिवमय हों गया था.

### स्कूल में चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन

## बेहतर करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सोमवार को स्थानीय श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में चित्रांकन प्रतियोगिता (आइसक्रीम स्टिक का प्रयोग करके)का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा प्रथम एवं द्वितीय वर्ग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन बच्चों ने आइसक्रीम स्टिक से से विभिन्न प्रकार की पेंटिंग जैसे घर, आइसक्रीम आदि की खूबसूरत आकृतियों को बनाकर सादे कागज पर चिपका कर उन में रंग भरे। इस प्रतियोगिता में बच्चों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। कक्षा प्रथम अ से प्रथम पुरस्कार तरलीन कौर को द्वितीय पुरस्कार यश शंकर को, तृतीय पुरस्कार अगमजोत सिंह को, कक्षा प्रथम ब से प्रथम पुरस्कार भावेश कुमार को, द्वितीय पुरस्कार परिणीति राज को, तृतीय पुरस्कार अन्वी कुमारी को, कक्षा प्रथम स से प्रथम पुरस्कार संवि कुमारी पांडे को द्वितीय पुरस्कार शिवम गुप्ता को तृतीय पुरस्कार दिव्यांशी को दिया।

### स्कूल में चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन

## बेहतर करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सोमवार को स्थानीय श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में चित्रांकन प्रतियोगिता (आइसक्रीम स्टिक का प्रयोग करके)का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा प्रथम एवं द्वितीय वर्ग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन बच्चों ने आइसक्रीम स्टिक से से विभिन्न प्रकार की पेंटिंग जैसे घर, आइसक्रीम आदि की खूबसूरत आकृतियों को बनाकर सादे कागज पर चिपका कर उन में रंग भरे। इस प्रतियोगिता में बच्चों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। कक्षा प्रथम अ से प्रथम पुरस्कार तरलीन कौर को द्वितीय पुरस्कार यश शंकर को, तृतीय पुरस्कार अगमजोत सिंह को, कक्षा प्रथम ब से प्रथम पुरस्कार भावेश कुमार को, द्वितीय पुरस्कार परिणीति राज को, तृतीय पुरस्कार अन्वी कुमारी को, कक्षा प्रथम स से प्रथम पुरस्कार संवि कुमारी पांडे को द्वितीय पुरस्कार शिवम गुप्ता को तृतीय पुरस्कार दिव्यांशी को दिया। कक्षा द्वितीय अ में नव्या गुप्ता प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार ईशीत जयसवाल को, तृतीय पुरस्कार अभय कुमार गुप्ता को, द्वितीय ब से प्रथम पुरस्कार आरुष कश्यप को, द्वितीय पुरस्कार मनकीरत सिंह को, तृतीय पुरस्कार जरा फिरदौस को, द्वितीय स से प्रथम पुरस्कार अनुज पांडे को, द्वितीय पुरस्कार सिमरन कुमारी को, तृतीय पुरस्कार अरनव राज को प्रदान किया गया।

### मानव विकास संस्था की पहल पर पहाड़ के पानी को मोड़कर खेतों में पहुंचाया

# कृषि कार्य में ग्रामीणों को होगी सुविधा : बीरबल



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चेचकपी पंचायत स्थित ग्राम लस्करी के समीप पहाड़ का पानी यत्र तत्र बह कर बेकार हो जाता था ।विदित हो कि लस्करी पहाड़ की तलहटी में बस एक छोटा सा गांव है। जहां कुछ दिनों पूर्व मानव विकास संस्था की टीम द्वारा स्थल पर सर्वे किया गया। इसके लिए गांव के किसान एवं महिला मंडल के साथ संस्था के कर्मियों ने बैठक की तथा निर्णय लिया कि पहाड़ का पानी जो यत्र तत्र बह जाता है ,को मोड़कर गांव के खेतों में पहुंचाया जाए ।इसके लिए ग्रामीणों ने मानव विकास संस्था की टीम को सशरीर सहयोग किया और आपसी श्रमदान कर पानी को मोड़कर खेतों तक पहुंचा। इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्था के सचिव बीरबल प्रसाद मेहता ने बताया कि इस कार्य के पूर्ण हो जाने से गांव में कृषि कार्य के लिए पानी की कमी नहीं होगी। अभी ग्रामीण पहाड़ के पानी से धान का बिचड़ा तैयार कर चुके हैं तथा धान रोपाई की तैयारी जोरों से कर रहे हैं। किसानों का कहना है खेती करने में हमलोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था जो अब काफी सहूलियत होगी। बरसात के दिनों में भी यहां पानी की काफी तकलीफ होती है जो खेती लायक पानी नहीं मिल पाता था। ग्रामीणों का कहना है कि अब फसलों में भी काफ वृद्धि होगी। इस नेक कार्य के लिए ग्रामीणों ने संस्था के सदस्यों को धन्यवाद दिया।

## जिले में डेंगू के डंक से लोग दहशत में

**हजारीबाग ।** हजारीबाग में डेंगू के डंक के डंक से लोग दहशत में है। अब तक दो लोग शिकार हो चुके हैं। लेकिन लोगों में डर इस कदर घर कर गया है कि बुखार होते ही लोग डॉक्टर से खुद डेंगू से बचाव ब्लड टेस्ट करने का आग्रह करने लगते हैं। वैसे स्वास्थ्य महकमा हाई अलर्ट पर है। शहर में 1000 घरों में सर्वे कर सर्वेलेंस का कार्य किया गया है। बावजूद लोग डर के साये में जी रहे है। जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ कपिल मुनि रहते हैं कि डेंगू मरीज के ईलाज के लिए केवल पेरासिटामोल दवाई है और कोई इलाज नहीं है। वही बुखार से पीड़ित मरीज इस सच्चाई से संतुष्ट नहीं होते हैं और बेहतर इलाज को लकर प्राइवेट डॉक्टर और अस्पताल के पास जा रहे हैं। जो मरीज को इलाज के नाम पर डरा भी रहे हैं। इस कारण प्राइवेट अस्पताल ऐसे मरीजों से भरे पड़े हैं। निजी अस्पतालों में औसतन रोजाना पांच से छह मरीजों के भर्ती होने की पुष्टि हो रही है। जबकि सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले दो महीने में डेंगू के दो मरीज पाए गए हैं। इसमें एक मरीज शहर के खिरगांव मोहल्ले का है। जबकि बार दूसरा बरकट्ठा का है।

# हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रमागढ़।** सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदधिकारी पतरातू गौरव गोस्वामी द्वारा मंगलवार को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। हत्या में शामिल आरोपी के पकड़े जाने की जानकारी दी। उन्होंने बता प्रेस वार्ता में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक मो० सयूब अंसारी, पिता- स्व० कमालुद्दीन अंसारी, ग्राम- डुडगी, थाना- पतरातु (बरकाकाना), जिला- रामगढ़ के द्वारा 6 जुलाई को शाम में उनके पुत्र सऊद, उम्र- 24 वर्ष के गुम हो जाने के संबंध में 8 जुलाइ को बरकाकाना ओपी में एक आवेदन दिया गया था। बताया कि आवेदन के आधार पर जांच के क्रम में 11 जुलाई को ग्राम पीरी स्थित अमान अंसारी के बन्द पड़े चिमनी ईंट भट्ठा के डग से सऊद को पकड़ा गया। तत्पश्चात 11 जुलाई को मो० सयुब द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध मिलकर इनके पुत्र की हत्या कर उसके शव को अमान अंसारी के चिमनी ईंट भट्ठा के डग में छुपाने के आरोप में दिये गये आवेदन के आधार पर पतरातू (बरकाकाना) थाना कांड सं0- 177/25, -11/07/2025, धारा- 103(1)/238/3 (5) बीएनएस दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के मार्गदर्शन में एवं सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में 13 जुलाई को अभियुक्त आफताब अंसारी, पिता- मो शाहीद अंसारी, ग्राम पीरी से सख्ती से पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपना अपराध को स्वीकार करते हुए बताया कि वह और एबाद उर्फ आबाद दोनों पूर्व में ग्राम पीरी के अमान अंसारी के चिमनी ईंट्र भट्ठा में दो वर्ष पूर्व काम कर चुके हैं।

## सुभाष प्रजापति को बड़कागांव पुलिस ने भेजा जेल

**बड़कागांव।** थाना क्षेत्र के पिपराडीह गांव निवासी दिनेश प्रजापति का अपहरण के बाद हत्या के आरोप में बड़कागांव थाना कांड संख्या 180/ 25 के नामजद अभियुक्त सुभाष प्रजापति को बड़कागांव पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि दिनेश प्रजापति की पत्नी संगीता देवी द्वारा 8 जुलाई 2025 को पैसा लेनदेन को लेकर पति दिनेश प्रजापति को अपहरण करने का आरोप सुभाष प्रजापति पिता महेश प्रजापति पर लगाई थी। दर्ज मामले के आलोक में अपहरण दिनेश का खोजबीन करते हुए दस जुलाई को अभियुक्त सुभाष प्रजापति के घर समीप बदमाशी नदी के पास स्थित एक कुआं से लापता युवक दिनेश प्रजापति के शव को बरामद किया गया था।

# सावन की पहली सोमवारी शिवालयों में उमड़ी भीड़

**हजारीबाग।** सावन की पहली सोमवारी जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण इलाकों के शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। शिवभक्त सबह से शिवालयों में पहुंचने लगे थे। पहली सोमवारी को लेकर कई शिव मंदिरों को सजाया गया था। भक्तों की सुविधा के लिए इंतजाम भी किये गए थे। जलाभिषेक को लेकर लोग कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए।बारी आने पर दूध जलाभिषेक कर चंदन अक्षर चढ़ाया। फूल बेलपत्र और धूप दीप अर्पित किया और भोग लगाया। सोमवारी को लेकर महिलाओं में ज्यादा उत्साह दिखा। महिलाओं ने सोमवारी उपवास कर पूजा अर्चना की। पंच मंदिर, श्री सत्यनारायण मंदिर सहित कई शिवामंदिरों में महिलाओं की टोली कीर्तन भजन करती नजर आई।वही कई भक्तों ने सावन सोमवारी के पावन मौके पर रुद्राभिषेक किया। प्रथम सोमवारी को भगवान शिव को प्रसन्न करने महामृत्युंजय जप का अनुष्ठान किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर कई शिव मंदिरों मे पुलिस बल तैनात थे। यातायात नियंत्रण को लेकर बुढ़वा महादेव मन्दिर के पास बेरेकेटिग कर दी गई थी। कई शिव मंदिरों के पास फूल, बेलपत्र, धूप दीप के दुकान खुले थे। कई समाज सेवियों ने दूध, गंगाजल, फूल, बेलपत्र आदि वितरण करते नजर आए। शहर के बुढ़वा महादेव मंदिर, पिपलेश्वर महादेव, मनोकामना शिव मंदिर खजांची तालाब, डीवीसी शिवालय, विष्णुपुरी शिव मदिर सहित प्रमुख शिवालयों मे भक्तों ने जलाभिषेक कर मंगल जीवन की कामना की। वही प्रथम सोमवारी के मौके पर दर्जनों कावरिया बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुए।

## सड़क को लेकर आक्रोश में ग्रामीण जनप्रतिनिधियों पर निकाली भड़ास

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय से पांच किलोमीटर और गोरहर थाना भवन के उत्तर दिशा में शिलाडीह, बनवारी, डोंडहरा, लगनवां जाने वाली सड़क निर्माण नहीं होने पर एमपी, एमएलए के उदासीन रवैये को लेकर शिलाडीह पंचायत सचिवालय में ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता मुखिया निजाम अंसारी और संचालन समाजसेवी सुनील पांडेय ने की। बैठक में रोड नहीं बनने पर एमपी एमएलए के आश्वासन पर ग्रामीण खूब भड़के और अपनी भड़ास निकाली। लोगों ने खुद सड़क को आने जाने लायक श्रमदान कर बनाने का निर्णय लिया है। मालूम हो कि जीटी रोड स्थित गोरहर थाना से शिलाडीह गांव की दूरी करीब तीन किलोमीटर है। इस रोड को आरईओ विभाग से दो दशक पूर्व पक्की सड़क बनाया गया। लेकिन अब यह सड़क नहीं बल्कि गड्ढे, कीचड़ और जलजमाव का स्थान बन गया है।

# विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रथम बैठक का आयोजन



**रामगढ़।** 14 जुलाई को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में प्रबंधन समिति की प्रथम बैठक किया गया। इसके बाद प्रबंधन समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें शपथ दिलाया गया। मौके पर विद्यालय समिति के सभी सदस्यों स्मार्ट क्लास का अवलोकन किया और उसके अनुसार छात्र-छात्राओं से प्रश्नोत्तर किया। इसके बाद विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी की गई। प्रोजेक्ट में प्रथम स्थान सोनम कुमारी और द्वितीय स्थान आदर्श कुमार को प्राप्त हुआ । सोनम कुमारी को विद्यालय ्रपबंधन समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष मनीता देवी और आदर्श कुमार को उपाध्यक्ष उषा देवी द्वारा डॉ सुनील कुमार कश्यप के सौजन्य पुरस्कृत किया गया। प्रधानाध्यानक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कहा कि समिति के सभी सदस्य और पदाधिकारी जिस पोषक क्षेत्र में आप रहते हैं उसे क्षेत्र के बच्चों को शत प्रतिशत विद्यालय में उपस्थित कराने में सहयोग करें । विद्यालय में जो क्लास वर्क दिया जाता है बच्चे नहीं करते हैं उनका घर में करवा कर भेजें । आप सभी बरसात को ध्यान में रखकर बच्चों को साफ रहने की सिख दें। ताकि वे स्वस्थ्य रहें और नियमिति स्कूल आएं। इस अवसर पर विद्यालय के सहायक शिक्षक शारदानंद शर्मा, गौतम कुमार गुप्ता, जेठालाल मांझी और बाल संसद के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अब प्रत्येक मंगलवार को लगेगा जनता दरबार, शुभारंभ आज


# अपनी समस्याओं का आवेदन जमाकर पंजीकरण रसीद प्राप्त करेंगे : एसडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही ।** विभागीय कार्यों के क्रियान्वयन व जन समस्याओं के समाधान को लेकर अब प्रत्येक मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा. जिसका शुभारंभ एसडीओ जोहन टुडू मंगलवार को नगर भवन बरही से करेंगे. उक्त जानकारी बीडीओ जयपाल महतो ने पत्र निर्गत कर दी. दरबार पूर्वाहन 11:00 से प्रारंभ होगा जो जन सुनवाई लोगों का आवेदन पत्र जमा किया जाएगा। इस दरबार में शिक्षा, कृषि व पशुपालन, मनरेगा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, भूमि व राजस्व, पंचायती राज, सांख्यिकी, आपूर्ति, कल्याण, जेएसएलपीएस, आवास आदि सहित विभिन्न विभाग के स्टॉल होंगे. जहां जनता अपनी समस्याओं का आवेदन लिखित रूप से स्टॉल में उपस्थित अधिकारियों/कर्मियों को देकर पंजीकरण रसीद प्राप्त करेंगे. प्राप्त समस्याओं को प्राथमिकता के साथ ऑन द स्पॉट समाधान करने के प्रयास किए जायेंगे. दरबार संबंधीत सूचना संबंधित विभाग के पदाधिकारी को देते हुए ससमय दरबार में अपने स्टॉल पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है. इसके साथ हीं प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों से भी जनता दरबार में उपस्थिति की अपील की गई है. जनता दरबार लगने से लोगों को काफी लाभ पहुंचेगा और समस्याओं का हल भी किया जाएगा। कई ग्रामीण ऐसे भी होते हैं जो कार्यालय तक नहीं पहुंचा पाते और उनकी समस्याओं को सुनने वाला भी कोई नहीं होता है लेकिन अब ऐसा नहीं होगा जो वंचिच रहेंगे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ व सुपरवाइजर को मिला प्रशिक्षण




**बरही ।** चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदाता पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं. सोमवार को प्रखंड के सभी बीएलओ व सुपरवाइजर को मतदाता सूची पुनरीक्षण व मतदाता सत्यापन संबधित प्रशिक्षण दिए गए. सभी बीएलओ को 18 वर्ष पूरा करने वाले सभी युवकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के निर्देश दिए गए. एक से ज्यादा बूथ पर नामित मतदाताओं के नाम को मतदाता के स्वेच्छानुसार हटाते हुए सिर्फ एक मतदान केन्द्र पर रखने की बात कही गई. साथ हीं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम को पूरी तरह सत्यापन के बाद हीं जोड़ने या विलोप करने के निर्देश दिए गए. इसके लिए उपस्थित लोगों को मतदाता सत्यापन के पूर्व किए जाने वाले जांच से संबंधित आवश्यक विंदुओ की जानकारियां दी गई. प्रशिक्षण एआरओ सह बीडीओ जयपाल महतो की उपस्थिति में बीपीआरओ सवाना मांझी ने दी. इस दौरान बीडीओ ने स्वतंत्र व पारदर्शी चुनाव संपन्न करवाने सभी बीएलओ व पर्यवेक्षक को उनकी जिमेवारी का बोध कराते हुए निष्ठापूर्वक कार्य करने का निर्देश दिया. बीपीआरओ ने प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित लोगों को मतदाता पुनरीक्षण के दौरान पूरी सावधानी बरतने की बात कही. इस कार्यक्रम में पर्यवेक्षक गणेश कुमार दास, पर्यवेक्षक आदि मौजूद थे.

# न्यूज बॉक्स

## अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम की प्रखंड कमेटी की हुई बैठक



**बरकट्ठा।** अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम (एएसएसबीडी) का बरकट्ठा प्रखंड स्तरीय सम्मेलन आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एएसएसबीडी के केंद्रीय सदस्य मनोतन मोहन हांसदा ने की, जबकि संचालन समाजसेवी किशुन हांसदा ने किया।इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि एएसएसबीडी के दिशोम जोगवा (केंद्रीय कोषाध्यक्ष) तथा मनोतन दीपक टुडू उपस्थित हुए। उपस्थित लोगों ने संगठन की गतिविधियों एवं समाज के उत्थान को लेकर अपना अपना विचार रखा। सम्मेलन में दुर्गा बास्के, अनिल टुडू, सुजान बास्के, प्रकाश टुडू, राम सहाय मांझी, रामकुमार मुर्मू, सिकंदर मरांडी समैत कई लोग मौजूद थे। सभी ने समाज में एकता, जागरूकता और अधिकारों के प्रति सजगता की आवश्यकता पर बल दिया।

## धार्मिक पर्यटन स्थल रामराज मंदिर के लिए गोरहर से 19 श्रद्धालु हुए रवाना



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गोरहर से श्रद्धालुओं का जत्था धार्मिक पर्यटन स्थल रामराज मंदिर, धनबाद यात्रा के लिए रवाना हुआ।इस निमित गोरहर निवासी बैजनाथ महतो के नेतृत्व में एक सवारी वाहन और एक बोलेरो से 19 लोग स्नान व पूजा पाठ के लिए उक्त स्थल के लिए रवाना हुए। बैजनाथ महतो ने बताया की प्रकृति की गोद में बसा धनबाद जिला क्षेत्र का रामराज धाम अत्यंत ही मनोरम है ।लोगों की मान्यता है कि यहॉ पूजा पाठ करने से सभी मनोकामना पूर्ण होती है। रवाना होने वाले श्रद्धालुओं में मुख्य रूप से रूबी देवी, गीता देवी, पुनिया देवी, सुमित्रा कुमारी,भगिया देवी , रुकवा देवी, शांति देवी, पार्वती देवी,मेघानी देवी,अनु कुमारी, नीतू कुमारी, पायल कुमारी ,मीनाक्षी कुमारी ,सविता कुमारी, समेत अन्य लोग शामिल थे।

## आदिवासी समाज के शिष्टमंडल ने पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष से की मुलाकात



**बरकट्ठा।** भारत जकात मांझी परगना महल का एक शिष्टमंडल राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव से मुलाकात की। शिष्टमंडल में शामिल भारत जकात मांझी के प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा और सचिव मनोज मुर्मू जानकी प्रसाद यादव से भेंट कर बुके देकर स्वागत किया एवं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष मनोनयन पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि जानकी प्रसाद यादव एक जुझारू नेता हैं। अपने कार्यकाल में विधायक के रूप में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में काफी विकास किया। उम्मीद है पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष बनने पर इस क्षेत्र में भी बेहतर कार्य करेंगे। मुलाकात व बधाई देनेवाले में महेंद्र मुर्मू,रामु मरांडी समेत आदि लोग शामिल थे।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत सुकर व बकरा-बकरी का किया गया वितरण



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के सीरु पंचायत भवन परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत सुकर (सूअर) एवं बकरा-बकरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश एवं पशुपालन पदाधिकारी डॉ शशि सिन्हा उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने एवं पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने लाभुकों से आग्रह किया कि वे दिए गए पशुओं की उचित देखभाल करें ताकि इसका पूर्ण लाभ मिल सके। पशुपालन पदाधिकारी डॉ. शशि सिन्हा ने पशुओं की देखरेख, टीकाकरण एवं पोषण से जुड़ी जानकारी साझा करते हुए बताया कि विभाग द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण एवं चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। सभी लाभुकों को पशुओं के साथ-साथ आवश्यक दवाएं एवं पशुपालन संबंधी सुझाव भी प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम सरकार की सशक्त ग्रामीण समृद्ध झारखंड की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम सिद्ध हो रहा है।

## शहर से गांव तक ब्राउन शुगर का फैलता कारोबार से आमजन परेशान

**हजारीबाग ।** शहर से गांव तक ब्राउन शुगर का कारोबार का जाल इस कदर बिछ चुका है। जिसे तोड़ पाना जिला और पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है। नशा के कारोबार से आमजन काफी परेशान हो रहे हैं, इसलिए चोरी और छितई का मामला बढ़ गया है। जिला प्रशासन ने 10 जून से 26 जून तक नशामुक्ति अभियान चलाया था। लेकिन यह बेअसर रहा। किशोर और यूवाओं में कोई व्यवहार परिवर्तन नहीं हुआ। जिले में ब्राउन शुगर का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और सभी थानों में लगातार इस बाबत शिकायत पहुंच रही है। जिससे ब्राउन शुगर के तेजी फैल रहे कारोबार और युवाओं के चपेट में आने का खुलासा हो रहा है। अभिभावक भी अपने ऐसे ड्रग्स एडिट बच्चों से परेशान है। वह पैसे के लिए घर मे लड़ाई झगडे करने लगते हैं। कई बच्चों तो घर से पैसे की चोरी भी कर लेते है। ब्राउन शुगर के फैलते कारोबार से ज्यादातर किशोर और युवा इसकी जद मे आ रहे हैं। पुलिस भी लगातार कार्रवाई कर रही है। दर्जनों लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं भारी मात्रा में ब्राउन शुगर भी जप्त किया गया है। लेकिन ब्राउन शुगर के कारोबारियों का नेटवर्क इस कदर फैला है कि वह पुलिस की चौकसी के बावजूद रांची, खूंटी, चतरा से ब्राउन शुगर लाकर खपा रहे है।

## सावन की प्रथम सोमवारी पर केतुंगा धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, हुआ श्रावणी मेले का उद्घाटन

# शिव मंदिरों में गूंजे 'बोल बम' के जयकारे, दर्शन की लंबी कतारें

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** सावन मास की प्रथम सोमवारी के अवसर पर बानो प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध केतूंगा धाम शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हजारों की संख्या में कावंरियों और भक्तों ने देव नदी से जल लेकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और विधिवत पूजा-अर्चना की। बारिश के बावजूद क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से शिवभक्तों की आस्था देखते ही बन रही थी।श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रबंधन समिति ने विशेष व्यवस्था की थी। मंदिर के पट सुबह 4 बजे ही श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए थे। महिला और पुरुष कावंरियों के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गई थीं, जिससे श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन प्राप्त हो सके।पहली सोमवारी के साथ ही एक माह तक चलने वाले श्रावणी मेले का भी विधिवत उद्घाटन किया गया। मेले और पूजा को सफल बनाने में केतूंगा धाम न्यास समिति के ओमप्रकाश साहू, रोहित साहू, दिलीप पंडा, सुकरा केरकेट्टा, मनोज गोस्वामी, कृष्णा सिंह समेत अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।उधर, हुरदा के कांवड़ियों ने 'बोल बम' के जयघोष के साथ अनाई नदी से जल लेकर पैदल यात्रा की और हुरदा शिव मंदिर में जल अर्पित कर पूजा की। वहीं, केवेगुटू और सोडा के शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। लचरागढ़ शिव मंदिर में भी भक्तों ने श्रद्धा से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की।इस पावन अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच, लचरागढ़ की ओर से सेवा शिविर लगाया गया, जिसमें भक्तों के बीच चाय और बिस्कुट का वितरण किया गया। सेवा कार्य में मंच के रिकी अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल, नीतीश गोयल, मनीष सिंगोदिया, अंकित अग्रवाल और विवेक अग्रवाल शामिल रहे।

## कैलाश धाम कर्रामुंडा में सावन की पहली सोमवारी पर गूंजे 'बोल बम' के नारे





● शंख नदी से जल लेकर श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का किया जलाभिषेक

**बोलबा।** सावन माह की पहली सोमवारी पर ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध तीर्थस्थल कैलाश धाम कर्रामुंडा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। शंख नदी तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कर पंडित परमेश्वर पंडा के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं ने जल उठाया और कांवर यात्रा के साथ 'बोल बम' के जयकारों से पहाड़ी मंदिर तक पहुंचे।भक्तों ने बाजा-गाजा के साथ पर्वतीय मार्ग से चढ़ाई कर नागेश्वर भोलेनाथ, काली माता, गणेश भगवान, भैरव बाबा, अष्टम माता समेत अन्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की। सामूहिक रूप से जलाभिषेक कर उन्होंने सावन की प्रथम सोमवारी का पुण्य लाभ अर्जित किया।इस अवसर पर मंदिर परिसर और पूरी पहाड़ी को झंडों व सजावट से सजाया गया था। समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं भंडारा का भी आयोजन किया गया था।कांवर यात्रा में बोलबा, समसेरा, कुंदूरमुंडा, कसीरा, बरघाट, कर्रामुंडा, मरारोमा, कदमडीह, कोरोमिंया सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।मौके पर नारायण सिंह, सुखदेव सिंह, रामप्रसाद बेहरा, जितेंद्र बेहरा, मोतीराम बेहरा, जीरा बाई, सुषमा देवी सहित दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गोसाईंटोली शिवालय में सावन की प्रथम सोमवारी पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा।** सावन माह की पहली सोमवारी पर नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या 12 स्थित गोसाईंटोली (खैरनटोली) के प्राचीन शिवालय में श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।प्रातः 6:00 बजे नव युवक कांवड़िया संघ, गोसाईंटोली के नेतृत्व में सैकड़ों श्रद्धालु वाहनों से शंख नदी संगम तट पहुँचे। वहां विधिपूर्वक स्नान कर श्रद्धालुओं ने आकर्षक कांवड़ सजाया और 'बोल बम' के जयघोष करते हुए पूरे शहर में भक्ति यात्रा निकाली। धार्मिक गीतों पर थिरकते हुए सभी श्रद्धालु गोसाईंटोली शिवालय पहुँचे, जहां भगवान शिव को जल अर्पित किया गया।कांवड़ यात्रा के उपरांत आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के बीच चाय और पाव का वितरण किया गया। इस धार्मिक आयोजन में सीताराम दास ने यात्रा की अगुवाई की, जबकि राम दास, प्रेमचंद राम, कमल केरकेट्टा, मुकेश दास, अश्विन केरकेट्टा, गौतम दास, अजय मांझी, बालकेश्वर प्रधान, सुरेंद्र मांझी, प्रसाद साहू, बिरेंद्र मांझी और गणेश नायक की सक्रिय भूमिका रही।भारी बारिश के बावजूद यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ और स्थानीय पुलिस प्रशासन ने भी सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

## ठेठईटांगर में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट 18 अगस्त से

**नवीन मेल संवाददाता**



● चौथी बार मोहम्मद कयूम बने अध्यक्ष

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर में आगामी 18 अगस्त से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन-4 का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने की, जिसमें सर्वसम्मति से मोहम्मद कयूम को एक बार फिर अध्यक्ष चुना गया।इस टूर्नामेंट में झारखंड, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ की प्रमुख फुटबॉल टीमें भाग लेंगी। सभी मुकाबले अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप खेले जाएंगे, जिनके संचालन के लिए रांची से विशेषज्ञ रेफरी बुलाए जाएंगे। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच 18 अगस्त को प्रखंड मैदान, ठेठईटांगर में खेला जाएगा।आयोजन समिति में खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा, कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी, बीडीओ, सीओ व थाना प्रभारी ठेठईटांगर, सांसद प्रतिनिधि अमित डुंगडुंग, विधायक प्रतिनिधि शमी आलम और रावेल लकड़ा को संरक्षण पदाधिकारी बनाया गया है।संयोजक मुमताज आलम, सचिव अशफाक आलम, उपसचिव असजद अफरीदी, कोषाध्यक्ष नरेंद्र बड़ाik, उपाध्यक्ष संजय प्रसाद एवं तबरेज आलम को नियुक्त किया गया है।प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक टीमें 10 अगस्त 2025 तक अपना पंजीकरण करा सकती हैं। संपर्क के लिए:भारत फैशन, ठेठईटांगर – 9905095103, झारखंड स्पोर्ट्स, सिमडेगा – 7792266542, पिंटू मेडिकल 8825174942 प्रतियोगिता में एंट्री फीस 8100 रखी गई है। खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था आयोजकों द्वारा की जाएगी।विजेता टीम को 2,01,111 एवं उपविजेता को 1,31,111 की नकद राशि दी जाएगी। साथ ही मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज और अनुशासित टीमों को भी सम्मानित किया जाएगा।बैठक में तबरेज आलम, संजय प्रसाद, तहसीन मोहम्मद, राजा मोहम्मद, अरशद सहित आयोजन समिति के अनेक सदस्य उपस्थित थे। सभी ने प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु कार्यों का बंटवारा कर जिम्मेदारियां तय कीं।

## बानो के पुकेदा गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर 18 महीने बाद गांव में लौटी रौशनी



● जिप सदस्य बिरजो कंडुलना ने किया उद्घाटन ग्रामीणों में खुशी की लहर

बानो: बानो प्रखंड अंतर्गत बांकी पंचायत के पुकेदा गांव में लंबे समय से बिजली संकट का सामना कर रहे ग्रामीणों को आखिरकार राहत मिली। सोमवार को गांव में 25 केवीए क्षमता वाला नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, जिसका उद्घाटन जिला परिषद सदस्य सह झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य बिरजो कंडुलना ने किया।उद्घाटन समारोह में रामजोल राजस्व ग्राम सभा अध्यक्ष स्टीफन मड़की, मनसिद्ध मड़की, बिस्नर कोनगाड़ी, जुसफ कोनगाड़ी, रावेल कोनगाड़ी, मरियम कोनगाड़ी, बहालेन कोनगाड़ी, पतरस मड़की, जयमसीह मड़की सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही। सभी ने सामूहिक रूप से फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया।इस अवसर पर जिप सदस्य बिरजो कंडुलना ने बताया कि पिछले 18 महीनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा था, जिससे पूरे गांव को अंधेरे में रहना पड़ रहा था। बिजली नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही थी, किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे थे और हाथी प्रभावित क्षेत्र होने के कारण रात के समय ग्रामीण असुरक्षित महसूस कर रहे थे।उन्होंने कहा कि स्थानीय ग्रामीण मनसिद्ध मड़की के माध्यम से जब यह समस्या सामने आई, तो बांकी मुखिया अजय डांग के सहयोग से तुरंत बिजली विभाग को सूचित किया गया और नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया।ग्रामीणों ने इस पहल के लिए जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना और मुखिया अजय डांग का आभार जताया।

### विधायक के सहयोग से करमटोली में लगा नया ट्रांसफार्मर

**कोलेबिरा।** डोमटोली पंचायत अंतर्गत ग्लायटोली करमटोली गांव में आठ माह से खराब पड़े ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया 25 केवीए ट्रांसफार्मर लगाया गया। इसका उद्घाटन पास्टर निकोदिम लुगुन, सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया, कांग्रेस पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग, प्रखंड महासचिव योगेन्द्र मांझी समेत ग्रामीणों ने दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया।सांसद प्रतिनिधि खड़िया ने बताया कि ट्रांसफारमर खराब होने से गांव अंधेरे में था, बच्चों की पढ़ाई और किसानों की सिंचाई प्रभावित थी। ग्रामीणों की मांग पर विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के प्रयास से बिजली विभाग के सहयोग से नया ट्रांसफार्मर लगाया गया।मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी व अमृत डुंगडुंग द्वारा समस्या की जानकारी विधायक को दी गई थी, जिसके बाद उन्होंने शीघ्र कार्रवाई करते हुए ट्रांसफारमर उपलब्ध कराया।

### गांव में छह महीने से अंधेरा, ट्रांसफार्मर अब तक नहीं बदला

**कोलेबिरा।** नवाटोली पंचायत अंतर्गत सरइपानी गांव में पिछले छह से सात महीनों से विद्युत ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है, जिससे गांव में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। जंगली क्षेत्र में स्थित इस गांव के लोगों को रात के अंधेरे में जंगली जानवरों के खतरे से भी जूझना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग को लेकर वे कई बार विधायक और बिजली विभाग के अधिकारियों से मिल चुके हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। स्थिति यह है कि ग्रामीणों को रोजमर्रा के कामों से लेकर बच्चों की पढ़ाई और सिंचाई कार्यों तक भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।बता दें कि पिछले वर्ष भाजपा नेता सुजान जोजो और मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार के सहयोग से गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया था, जो कुछ महीनों में ही खराब हो गया। तब से अब तक ग्रामीण अंधेरे में हैं।गांव के फिरतमन प्रधान, हरीश प्रधान, रामनारायण प्रधान, समेत अन्य लोगों ने विभाग से शीघ्र नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग की है।

## पुलिस ने मवेशी तस्करी का किया भंडाफोड़ पांच गोवंशीय पशु बरामद, आरोपी फरार



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** सोमवार दोपहर करीब 1 बजे कोलेबिरा थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर मवेशी तस्करी में प्रयुक्त एक टाटा सफारी (नं. JH 05P 3333) वाहन को जब्त किया। वाहन से पांच गोवंशीय पशुओं को बरामद किया गया, जिनमें से दो की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने कोलेबिरा-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर गश्ती तेज कर दी थी। इसी दौरान सिमडेगा की ओर से आ रही एक सिल्वर रंग की टाटा सफारी को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक पुलिस को चकमा देकर वाहन को तेज गति से कोलेबिरा की ओर भगा ले गया।पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पीछा किया और फीकपानी मोड़ के पास वाहन को घेरकर रोका। वाहन रुकते ही चालक और उसके साथ मौजूद व्यक्ति वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। तलाशी के दौरान वाहन से "पुलिस" लिखा हुआ फर्जी प्लेट भी बरामद हुआ।सफारी वाहन के अंदर मवेशियों को अमानवीय ढंग से ठूंस-ठूंसकर लादा गया था। पशुओं की स्थिति को देखते हुए तत्काल पशु चिकित्सक डॉ. चंदन कुमार को बुलाया गया, जिन्होंने गंभीर रूप से घायल दो पशुओं का इलाज शुरू किया।कोलेबिरा थाना पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

## जेठूबांध में ग्राम सभा द्वारा वन अधिकार अधिसूचना बोर्ड की पारंपरिक स्थापना

**नवीन मेल संवाददाता**



**बोलबा।** जेठूबांध ग्राम सभा ने "वन अधिकार अधिनियम 2006" व नियम 2008 के तहत पारंपरिक रीति से वन अधिकार अधिसूचना बोर्ड की स्थापना कर एक ऐतिहासिक पहल की है। यह बोर्ड यह दर्शाता है कि ग्राम सभा ने जंगल, जल, जमीन पर समुदाय आधारित निर्णय लेने की प्रक्रिया को प्रभावशाली रूप से लागू कर दिया है।कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक पूजा-पाठ और ग्रामवासियों की सामूहिक उपस्थिति के साथ हुई। इस अवसर पर समर्पण सुरीन, अनूप लकड़ा, अमृत डांग, प्रिंसिला डुंगडुंग और सुनील मिंज जैसे विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे, जिन्होंने ग्रामवासियों को वन अधिकारों, पारंपरिक ज्ञान और आर्थिक स्वावलंबन के महत्व से अवगत कराया।अनूप लकड़ा ने वन अधिकार कानून को समुदाय की संस्कृति और पहचान की रक्षा का माध्यम बताया, वहीं समर्पण सुरीन ने वनों के टिकाऊ उपयोग और वनोंपज के बाजारीकरण में एफपीसी-संरचना को आवश्यक बताया।अमृत डांग ने जंगल को समुदाय की सांस्कृतिक विरासत बताते हुए ग्राम सभा की भूमिका को निर्णायक करार दिया।प्रिंसिला डुंगडुंग और सुनील मिंज ने महिलाओं और युवाओं की भागीदारी को ग्राम स्तर पर वन प्रबंधन की कुंजी बताया। इस मौके पर ढोल-नगाड़ों, पारंपरिक नृत्य और "जंगल हमारा अधिकार है", "ग्राम सभा जिंदाबाद" जैसे नारों से पूरा माहौल जीवंत हो उठा।

**वर्षा में बेबस** लगातार बारिश से ससमति कुमारी का घर क्षतिग्रस्त, प्रशासन से मदद की गुहार

# खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर महिला

● प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नया मकान मांगा गया

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र में हो रही लगातार भारी बारिश से लचरागढ़ पंचायत अंतर्गत कोम्बाकेरा गांव निवासी ससमति कुमारी, पिता सहदेव साहू का कच्चा घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। दीवार गिरने से घर रहने लायक नहीं रह गया है।बरसात के मौसम में ससमति कुमारी को खुले आसमान के नीचे दिन-रात गुजारने की नौबत आ गई है। उनके पास रहने के लिए दूसरा कोई मकान नहीं है, जिससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।ससमति कुमारी ने प्रखंड प्रशासन से तत्काल सहायता की मांग करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नया आवास उपलब्ध कराने की अपील की है। अब देखना है कि प्रशासन इस ज़रूरतमंद महिला की मदद के लिए कब तक पहल करता है।

### लगातार बारिश से सिमडेगा में जनजीवन प्रभावित



सिमडेगा: जिले में बीते दिनों से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। कई क्षेत्रों में जलजमाव और आवागमन में बाधा उत्पन्न हो गई है।मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक की सर्वाधिक वर्षा पाकरटांड़ प्रखंड में रिकॉर्ड की गई है, जहां 140.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा बांसजोर में 123 मिमी, ठेठईटांगर में 115.2 मिमी, बानो में 86.4 मिमी और जिला मुख्यालय सिमडेगा में 32.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।लगातार हो रही बारिश से खेतों में पानी भर गया है, जिससे फसलों को लाभ की संभावना भी जताई जा रही है, हालांकि ग्रामीण इलाकों में कच्चे मकानों के गिरने की घटनाएं सामने आई हैं।जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है और राहत कार्यों के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## सिमडेगा में इस्कॉन केंद्र का हुआ भव्य उद्घाटन, नगर संकीर्तन से गूंज उठा शहर

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** सिमडेगा में इस्कॉन का नया केंद्र सिमडेगा में झूलन सिंह चौक पर भव्य रूप से उद्घाटन हुआ। इस शुभ अवसर पर इस्कॉन रांची के प्रबंधक मधुसूदन मुकुंद दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनकी अध्यक्षता में नगर में हरिनाम संकीर्तन निकाला गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और संपूर्ण शहर "हरे कृष्ण हरे राम" के महामंत्र से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान भगवद्गीता, रामायण जैसे पवित्र ग्रंथों का भी वितरण किया गया। मधुसूदन मुकुंद दास ने अपने संबोधन में कहा कि, आधुनिकता के इस युग में लोग धर्म और संस्कृति से दूर हो रहे हैं, जिससे समाज में संस्कारों की कमी और अपराधों में वृद्धि देखी जा रही है। यह इस्कॉन केंद्र सिमडेगा को समर्पित एक दीपक है, जो अंधकार में प्रकाश फैलाएगा।उन्होंने यह भी कहा कि इस केंद्र का उद्देश्य भगवद्गीता के दिव्य संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। जब समाज गीता के उपदेशों को जीवन में उतारेगा, तभी संस्कार, शांति और समृद्धि संभव होगी।इस उद्घाटन समारोह में सिमडेगा के अनेक प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# दुमका में वज्रपात से दो महिला समेत तीन की मौत, छह घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**दुमका।** रविवार की देर शाम दुमका में मेघ गर्जना के साथ अचानक आई तेज बारिश के दौरान हुए वज्रपात में अलग-अलग तीन घटनाओं में दो महिला समेत तीन की मौत हो गई. जबकि छह लोग घायल हुए. घायलों में दो की स्थिति गंभीर बनी हुई है. दुमका जिला के मसलिया थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव में रविवार की शाम वज्रपात से 23 साल के चंदन मरांडी की मौत हो गई. शाम में जिस समय पानी बरस रहा था, उस समय चंदन खेत से घर लौट रहा था. वज्रपात के बाद घरवाले उसे जल्दी से फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आए. चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. अस्पताल कर्मियों ने घरवालों को पोस्टमार्टम कराने के लिए बहुत समझाया लेकिन तैयार नहीं हुए. अंत में स्वजन बिना पोस्टमार्टम के शव लेकर चले गए. जिले के सरैयाहाट में वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई है. जबकि चार अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है. यह घटना मानिकपुर गांव की है. मृतक महिला मानिकपुर गांव के भरत चंद्र कापरी की 33 वर्षीय पत्नी शकुन्ती देवी है. वहीं घायल रूपा कुमारी और प्रभा देवी और भरत कापरी हैं. घटना के संबंध में बताया गया कि सभी खेत में काम कर रहे थे, अचानक बारिश के दौरान वज्रपात होने से सभी चपेट में आ गये. सभी घायलों को उठाकर सरैयाहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद देवघर रेफर कर दिया. इसमे भरत कापरी की हालत नाजुक बताई जा रही है. जरमुंडी थाना क्षेत्र में रविवार को वज्रपात से एक 42 वर्षीया महिला की मौत हो गई. जबकि दो अन्य ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए. वज्रपात की घटना में मृत महिला का नाम रेखा देवी है. घटना को लेकर बताया जा रहा है कि रविवार की शाम को अचानक तेज बारिश होने लगी. इस दौरान घर के पास बंधी बकरी को रेखा देवी खोलने गई थी. इसी क्रम में ठनका गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई. इस घटना के बाद मृतक महिला को उसके परिजन जरमुंडी सीएचसी लेकर पहुंचे जहां चिकित्सा उमाशंकर मेहरा ने मृत घोषित कर दिया. जबकि दो अन्य वज्रपात की घटना में जरमुंडी थाना क्षेत्र के झकिया गांव में गाय चराने के दौरान ठनका गिरने से 35 वर्षीया मनोहर पुजहर गंभीर रूप से घायल हो गये. जिसे इलाज के लिए जरमुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. वहीं बनवारा के रहने दिनेश ठाकुर भी वज्रपात की घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए. जरमुंडी सीएचसी में उसकी प्राथमिक चिकित्सा की गई. इसके बाद दोनों को बेहतर चिकित्सा हेतु दुमका मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है.

## विधायक ने किया मुर्गी चारा कारखाना का उद्घाटन

**विष्णुगढ़।** मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने रविवार को विष्णुगढ़ के सरकारी लकड़ी डीपो के बगल में श्रीगणेश फेडमिल उद्योग का फीता काटकर उद्घाटन किया। श्रीगणेश फेडमील में मुर्गी चारा का उत्पादन किया जाएगा। कारखाना के प्रोपराइटर मुन्ना सिंह को विधायक ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुर्गी चारा का उत्पादन आसपास के इलाकों में नहीं होता था। इससे मुर्गीपालकों को महंगे दर पर दूर से मुर्गी चारा मंगाना पड़ता था। महंगे चारा से मुर्गीपालन में अधिक व्यय और कम मुनाफा होता था। अब स्थानीय में मुर्गीचारे का उत्पादन होने से मुर्गीपालन की लागत में कमी आएगी और मुर्गीपालकों का मुनाफा बढ़ेगा।

## न्यूज बॉक्स

### फायरिंग में घायल युवक की मौत



**पश्चिम सिंहभूम।** सदर थाना क्षेत्र स्थित न्यू कॉलोनी नीमडीह में रविवार देर रात गोलीकांड में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। अज्ञात अपराधियों ने सुमीत यादव( 35 ) को घर से बाहर बुलाकर सिर में गोली मार दी थी। गंभीर रूप से घायल सुमीत को पहले चाईबासा सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जमशेदपुर टीएमएच रेफर कर दिया। लेकिन जमशेदपुर ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना रविवार देर रात की है। जानकारी के मुताबिक, कुछ अज्ञात लोग सुमीत यादव के घर पहुंचे और किसी बहाने से उसे बाहर बुलाया। जैसे ही वह घर से बाहर आया, घात लगाए अपराधियों ने बेहद करीब से उसके सिर में गोली मार दी। गोली लगते ही सुमीत जमीन पर गिर पड़ा और इलाके में हड़कंप मच गया। गोली की आवाज सुनकर स्थानीय लोग और परिजन तुरंत बाहर निकले और गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल पहुंचाया। लेकिन रास्ते में ही उसकी सांसें थम गईं। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) बहामन टूटी, थाना प्रभारी तरुण कुमार सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। घटनास्थल से पुलिस ने एक खोखा भी बरामद किया है। पुलिस को प्राथमिक जांच में हत्या के पीछे आपसी रंजिश और पुरानी दुश्मनी की आशंका लग रही है, हालांकि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। सुमित यादव बैंक में रिकवरी एजेंट और जमीन का काम करता था।

### घर में घुसकर बुजुर्ग महिला की हत्या, दो घायल



**पूर्वी सिंहभूम।** कोवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पोडाडीहा पंचायत के चांपी गांव में रविवार देर रात अज्ञात अपराधियों ने एक ही परिवार की तीन महिलाओं पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में नीरस सरदार (65) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी बेटी गुलाबी सरदार और रिश्तेदार संध्या सरदार गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि चांपी गांव के नीचे टोला में नीरस सरदार अपनी बेटी गुलाबी और रिश्तेदार संध्या के साथ एक ही कमरे में सो रही थीं। रात के अंधेरे में अपराधी खिड़की के रास्ते घर में घुसे और तीनों पर धारदार हथियार से वार कर दिया। सोमवार सुबह करीब सात बजे तक जब घर का दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों ने खिड़की से झांककर देखा। तीनों महिला सदस्य लहूलुहान अवस्था में पड़ी थीं। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने कोवाली पुलिस को सूचना दी और घायलों को इलाज के लिए जमशेदपुर सदर अस्पताल भेजा। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### टाटीझरिया में शिव भक्तों ने कांवरियों का किया स्वागत

**टाटीझरिया।** मुरली पहाड़ धाम नापोखुर्द बड़कागांव से इक्कीस लीटर जल लेकर निकले चार श्रद्धालु टाटीझरिया पहुंचे। शिवभक्तों ने उनका जलपान और गुलाबजामुन खिलाकर भव्य स्वागत किया। नापोखुर्द बडकागांव से पैदल यात्रा कर चारो कांवरिया बाबा नगरी जा रहें हैं। वह पांच सौ किलोमीटर की पैदल यात्रा पर निकल पड़े हैं। यह यात्रा वे नापोखुर्द बड़कागांव से शुरू होकर सुल्तानगंज होते हुए देवघर और वासुकीनाथ धाम तक करेंगें।

## बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, डीएमओ ने दर्ज कराई प्राथमिकी



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में बालू के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक ने भी सोमवार की शाम रजरप्पा थाना क्षेत्र में छापेमारी की। चितरपुर रेलवे ओवरब्रिज के पास यहां बालू का अवैध खनन और परिचालन कर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। उन्होंने बिना नंबर के ट्रैक्टर पर 100 सीएफटी बालू लदा पाया। छापेमारी के दौरान ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग निकला। उन्होंने इस मामले में रजरप्पा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। डीएमओ ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चितरपुर रेलवे ओवरब्रिज के पास एक ट्रैक्टर को रुकवाया गया। ट्रैक्टर रजरप्पा मंदिर की ओर से आ रहा था। लाल रंग के महिंद्रा ट्रैक्टर पर नंबर भी अंकित नहीं था। डीएमओ ने ट्रैक्टर के मालिक, अज्ञात चालक एवं अन्य संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश रजरप्पा थाना को दिया है।

# पहली सोमवारी में भक्तों की उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**डुमरी।** सावन के पहली सोमवारी को लेकर प्रखंड के सभी शिव मंदिरों में शिव भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने भगवान भोले शंकर पर ना सिर्फ जलाभिषेक किया बल्कि सोमवारी का व्रत उपवास भी रखा।सभी ने शिव पार्वती से मनोकामना पूर्ण करने की प्रार्थना की। इसरी स्थित गंगा भगत शिवालय, लाल जी भगत शिवालय, राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी शिवालय, हनुमानगढ़ी शिवालय, डुमरी स्थित काली मंदिर शिवालय, ब्लॉक कॉलोनी शिवालय, फॉरेस्ट कार्यालय शिवालय,कोनार शिवालय, जामतारा शिवालय, वनांचल चौक स्थित शिवालय, खैरागढ़हा शिवालय, डोमाबारा शिवालय, कुलगो शिवालय, पोरदाग शिवालय, निमियाघाट शिवालय, नगरी शिवालय,चैनपुर शिवालय,धावाटांड़ शिवालय, इसरी प्रोफेसर कॉलोनी स्थित शिवालय सहित दर्जनों शिवालयों में श्रद्धालु शिव भक्तों ने जलाभिषेक तथा दुग्धाभिषेक किया।भगवान शिव को जल एवं बेल पत्र चढ़ाया।मान्यताओं के अनुसार श्रावण मास में सोमवार का विशेष महत्व है। सोमवार को भगवान शिव का स्वरूप माना गया है।श्रावण मास में भगवान आशुतोष की पूजा का विशेष महत्व है।जो भक्त प्रतिदिन नियमपूर्वक पूजा न कर सकते हैं उन्हें श्रावण मास में शिव पूजा एवं व्रत रखना चाहिए।इस महीने मे जितने भी सोमवार होते हैं उन सबमें शिवजी का व्रत किया जाता है।

## सावन माह की पहली सोमवारी पर बाबा बैद्यनाथ धाम में लगी श्रद्धालुओं की कतार

**देवघर।** देवघर के विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में सावन की पहली सोमवारी पर श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा है। तड़के सुबह से ही लोग जलाभिषेक करते दिख रहे हैं। कुछ श्रद्धालु तो सावन की पहली सोमवार को जल चढ़ाने के लिए देर रात ही मंदिर पहुंच चुके थे। तड़के 04:12 बजे मंदिर के पट खुलते ही जलार्पण शुरू हो गया। साथ ही रात्रि से कतारबद्ध श्रद्धालुओं की कतार चमारीडीह पुल तक पहुंच गयी थी। पूरा मंदिर 'बोल बम' के नारे से गूंज रहा है। जो लोग मंदिर से बाहर आ रहे हैं या मंदिर पहुंच रहे हैं, सभी भगवान भोलेनाथ की भक्ति में डूबे हुए नजर आ रहे हैं। ऐसा लग रहा है मानो मंदिर में प्रवेश करते ही सारी थकान, तकलीफ खत्म हो गई हो। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जलाभिषेक करने के लिए सारी व्यवस्थाएं पहले से ही दुरुस्त रखी गईं। पहली सोमवारी को लेकर बाबा धाम के वरिष्ठ पंडा लम्बोदर परिहस्त ने बताया कि आज का दिन बहुत खास है। आज चतुर्थी तिथि पड़ी है। इस दिन शिव वास होता है और आज भगवान भोलेनाथ कैलाश पर विराजमान होते हैं। इस दिन पूजा करने से लोगों को हर सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस वर्ष चार सोमवारी का योग बना हुआ है। मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं ने कहा कि इस वर्ष सबसे ज्यादा भीड़ देखने को मिल रही है।

## तिसरी में असंतुलित कार पुलिया में गिरी, 5 घायल , तीन रेफर



**गिरिडीह।** तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार की शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई. यहां एक असंतुलित कार सड़क पर स्थित पुलिया से नीचे जा गिरी. इस दुर्घटना में कार में सवार 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घायल तीन लोगों को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है. मिली जानकारी के अनुसार तिसरी के भाजपा नेता उदय साव के पुत्र पिंटू कुमार अपने कुछ रिश्तेदारों के साथ ग्रैंड विटारा कार से अपने ससुराल गुमगी जा रहे थे. इसी दौरान तिसरी - गांवा मुख्य पथ पर मचनियाटांड स्थित एक पुलिया के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरी.स्थानीय लोगों ने घटना की सुचना तिसरी पुलिस को दी. पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आनन फानन में सभी को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया .जहाँ डॉ. जैनेन्द्र और स्वास्थ्य कर्मी अनूप ने सभी का प्राथमिक उपचार किया. घायलों में पिंटू कुमार, मनोज साव, संजू कुमारी,निशु कुमारी और गुड़िया देवी शामिल हैं. गंभीर स्थिति के कारण संजू कुमारी,निशु कुमारी और गुड़िया देवी को रेफर किया गया है. कार का एयर बैग खुल जाने के कारण काफ़ी राहत हुई.जिसके बाद परिजनों ने काफ़ी देर तक 108 एम्बुलेंस सेवा के लिए सम्पर्क करने का प्रयास किया. लेकिन एम्बुलेंस की सुविधा नहीं मिल पाई. अंततः दो निजी वाहनो से घायलों को हाइयर सेंटर ले जाया गया.

## एमजीएम में शिशु रोग विभाग को मिलेगा एक और वेंटिलेटर

**जमशेदपुर।** एमजीएम अस्पताल के शिशु रोग विभाग को एक और वेंटिलेटर जल्द ही मिल जाएगा। इससे ज्यादा से ज्यादा मरीजों की जान बचाई जा सकेगी और ज्यादा खर्च से भी लोग बच जाएंगे। एमजीएम अस्पताल के शिशु रोग विभाग में भर्ती एक सबर जाति के नवजात को गंभीर अवस्था में रांची जाने के दौरान मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और आनन-फानन में एक वेंटिलेटर खरीदा गया। इसे शिशु रोग विभाग में लगा दिया गया है। हालांकि यह नाकाफी था। एक बच्चे को यह लगने के बाद यदि दूसरे किसी बच्चे को जरूरत पड़ जाए तो दूसरा वेंटिलेटर नहीं था।

## बैंक मोड़ के शांति भवन की छह बिल्डिंग जांच के घेरे में, निगम ने भेजा नोटिस

**नवीन मेल संवाददाता**



**धनबाद।** धनबाद शहर के बैंक मोड़ स्थित शांति भवन की छह बहुमंजिली इमारतें अब नगर निगम की जांच के दायरे में आ गई हैं. निगम की प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि इन भवनों का निर्माण स्वीकृत नक्शे के अनुरूप नहीं किया गया है. इस संबंध में शांति भवन सोसाइटी के सचिव मुकेश कुमार को नोटिस जारी किया गया है. निगम ने सचिव को 25 जुलाई तक स्वीकृत नक्शे की छायाप्रति सहित अपना पक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है. तय समय पर जवाब नहीं देने पर झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 व झारखंड भवन उपविधि (बायलॉज) के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी. यह मामला तब प्रकाश में आया जब मनोहर लाल सोनी ने नगर निगम में एक परिवाद पत्र दाखिल कर शिकायत की. उनका आरोप है कि भवन का मूल नक्शा केवल G+3 (तीन तल्ले) तक ही स्वीकृत था. लेकिन बिल्डर ने G+4, G+5, यहां तक कि G+7 तक का निर्माण करा दिया है. इससे पार्किंग की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है.

## क्षेत्रीय योगासन प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर के भैया का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा के भैया शिवम साहू और अविनाश कुमार 36वां क्षेत्रीय योगासन प्रतियोगिता में अंडर-17 वर्ग के आर्टिस्टिक योग में तृतीय स्थान प्राप्त किया।विद्यालय में आज वंदना सभा मे प्राचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता में विभिन्न स्थानों से आए प्रतिभागियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें विद्यालय के भैया ने आत्मविश्वास, अनुशासन और योग के प्रति अपने समर्पण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।यह क्षेत्रीय योगासन प्रतियोगिता विद्या भारती बिहार के द्वारा तपस्वी श्री जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर, हसनपुर राजगीर में दिनांक 12 और 13 जुलाई 2025 को आयोजित हुई थी।इस प्रतियोगिता में आचार्य बच्चूलाल तिवारी के नेतृत्व मे विद्यालय के पाँच भैया सम्मिलित हुए थे। इस अवसर पर प्राचार्य उमेश प्रसाद ने दोनों भैया को सम्मानित करते हुए उनकी यह सफलता को कठिन परिश्रम और सतत अभ्यास का परिणाम बताया एवं सभी विद्यार्थियों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने हेतु प्रेरित किया।

## अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**पूर्वी सिंहभूम।** मानगो थाना क्षेत्र के रोड नंबर-5 के पास स्थित स्वर्णरेखा नदी से सोसोमवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है। शव दिखते ही इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय मछुआरों ने सबसे पहले शव को देखा और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला और पहचान की कोशिश शुरू की, लेकिन फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों को खंगाल रही है ताकि शव की शिनाख्त हो सके।

## 4 दिन पहले फायरिंग में घायल युवक की मौत, इलाके में तनाव



**पूर्वी सिंहभूम।** बागबेड़ा के हरहरगुट्टू में 11 जुलाई की देर रात गोली लगने से घायल आशीष कुमार भगत ने सोमवार तड़के दम तोड़ दिया। उसकी मौत के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस जांच में आपसी रंजिश की बात सामने आई है। घटना के बाद पुलिस ने कुछ युवकों को हिरासत में लिया है और उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी चल रही है। बताया जा रहा है कि 9 जुलाई को ही आशीष को जान से मारने की धमकी दी गई थी। उसके दोस्तों के अनुसार, धमकी देने वालों में टेपर, छोटू और रंजन का नाम सामने आया था। कुछ दिनों पहले साई मंदिर के पास आशीष का इन युवकों से विवाद हुआ था, जिसमें मारपीट भी हुई थी। तब स्थानीय लोगों ने मामला सुलझा दिया था, लेकिन उसी विवाद को लेकर उसे गोली मारी गई। घटना शुक्रवार देर रात बागबेड़ा थाना क्षेत्र के कीताडीह स्थित साई कॉम्प्लेक्स के समीप हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, रात के समय गोली चलने की आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकल आए थे और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी। सूचना मिलते ही बागबेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल आशीष को इलाज के लिए टाटा मुख्य अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। अंततः सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई। आशीष कुमार भगत दर्रा-खल्ली का व्यवसाय करता था।


**Executive Magistrate Ramgarh**

**AFFIDAVIT** S.No. 36112

I, Sandeep Kumar Singh, S/o Sheopujan Singh, aged about-42 ycars, by faith-Hindu, by occupation-Agriculture, by nationality-Indian, R/o Vill-Sarna Tola Chhattrmandu, P.O-Chhattarmandu P.S & Distt-Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows :-

1. That my daughter's actual and correct name is Roshani Kumari, which has been mentioned in her Aadhar card No-6722 0835 3495.
2. That my daughter's name has been mentioned as Raushani Kumari, in her Post Office Account (Sukanya Samriddhi Yojna) vide A/c No-6321024673.
3. That Roshani Kumari and Raushani Kumari, both name are same and one girl i.c. my Daughter.
4. That this affidavit is required for recitified my daughter's name Roshani Kumari in place of Raushani Kumari in her Post Office Account.
5. That the above statements are true and correct.

**VERIFICATION**

1., Sandeep Kumar Singh, do hereby declare that the above contents are true and correct to the best of my knowledge and belief. Verified and signed at Ramgarh on this 07/05/2025

E.NO. 3524/04


# जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करने की कवायद तेज, डीसी ने दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

- अतिक्रमण की रोकथाम व प्रदूषण मुक्त बनाने लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई



**धनबाद।** धनबाद डीसी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में जल स्रोतों के संरक्षण, अतिक्रमण की रोकथाम व प्रदूषण मुक्त बनाने लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई. बैठक में डीसी ने सभी तालाबों, नदियों व अन्य जलस्त्रोतों की जानकारी संबंधित सीओ से ली. साथ ही अंचलवार तालाबों व आसपास की सरकारी जमीनों पर हो रहे अतिक्रमण की जानकारी भी प्राप्त की. झरिया सीओ ने बताया कि बीसीसीएल के क्षेत्र में पहले से मौजूद तालाबों पर अतिक्रमण हो चुका है. इस संबंध में बीसीसीएल को नोटिस भी दिया गया है. वहीं, राजा तालाब से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है. डीसी ने कहा कि तालाब चाहे सरकारी जमीन पर हो या रैयती जमीन पर, उसका अतिक्रमण करना गैर कानूनी है. अगर अतिक्रमण किया जाता है, तो उस पर ठोस कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों व सरकारी भूमि का संरक्षण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि जिस तालाब की गहराई कम हो गई है, उसका गहरीकरण सुनिश्चित करें. साथ ही जिस तालाब के जीर्णोद्धार की आवश्यकता है उसकी भी सूची बनाकर जिला को उपलब्ध कराएं. बैठक में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एसडीओ राजेश कुमार समेत सभी अंचल अधिकारी व सिटी मैनेजर अमनदीप कुमार मौजूद थे.

## झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी महासंघ का सम्मेलन 20 को

**हजारीबाग।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी महासंघ का एक दिवसीय सम्मेलन सह महासंघ का पुनर्गठन 20 जुलाई को हजारीबाग में होगा । सम्मेलन को लेकर जिला कमेटी की बैठक संघ के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में हुई । बैठक में सम्मेलन को लेकर तैयारियों पर किया विशेष चर्चा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा कर्मी किसानों के लिए कुछ निर्माण और मजदूरों के लिए रोजगार मुहैया कराना के अलावा गरीबों और मजदूरों को पशुधन योजना से जोड़कर उन्हें आर्थिक स्थिति से मजबूत करने में लगे हैं।


**कार्यालय: जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**

एतद् द्वारा मत्स्य स्पॉन उत्पादकों/आपूर्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि जलाशय के छाड़न एवं निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को मेजरकार्प (रेहू, कतला, मृगल, कॉमन कार्प, सिलवर कार्प तथा ग्रास कार्प) का मत्स्य स्पॉन की आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए विभागीय राज्यादेश सं0 10, दिनांक 04.07.2025 के आलोक में इच्छुक मत्स्य स्पॉन उत्पादकों से स्पॉन आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 21.07.2025 के अपराहन् 1.00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ के कार्यालय में स्वीकार किया जाएगा एवं उसी दिन अपराहन् 03:00 बजे निविदा समिति के समक्ष समाहरणालय अवस्थित जिला योजना पदाधिकारी, रामगढ़ के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्तें www.ramgarh.nic.in एवं जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**आपूर्ति की जानेवाली स्पॉन का विवरण**

| | |
|---|---|
| मत्स्य स्पॉन | अधिकतम निर्धारित दर मो0 550.00 रूपये प्रति लाख मात्र। |

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
रामगढ

PR 357206 Fish(25-26).D

सुप्रभात | विचार प्रवाह

जानबूझकर आप जो भी करते हैं, उसके प्रति सावधान रहें, क्योंकि यदि आपकी इच्छा-शक्ति अत्यंत बलशाली न हुई, तो अवचेतन मन की आदतों को प्रभावित करने की शक्ति के कारण आपको विवशतापूर्वक वहीं कार्य बारंबार करना पड़ सकता है। **- श्री श्री परमहंस योगदानंद**

## संपादकीय

### उपयोगी वस्तु बनता पाकिस्तान

कट्टरपंथी और प्रजातंत्र से दूर पाकिस्तान के साथ अमेरिका के संबंध मित्र नहीं याचक के रहे हैं और कौन किसका उपयोग कर रहा है भ्रम बना हुआ है। शीर्ष सैन्य नेतृत्व (पहले सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और फिर वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्दू) की हालिया अमेरिकी यात्राएं दक्षिण एशियाई भू-राजनीति में एक नया और अप्रत्याशित आयाम लेकर आई हैं। ये दौरे केवल प्रतीकात्मक नहीं थे, बल्कि पेंटागन, कैपिटल हिल और विदेश विभाग में उच्च स्तरीय बैठकों के जरिए हुए गंभीर संवादों को दर्शाते हैं। भारत के लिए यह घटनाक्रम चिंता का विषय है, क्योंकि इससे क्षेत्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संतुलन पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकते हैं। मुनीर की डोनाल्ड ट्रंप के साथ लंच मीटिंग ऐतिहासिक रही, क्योंकि यह पहली बार था, जब किसी कार्यरत पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष को इस स्तर पर आमंत्रित किया गया। पहले ऐसे सम्मान केवल उन सैन्य नेताओं को मिले थे, जो सत्ता में भी आ चुके थे। इसके बाद वायुसेना प्रमुख सिद्दू की यात्रा संकेत देती है कि पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान वाशिंगटन के साथ अपने पुराने रिश्तों को पुनर्जीवित करने के लिए सुनियोजित रणनीति के तहत काम कर रहा है। यह ठीक उसी समय हो रहा है, जब भारत और पाकिस्तान के बीच पहलगाम आतंकी हमले के बाद तनाव तेजी से बढ़ रहा है।इसके पीछे एक प्रमुख कारण पाकिस्तान की चीनी हथियार प्रणालियों के प्रदर्शन को लेकर बढ़ती असंतुष्टि है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय मिसाइलों और ड्रोन ने पाकिस्तान की एचक्यू-9पी और एचक्यू-16 वायु रक्षा प्रणालियों को नष्ट करके उनकी सीमाएं उजागर कर दीं। इसने पाकिस्तान को पश्चिमी रक्षा तकनीक की ओर रुख करने और अमेरिका से एफ-16 ब्लॉक 70 लड़ाकू विमान, एआईएम-7 स्पैरो मिसाइलें, एचआईएमएआरएस रॉकेट सिस्टम और आधुनिक वायु रक्षा प्रणालियों जैसी उन्नत सैन्य मदद मांगने को प्रेरित किया। वाशिंगटन में सिद्दू की बैठकें संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण, प्रौद्योगिकी साझाकरण और रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर केंद्रित थीं। हालांकि, सतही तौर पर यह सब कुछ सामान्य कूटनीतिक गतिविधि प्रतीत हो सकती है, लेकिन इनके पीछे दोनों पक्षों की गहरी रणनीतिक सोच छिपी है। अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ अक्सर व्यावहारिक संबंध रखे हैं-जब-जब ऑपरेशनल जरूरतें पड़ीं, वाशिंगटन ने इस्लामाबाद से संबंध मजबूत किए। शीतयुद्ध, 9/11 के बाद की आतंकवाद विरोधी लड़ाइयों, और अफगानिस्तान से अमेरिकी वापसी के दौरान यह पैटर्न स्पष्ट रूप से दिखा। अब ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच, अमेरिका फिर से पाकिस्तान की भौगोलिक स्थिति, रसद सुविधाओं और खुफिया नेटवर्क के कारण उसकी ओर देख रहा है। मुनीर के साथ ट्रंप की ईरान पर चर्चा और एक संभावित रणनीतिक पैकेज की खबर (जिसमें पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान, आर्थिक मदद और व्यापारिक समझौते शामिल हैं) इस रिश्ते के पुनरुद्धार का संकेत देती है। भारत के लिए अमेरिका और पाकिस्तान के बीच यह बढ़ती नजदीकी कई चुनौतियां उत्पन्न कर सकती है। सबसे पहली चिंता यह है कि इससे भारत और अमेरिका के बीच पिछले दो दशकों में विकसित हुई विशेष रणनीतिक साझेदारी को आघात पहुंच सकता है।

*भारत के लिए यह घटनाक्रम चिंता का विषय है, क्योंकि इससे क्षेत्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संतुलन पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकते हैं।*

# रोजगार और आर्थिक विकास की अनूठी प्रोत्साहन योजना



अब जबकि दुनिया स्वचालन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है, भारत सरकार ने हाल ही में रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को स्वीकृति दी है। यह एक बेहद ही सामयिक और सोचा-समझा कदम है। लगभग एक लाख करोड़ रुपये के परिव्यय वाली यह योजना भारत के उभरते रोजगार परिदृश्य, विशेषकर मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र, में एक साहसिक नीतिगत हस्तक्षेप है। अगले दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को समर्थन देने के उद्देश्य से तैयार की गई यह ईएलआई योजना महज एक आर्थिक उपाय भर नहीं है - यह भारत की श्रमशक्ति के भविष्य में एक ऐसा रणनीतिक निवेश है, जो सीधे तौर पर सरकार के विकसित भारत@2047 के विजन का समर्थन करता है। ईएलआई देश में रोजगार सृजन का एक प्रमुख उत्प्रेरक बनने जा रहा है।

कई अन्य ऐसे देशों के उलट, जहां आबादी शीघ्र ही घटने लगेगी या घट चुकी है, भारत में अभी भी कार्यशील आयु वर्ग की एक ऐसी बड़ी आबादी है, जिसे रोजगार के अधिक अवसरों की जरूरत है। ईएलआई योजना का उद्देश्य नौकरी चाहने वालों और नौकरी देने वालों के बीच ही नहीं बल्कि इससे भी अधिक महत्वपूर्ण रूप से अनौपचारिक कार्य एवं औपचारिक रोजगार के बीच की खाई को पाटना है। रोजगार संबंधी तात्कालिक नतीजों से परे जाकर, इस बात पर गौर करना महत्वपूर्ण है कि ईएलआई योजना विभिन्न सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में भारत की प्रगति को मजबूत करती है। खासतौर पर, औपचारिक व दीर्घकालिक रोजगार को प्रोत्साहित करके एसडीजी 8 (सभ्य कार्य तथा आर्थिक विकास) और कम वेतन पाने वालों एवं पहली बार नौकरी चाहने वालों को लक्षित वित्तीय सहायता प्रदान करके एसडीजी 1 (गरीबी उन्मूलन) तथा एसडीजी 10 (असमानताओं में कमी) के संदर्भ में।

आधार-समर्थ प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली (डीबीटी सिस्टम) के जरिए ईपीएफओ पंजीकरण एवं संवितरण के साथ इस योजना का जुड़ाव न केवल रोजगार सृजन बल्कि सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार भी सुनिश्चित करता है, जोकि एक न्यायसंगत और समावेशी अर्थव्यवस्था के निर्माण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। भारत द्वारा किए गए ऐसे प्रयासों को मान्यता देते हुए, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने हाल ही में भारत की इस उपलब्धि को स्वीकार किया और आधिकारिक तौर पर अपने डैशबोर्ड पर इस तथ्य को प्रकाशित किया कि भारत की 64.3 प्रतिशत आबादी (2015 में 19 प्रतिशत की तुलना में), यानी 94 करोड़ से अधिक लोग अब कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा लाभ के दायरे में हैं।

मैन्यूफैक्चरिंग पर जोर खासतौर पर स्वागत योग्य है। जैसे-जैसे वैश्विक मूल्य श्रृंखलाएं नए सिरे से बदल रही हैं, भारत भी कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, उपभोक्ता वस्तुओं और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में तेजी से उभर रहा है। इन क्षेत्रों में दीर्घकालिक रोजगार सृजन का समर्थन करके, ईएलआई योजना पीएलआई योजनाओं, 'मेक इन इंडिया' तथा 'स्किल इंडिया' जैसी मौजूदा पहलों का पूरक बनने के साथ-साथ शहरी व अर्द्ध-शहरी, दोनों समूहों में औद्योगिक विकास को गति देगी। अक्सर लागत संबंधी चिंताओं के कारण औपचारिक भर्ती को बढ़ाने में बाधाओं का सामना करने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को यह योजना महत्वपूर्ण राहत प्रदान करती है। नियोक्ता-पक्ष के प्रोत्साहन नई भर्ती की सीमांत लागत को कम करते हैं। इससे विस्तार, औपचारिकीकरण और श्रमशक्ति के उन्नयन की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलता है।

वैश्विक स्तर पर, वेतन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाएं रोजगार को बढ़ावा देने में कारगर साबित हुई हैं। जर्मनी जैसे देश अप्रेंटिसशिप और दीर्घकालिक भर्ती के लिए नियोक्ता सब्सिडी प्रदान करते हैं। दक्षिण कोरिया युवा एवं वृद्ध श्रमिकों के नियोक्ताओं को लक्षित वेतन सहायता प्रदान करता है। सिंगापुर कौशल के उन्नयन (अपस्किलिंग) और रोजगार को कायम रखने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

संयुक्त राज्य अमेरिका में कार्य अवसर कर क्रेडिट (डब्ल्यूओटीसी) की व्यवस्था है, जो वंचित समूहों के व्यक्तियों की भर्ती करने वाले नियोक्ताओं को पुरस्कृत करता है। भारत की ईएलआई योजना हमारे विशाल अनौपचारिक श्रम बाजार, जनसांख्यिकीय लाभांश और डिजिटल बुनियादी ढांचे के विस्तार जैसी स्थानीय जरूरतों के अनुरूप वैश्विक स्तर की सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणालियों का समावेश करती है।

ईएलआई योजना भारत की रोजगार नीति की परिपक्वता - अल्पकालिक राहत से हटकर दीर्घकालिक श्रम बाजार के विकास की दिशा में बदलाव - को दर्शाती है। ढलती उम्र वाली आबादी के साथ-साथ डिजिटल और हरित बदलावों जैसे व्यापक वैश्विक रुझानों की पृष्ठभूमि में, ऐसी कारगर नीतियां अधिक संख्या में लोगों को गुणवत्तापूर्ण नौकरियां सुलभ कराने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। फिक्की में, हम अपने सदस्यों से इस योजना का सदुपयोग करने हेतु आगे आने का आग्रह करते हैं।

नियोक्ताओं- खासकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से जुड़े- को इसे वित्तीय लाभ से कहीं आगे बढ़कर देखना चाहिए। यह योजना परिचालन को बढ़ाने, युवा प्रतिभाओं का दोहन करने, वेतन भुगतान प्रणाली (पेरोल) का औपचारिकीकरण करने और स्थायी आर्थिक मूल्य सृजित करने का एक उपकरण है। उद्योग जगत के एक शीर्ष चैंबर के रूप में, फिक्की इस उद्देश्य का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**ज्योति विज**
महानिदेशक, फिक्की

### वे दो पुस्तकें

कई दो पुस्तकें लेकर चलते हैं। वे किसी व्यक्ति को देखते ही दोनों पुस्तकें बड़ी ही चपलता से पलक झपकते पलटते हैं। अगले व्यक्ति का नाम उनमें बिजली की तेजी से खोज लेते हैं। फिर मन ही मन शीघ्रता से गणना करते और उसी के आधार पर अपनी मुस्कुराहट-कड़वाहट, नमस्ते-दुत्कार कहने, अपने व्यवहार की सही मात्रा निर्धारित कर लेते हैं और उसी के अनुरूप तय कर आचरण करने लगते हैं। जैसा पुस्तक बताती ठीक वैसा ही करते। न एक पसंगा अधिक न एक भी पसंगा कम। कभी इधर से उधर नहीं होता, देखा गया। आश्चर्य तो तब होता कि समय, परिस्थिति और उपयोगिता के अनुसार उस एक पुस्तक से किसी का नाम दूसरी पुस्तक में स्वतः ही चला जाता और कभी दूसरी से पहली में। दोनों पुस्तकों में नाम बदल जाना एक चमत्कार ही था । लेकिन उनके लिए यह सब बहुत ही सहज और सरल हुआ करते। उन लोगों की इस प्रतिभा से चमत्कृत रहते। एक बार कुछ लोगों का प्रतिनिधि मंडल ऐसे ही एक महानुभाव के पास हाथ जोड़े पँहुचा और बड़े ही विनम्र भाव से आग्रह किया कि हम उन दोनों पुस्तकों का दर्शन सुख प्राप्त करना चाहते हैं। उन्होंने कंठस्थ उन पुस्तकों के पृष्ठ मन में पलट लिए। फिर उस प्रतिनिधि मंडल की ओर कातर दृष्टि से देखकर बोले-आप लोग इतनी अधिक विनम्रता से हाथ जोड़कर आग्रह कर रहे हैं तो उन दो दैविक पुस्तकों के दर्शन लाभ से आपको वंचित रखना अन्याय होगा। अनुनय-विनय से तो ईश्वर भी प्रसन्न होकर पिघल जाते हैं और अपनी दया की वृष्टि कर डालते हैं। मैं तो साधारण मानव हूँ। फिर वे उठकर घर के अंदर चले गए। बड़ी देर बाद स्वागत कक्ष में लौटे। बाएं हाथ से लाल कपड़े में बंधी दो पुस्तकें श्रद्धा से सिर पर रखे पकड़ कर आए। दाहिने हाथ में एक दीपक जल रहा था। उन्होंने पीछे मुड़कर कोई संकेत किया। संकेत पाकर साधारण से वस्त्रों में एक अति सुंदर स्त्री पीछे से आयी। टेबल पर गंगा जल छिड़का गया। फिर उन्होंने पहले दीपक रखा, जिसकी लौ पीछे की ओर थी। फिर उन्होंने बड़े आदर से उसी लाल कपडे पर बिछा कर एक के बगल में दूसरी पुस्तक रखकर उसे प्रणाम किया। फिर उन दोनों पुस्तकों को दीपक दिखाकर खड़े - खड़े आरती उतारी। उसके बाद दोनों पुस्तकों को फिर प्रणाम कर बारी-बारी से लाल कपड़े हटाए। एक पुस्तक पर काला आवरण चढ़ा था तो दूसरे पर श्वेत। श्वेत आवरण वाली पुस्तक पर अंग्रेजी में लिखा था-गुड बुक और काले आवरण वाली पुस्तक पर अंग्रेजी में लिखा था-बैड बुक। प्रतिनिधि मंडल के सभी सदस्यों की आखें इस पुनीत दर्शन से फ़टी की फ़टी रह गयीं। प्रतिनिधि मंडल लौटने लगा। उनमें से एक बड़बड़ाया-बौड़म है ससुर! दूसरे ने कहा-घी के लड्डू, बड़ा ही सुलझा और व्याव्हास्त्रिक आदमी है। इसी लिए इतना सफल और सम्पन्न है। बाकी सभी चुपचाप खिसक लिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**डॉ प्रशान्त करण**

# मानवता शर्मसार है पूर्णिया टेटगामा कांड से

बिहार के पूर्णियां जिला मुख्यालय से लगभग 20 किमी दूर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रजीगंज पंचायत के टेटगामा उरांव टोला में डायन होने की आशंका में एक ही परिवार के पांच लोगों को जिंदा जला दिया गया और शव को एक पानी-क्षेत्र में जलकुंभी के नीचे दबा दिया गया। डायन प्रथा की भेंट चढ़ गई पांच जिंदगी। पूर्णिया के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टेटगामा गांव में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी गई, जिनमें तीन महिलाएं शामिल थीं। इस घटना में आरोपियों ने परिवार के सदस्यों को डायन बताकर पहले उनकी बेरहमी से पिटाई की और फिर जिंदा जला दिया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक तांत्रिक भी शामिल है। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रजीगंज पंचायत के टेटगामा उरांव टोला में डायन होने की आशंका में एक ही परिवार के पांच लोगों को जिंदा जला दिया गया और शव को एक पानी-क्षेत्र में जलकुंभी के नीचे दबा दिया गया। इस नरसंहार में बाल-बाल बचे परिवार के सदस्य सोनू (15वर्ष) ने भागकर अपनी जान बचाई। सोनू ने उस नरसंहार की आंखों देखी बताई तो पुलिस सक्रिय हुई और घंटो मशक्कत के बाद डॉग स्क्वाड की मदद से जले हुए शवो को जलकुंभी से बरामद किया गया। मृतकों में परिवार का मुखिया बाबू लाल उरांव (40), पत्नी सीता देवी (35),बूढ़ी मां सातो देवी (65) ,बेटा मंजीत (25)और उसकी पत्नी रानी देवी(20)शामिल है। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद से गांव के सभी लोग फरार हैं और गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। पूर्णिया जिले के पूर्व प्रखंड स्थित टेटगामा गांव में उरांव जनजाति के करीब 50 परिवार निवास करते हैं, जिनकी जनसंख्या लगभग 300 है। इस गांव में अन्य जातियों के लोग भी रहते हैं। लेकिन उरांव समुदाय के लोग अधिकतर एक-दूसरे के पास रहते हैं। करीब दस दिन पहले रामदेव उरांव के एक बेटे की बीमारी के कारण मौत हो गई थी। उसके बाद दूसरा बेटा भी बीमार पड़ गया। इसी क्रम में रामदेव को संदेह हुआ कि उसके बेटे की मौत और दूसरे बेटे की बीमारी के पीछे किसी डायन का हाथ है। संदेह की सुई बाबूलाल की मां सातो देवी और उसकी पत्नी सीता देवी पर गई। रामदेव ने इन्हें जादू-टोना करने वाली महिलाएं यानी डायन घोषित कर दिया। गांववालों ने भी अंधविश्वास के चलते उनकी बात मान ली। जिस पंचायत में बाबूलाल के परिवार की हत्या का फैसला लिया गया। उसमें इस बात को प्रमाण के तौर पर रखा गया कि ओझाओं की भी राय है कि बाबूलाल की मां और पत्नी डायन है। आज भी आदिवासी समाज में झाड़-फूंक और ओझा-भगतों की बातों पर अंधविश्वास व्याप्त है। बीमारी होने पर डॉक्टर के पास जाने की बजाय लोग ओझाओं के पास जाते हैं, जो अक्सर बीमारी की जड़ डायन को बताते हैं। ओझा की कही हुई बात को अंतिम सत्य मान लिया जाता है। बताया जाता है कि जिस पंचायत में बाबूलाल के परिवार की हत्या का निर्णय लिया गया, वहां ओझाओं की राय को प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया गया। ओझाओं ने सातो देवी और उसकी बहू सीता देवी को डायन बताया, जिसके आधार पर यह अमानवीय फैसला लिया गया। आदिवासी समाज में डायन प्रथा एक पुराना और खतरनाक अंधविश्वास है। किसी महिला को डायन घोषित करने के पीछे कई सामाजिक पूर्वाग्रह होते हैं. जैसे उम्रदराज होना, चेहरा विकृत हो जाना, बार-बार बुदबुदाना, क्रोधित स्वभाव, या अत्यधिक पूजा-पाठ में लिप्त रहना। सातो देवी इन सभी पूर्वाग्रहों पर खरा उतरती थीं। इसलिए उन्हें डायन मान लिया गया। समाज में यह मान्यता भी प्रचलित है कि डायन का ज्ञान एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में स्थानांतरित होता है। यही कारण रहा कि सातो देवी के साथ-साथ उनकी बहू सीता देवी और फिर उसकी बहू रानी देवी.. तीनों को डायन मानकर जिंदा जला दिया गया। त्रासदी का सबसे भयावह पहलू यह है कि पीड़ित और अपराधी सभी एक ही समुदाय के थे। आपस में रिश्तेदार भी। लेकिन अशिक्षा, अंधविश्वास और सामाजिक कुंठाओं के अंधेरे में डूबी भीड़ ने रिश्तों, मानवता और कानून सब कुछ रौंद दिया। टेटगामा गांव की यह घटना इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज हो गई है, जो यह बताती है कि जब अंधविश्वास हावी हो जाता है, तो इंसानियत दम तोड़ देती है। डायन प्रथा जैसे अमानवीय अंधविश्वास पर कानून के साथ-साथ समाज को भी सख्ती से चोट करनी होगी।


**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**कुमार कृष्णन**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




### आज का दोहा

कितनी चढ़ी चढ़ाइयां, उतरे बहुत ढलान।
तब जाकर उस पार का, हमको दिखा मचान।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# विवाहेतर संबंधों के चलते नवविवाहित पतियों के कत्ल का सिलसिला!

युवतियों के लव अफेयर्स विवाह पूर्व के वर्जित संबंध अब नव विवाहित पतियों के लिए जान का जंजाल बन रहे हैं अब बिहार में इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड जैसा ही मामला सामने आया है। यह मामला औरंगाबाद का है, जहां एक नव विवाहिता पत्नी ने अपने फूफा के साथ मिलकर शादी के 45 दिन बाद पति को मौत के घाट उतरवा दिया। मृतक की पहचान 24 साल के प्रियांशु के तौर पर हुई है। महिला का अपने फूफा के साथ 15 साल से अफेयर चल रहा था। 24 जून की रात को आरोपी महिला पति के साथ नवी नगर रेलवे स्टेशन से घर के लिए निकली थी। पति की लोकेशन भेज कर भाड़े के हत्यारों को जानकारी दी गई। हत्यारों ने योजना बद्ध तरीके से रास्तें में अज्ञात बदमाशों ने प्रियांशु को गोली मार दी। पुलिस मानकर चल रही थी कि सुपारी देकर हत्या करवाई गई है। पुलिस ने जैसे-जैसे जांच की, शक की सुई मृतक की पत्नी गुंजा सिंह पर टिक गई। पुलिस के सख्ती बरतने पर महिला ने पूरा भेद खोल दिया। गुंजा सिंह का अपने फूफा 52 साल के जीवन सिंह के साथ अफेयर था। दोनों एकसाथ रहना चाह रहे थे, लेकिन पारिवारिक दबाव के चलते गुंजा सिंह ने शादी कर ली। लेकिन गुंजा अपने प्यार को भुला नहीं पाई और दोनों ने साथ रहने की सोची। दोनों ने अपने रास्ते में बाधा बन रहे प्रियांशु को हटाने की साजिश रची। जीवन सिंह ने प्रियांशु को मारने के लिए झारखंड के गढ़वा जिले के रहने वाले मुकेश शर्मा और जयशंकर चौबे की मदद ली। दोनों हिस्ट्रीशीटर बदमाश हैं। 24 जून को प्रियांशु ने फोन पर पत्नी को लोकेशन की जानकारी दी थी। गुंजा ने अपने फूफा को फोन कर पूरा भेद खोल दिया था। इसके बाद दोनों बदमाश मौके पर पहुंचे और प्रियांशु को आते ही गोली मार दी। बाद में मामले की जांच के दौरान पुलिस को गुंजा पर शक हुआ। पुलिस ने उसकी कॉल रिकॉर्डिंग निकलवाई और पूछताछ की। महिला ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। बताया जा रहा है कि अभी जीवन सिंह फरार है। एक कॉल डिटेल ने पूरा राज खोल दिया। औरंगाबाद का यह मामला कहीं न कहीं मध्य प्रदेश के इंदौर के रहने वाले राजा रघुवंशी मर्डर मामले की याद दिलवाता है। मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग में सोनम रघुवंशी नाम की महिला ने अफेयर के चलते पति का मर्डर करवाया था। इससे पहले भी कई ऐसे प्रेम प्रसंग के मामले सामने आ चुके है जिसमें शादी के बाद पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी. ऐसे ही मामलों के बारे में आपको बताते हैं जिसकी चर्चा पूरे देश में हुई है। अभी राजा हत्याकांड का खुलासा हो ही रहा है कि 11जून को उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर में सामने आए ऐसे ही एक और मामले ने सनसनी फैला दी है। यहां एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी और उसका शव फेंक दिया। पुलिस की जांच में पता चला है कि महिला पति को बलरामपुर ले गई और वहां नशीला पदार्थ खिलाकर प्रेमी की मदद से उसे पुल से राप्ती नदी में फेंक दिया था।महिला ने शादी के लगभग 18 साल बाद प्रेमी की चाह में उससे मिलकर पति की हत्या करवा दी। कन्नन से 18 साल पहले संगीता की शादी हुई थी। शादी के बाद कन्नन और संगीता का 12 साल का एक बेटा भी है। इस दौरान संगीता बलरामपुर निवासी अनिल शुक्ला उर्फ विवेक निवासी लक्ष्मणपुर धर्मपुर थाना ललिया से प्रेम भी करती रही। इसी तर्ज पर उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में भी सामने आया, जहां शादी के 15 दिन बाद ही पति का मर्डर कर दिया गया। औरैया में दिलीप नाम के युवक की शादी के 15 दिन बाद ही हत्या कर दी गई। इस हत्या की साजिश दिलीप की पत्नी प्रगति ने अपने प्रेमी अनुराग के साथ मिलकर रची थी। प्रगति और अनुराग पिछले चार साल से रिलेशन में थे। प्रगति किसी भी हाल में अनुराग को पाना चाहती थी। ऐसे में उसने पति को रास्ते से हटाने के लिए खौफनाक साजिश रच डाली। शादी के 15 दिन बाद 19 मार्च को दिलीप को गोली मारी गई, जिसमें उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में प्रगति और अनुराग को गिरफ्तार कर लिया। मेरठ का सौरभ हत्याकांड काफी सुर्खियों में रहा था। 3 मार्च की रात मुस्कान ने अपने बॉयफ्रेंड साहिल के साथ मिलकर पति सौरभ की हत्या कर दी थी। उत्तर प्रदेश के मेरठ में सौरभ हत्याकांड सामने आया था, जिसमें सौरभ की पत्नी मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने ही पति को रास्ते से हटा दिया। ये मर्डर केस इतना खौफनाक था कि सौरभ के शव को कई टुकड़ों में काटा और नीले रंग के ड्रम में भरकर सीमेंट से जमा दिया। पुलिस ने इस मामले का खुलासा किया और मुस्कान और साहिल को गिरफ्तार कर लिया। मुस्कान गर्भवती भी है। जेल में हुई प्रेग्नेंसी टेस्ट में उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंवं मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बिहार का हरिहर नाथ मंदिर जहां भगवान विष्णु के साथ होती है महादेव की पूजा

**एजेंसी। छपरा**

बिहार का हरिहर नाथ मंदिर शायद देश का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां गर्भगृह में एक ही साथ भगवान विष्णु और भगवान शिव की पूजा होती है। सारण जिले के सोनपुर में गंडक और गंगा के तट पर स्थित यह मंदिर आम से लेकर खास शैव और वैष्णव संप्रदाय के लोगों के लिए आस्था का केंद्र है।



हरिहरनाथ मंदिर न सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है, बल्कि ऐतिहासिक और पौराणिक दृष्टिकोण से भी विशेष महत्व रखता है। श्रावण माह में इस मंदिर की महिमा और भी बढ़ जाती है, जब हजारों की संख्या में शिवभक्त यहां जलाभिषेक और दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

गंगा और गंडक नदियों के संगम पर बसे सोनपुर स्थित यह मंदिर भगवान शिव और विष्णु की संयुक्त आराधना का प्रतीक है। बताया जाता है कि बाबा हरिहर नाथ ऐसा शिवालय है, जहां स्थापित शिवलिंग के आधे भाग में शिव (हर) और आधे भाग में विष्णु (हरि) का निवास है। एक ही गर्भगृह में विराजे दोनों देव एक साथ हरिहर कहलाते हैं।मान्यता है कि हरिहरनाथ मंदिर का निर्माण स्वयं भगवान श्रीराम ने करवाया था। कहा जाता है कि श्रीराम ने यहां अहिल्या उद्धार के पश्चात विश्राम किया और फिर शिवलिंग की स्थापना कर पूजा की। एक अन्य मान्यता के अनुसार, इसकी स्थापना स्वयं ब्रह्मा ने शैव और वैष्णव संप्रदाय को एक-दूसरे के पास लाने के लिए की थी। गज-ग्राह की पुराण कथा भी प्रमाण है। इसी स्थान पर लंबे संघर्ष के बाद शैव और वैष्णव मतावलंबियों का संघर्ष विराम हुआ था। इस क्षेत्र में शैव और वैष्णव संप्रदाय के लोग एक साथ कार्तिक पूर्णिमा का स्नान और जलाभिषेक करते हैं। बताया जाता है कि मुगल शासक औरंगजेब के शासनकाल में यह मंदिर क्षतिग्रस्त हुआ, जिसे राम नारायण ने 18वीं शताब्दी में फिर से बनवाया।

मंदिर के पुजारी सुशील चन्द्र शास्त्री ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि भगवान शिव के अत्यंत प्रिय महीने श्रावण माह में इस मंदिर की रौनक बढ़ जाती है। दूर-दराज से श्रद्धालु यहां जल लेकर पहुंचते हैं और हर-हर महादेव के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठता है।

### हर साल लाखों शिवभक्त करते हैं जल अर्पण

मंदिर समिति के अनुसार, हर साल लाखों शिवभक्त यहां जल अर्पण करते हैं। वर्तमान में मंदिर के प्रबंधन की जिम्मेदारी बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अधीन है। सुरक्षा और व्यवस्था को देखते हुए श्रावण मास में यहां विशेष व्यवस्था की जाती है। मंदिर के पुजारी और भक्तों के अनुसार, यह मनोकामना मंदिर है। पुजारी बताते हैं कि यहां पहुंचकर पूजा अर्चना करने पर अद्भुत ऊर्जा मिलती है। भक्तों को लगता है कि यहां दोनों देवों से शक्ति मिलती है। भगवान विष्णु को सृष्टि का पालक और भगवान शिव को संहार करने वाला देव माना जाता है, ऐसे में भक्तों को लगता है कि एक मंदिर पहुंचकर दोनों देव खुश हो जाते हैं।

## कांवड़ यात्रा: 'श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि', सीएम योगी ने अधिकारियों को दिए निर्देश



**लखनऊ।** सावन महीने में कांवड़ यात्रा के सुचारु संचालन को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उच्चस्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धा, सुरक्षा और सेवा के संकल्प के साथ कांवड़ यात्रा का संचालन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित होनी चाहिए और इसमें किसी प्रकार का विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कांवड़ यात्रा मार्ग पर साफ-सफाई, सुरक्षा और चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। महिला श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए सीएम योगी ने विशेष निर्देश दिए कि महिला कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम हों तथा महिला पुलिस बल की प्रभावी तैनाती की जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से सूचनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए।

## सीजेआई बीआर गवई अस्पताल में भर्ती, तेलंगाना दौरे पर हुए थे संक्रमण के शिकार



**तेलंगाना।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई को हाल ही में तेलंगाना की यात्रा के दौरान कथित तौर पर गंभीर संक्रमण होने के बाद दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, न्यायमूर्ति गवई वर्तमान में चिकित्सा देखभाल में हैं और उपचार का सकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। संक्रमण के बारे में विस्तृत जानकारी अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। अपनी खराब सेहत के कारण, न्यायमूर्ति गवई सोमवार को अदालती कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं कर पाए। हालाँकि, मामले से परिचित अधिकारियों ने आशा व्यक्त करते हुए कहा है कि मुख्य न्यायाधीश की हालत में लगातार सुधार हो रहा है और अगले कुछ दिनों में उनके अपने आधिकारिक कार्यभार संभालने की संभावना है। गौरतलब है कि मुख्य न्यायाधीश 12 जुलाई को नालसर विधि विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह में भाषण देने के लिए हैदराबाद में थे।

## झूठी जानकारी वाले वीडियो के प्रसारण पर यूट्यूबर के खिलाफ मामला दर्ज

**मेंगलुरु।** कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के धर्मस्थल गांव में मृत शरीरों के निपटान से जुड़ी झूठी जानकारी के साथ वीडियो प्रसारित करने के आरोप में यूट्यूबर समीर एम.डी. के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। दक्षिण कन्नड़ के पुलिस अधीक्षक डॉ. अरुण के. ने इसकी जानकारी दी है। दक्षिण कन्नड़ पुलिस के अनुसार यूट्यूबर समीर एम.डी. के खिलाफ धर्मस्थल पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। धर्मस्थल में कई मृत शरीर दफनाए जाने के आरोपों के बाद, यूट्यूबर ने अपने चैनल पर इस विषय से संबंधित एक वीडियो अपलोड किया था, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की सहायता से तैयार की गई काल्पनिक और भ्रामक जानकारी शामिल थी। यह वीडियो जानबूझकर जनता को भड़काने के उद्देश्य से प्रसारित किया गया था। एसपी डॉ. अरुण के. ने इस संबंध में जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 7 जुलाई को शिकायतकर्ता के वकील द्वारा एक प्रेस वार्ता में दिए गए कुछ बयान तथ्यात्मक रूप से गलत थे।

**पीड़ित युवतियों का आरोप-**

# भारत को इस्लामिक देश बनाना चाहता था छांगुर बाबा

- **धर्मांतरण में फंसी लड़कियों ने पत्रकार वार्ता कर सरकार से लगाई सुरक्षा की गुहार**

**एजेंसी। लखनऊ**

हजारों हिंदू लड़कियों को फंसाकर धर्मांतरण कराने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को लेकर रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। अब कुछ पीड़ित युवतियों ने आरोप लगाया है कि छांगुर बाबा और उनके सहयोगी भारत को इस्लामिक देश बनाने का षडयंत्र रच रहे थे। पीड़ित युवतियों का कहना है कि उनकी घर वापसी के बाद उन्हें धमकियां मिल रही हैं। उन्हें सरकार सुरक्षा उपलब्ध कराये। सोमवार को लखनऊ में विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के जिलाध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में कुछ पीड़ित युवतियों ने पत्रकार वार्ता के दौरान आपबीती बयां की। पीड़ित युवतियों ने छांगुर और उसके सहयोगियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उन्हें धमका, प्रेमजाल में फंसाकर, पैसों का प्रलोभन देकर उनका धर्मांतरण कराया गया। पीड़ित युवती ने पीड़ित ने मीडिया को छांगुर की काली करतूतों को बयां करते हुए बताया कि वह औरैया जिले की रहने वाली है। पिछले वर्ष की बात है, जब अपने पिता की शराब लत को छुड़ाने के परेशान थी। इसी दौरान मेराज नाम के युवक ने अपना रूद्र शर्मा बताते कहा कि वह उसके पिता की शराब छुड़वा देगा। युवती ने बताया कि मेराज उर्फ रूद्र ने उसके परिवार को छांगुर बाबा से लखनऊ में मिलवाया। छांगुर ने उसे ताबीज देकर दुआ पढ़ी थी। इसके कुछ दिन बाद मेराज उर्फ रुद्र शर्मा उनके घर आया और कानपुर में आए झांगुर बाबा से मिलाने के लिए उसे अपने साथ ले गया। युवक उसे कानपुर न ले जाकर फतेहपुर बिन्दकी की एक मस्जिद में ले गया, जहां उसका जबरन निकाह कराया गया। तब उसे पता चला कि युवक का असली नाम रुद्र नहीं मेराज है। उसने उसे इस्लाम कबूल करवाते हुए उसका जैनब नाम रखा। उसे तीन महीने अपनी कैद में रखा और उसके साथ जबरदस्ती की। इसके बाद वह किसी तरह वह वापस अपने घर आई तो मेराज आ गया। युवती का आरोप है कि मेराज ने उससे जुड़ी फोटो और वीडियो दिखाई और कहा कि उसकी छोटी बेटी की भी शादी करवा दो। इसी बहस में लड़की के पिता ने मेराज के सिर में लोहे की रॉड मार दी, जिससे मेराज की मौत हो गई। इसके बाद उसके मां-बाप को जेल भेज दिया गया। युवती ने पत्रकारों को बताया कि अपने साथ हुई घटना को लेकर पीड़ित मेराज के खिलाफ केस दर्ज कराने गई तो औरैया पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया।

### किसी को प्रेम में तो किसी धमका कर कराया धर्मांतरण



पत्रकार वार्ता में अन्य पीड़ित युवतियों ने बताया कि छांगुर बाबा के गिरोह में शामिल लड़के पहले तो अपनी बातों या प्रेमजाल में फंसाकर उनसे शादी का प्रस्ताव रखते हैं। जब लड़किया राजी हो जाती हैं, तो उन्हें मस्जिद में ले जाकर उनका धर्मांतरण कराते हैं। यदि कोई लड़की नहीं राजी होती है तो गंदी वीडियो व फोटो को वायरल करने की धमकी देकर उनका धर्मांतरण कराते हैं। उनका शारीरिक शोषण किया जाता है।

### धर्मांतरण के लिए तय थी रेट लिस्ट

पीड़ित युवतियों ने आरोप लगाया कि हिंदू लड़कियों का धर्मांतरण कराने के लिए वहां रेट लेस्ट बनी थी। पीड़ितों का कहना है कि एजेंटों को हिन्दू धर्म के ब्राह्मण, सरदार अथवा क्षत्रिय की लड़की को इस्लाम स्वीकार कराने पर पन्द्रह से सोलह लाख रुपये मिलते थे। पिछड़ी जाति की लड़की के लिये दस से बारह लाख और अन्य जाति की लड़कियों को आठ से दस लाख रुपये मिलते थे। घर वापसी करने के बाद पीड़ित लड़कियों का कहना है कि उनको धमकियां मिल रही हैं। वे सरकार से मांग करती है कि उन्हें और उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया करायी जाए।

### विदेशों आने वाले पैसों का लेखा-जोखा नसरीन के पास

पीड़ित युवतियों ने बताया कि छांगुर बाबा का यूपी हीं नहीं बल्कि सऊदी अरब समेत कई देशों में कनेक्शन है। उसके एजेंट इन देशों में रहकर धर्मांतरण का काम करा रहे हैं। वहीं उनकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन उसका पति नवीन रोहरा उर् जमालुद्दीन समेत कई सहयोगी विदेश व इस्लामिक देशों यात्रा कर चुके हैं। विदेशों आने वाले पैसों का लेखा-जोखा नसरीन रखती थी। उनके 40 बैंक खातों में सौ करोड़ से अधिक का लेनदेन हुआ है। नीतू और नवीन के खातों में 32 करोड़ रुपये है। एजेंटों को चेक और कैश पैसे का भुगतान होता था।

### लड़कियों व जिलाध्यक्ष को मिल रही धमकियां

पत्रकार वार्ता में वीएचपी जिलाध्यक्ष गोपाल राय ने बताया कि वे सनातन को मजबूत करने के लिए लोगों की घर वापसी कराते रहेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलने की कोशिश की है, लेकिन अभी मुलाकात नहीं हो सकी है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि कुछ ऐसी घटनाएं हैं, जो थाना, तहसील पर होती हैं और गरीबों की सुनवाई नहीं होती है। औरैया की लड़की के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है।

## मेरठ में स्कूल बस की टक्कर से तीन कांवड़िए घायल, बस में तोड़फोड़ की कोशिश

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले मेंकांवड़ यात्रा के दौरान उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई जब एक स्कूल बस ने जल लेकर जा रहे तीन कांवड़ियों को टक्कर मार दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक इस हादसे में तीनों श्रद्धालु घायल हो गए, जिसके बाद नाराज कांवड़ियों ने बस में तोड़फोड़ की कोशिश की, लेकिन वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने किसी तरह मामले को शांत कराया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना जिले के सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेगमपुल चौकी के पास दिल्ली मार्ग पर हुई। गाजियाबाद निवासी संदीप, बॉबी और अभिषेक हरिद्वार से जल लेकर लौट रहे थे, तभी कैंट अस्पताल के समीप पीछे से आई स्कूल बस कांवड़ियों से मामूली रूप से टकरा गई। टक्कर लगते ही तीनों कांवड़िए घायल हो गए।

## सीनियर वकील से पीएम ने फोन पर पूछा, मराठी में बोलूं या हिंदी में?

**मुंबई।** "कल प्रधानमंत्री साहब का फोन आया था। उन्होंने बात की शुरुआत मराठी में की। कहा कि मी मराठीत बोलू की हिंदीत? मैं हंसने लगा। इसके बाद वो इतना दिल खोलकर हंसे कि मैंने पहली बार सुना कि हमारे प्रधानमंत्री इतना दिल खोलकर हंसते हैं।" ये देश के वरिष्ठ वकील और राज्यसभा के लिए मनोनीत हुए उज्जवल निकम कहना है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के लिए चार लोगों को मनोनीत किया है, जिनमें पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, विशेष सरकारी वकील उज्ज्वल निकम, केरल के भाजपा नेता सी सदानंदन मास्टर और इतिहासकार डॉ. मीनाक्षी जैन शामिल हैं। 12 जुलाई की रात गृह मंत्रालय की ओर से इस बाबत अधिसूचना भी जारी कर दी गई थी। लेकिन उज्जवल निकम को इस बात की जानकारी पीएम मोदी के फोन कॉल पर हुई। उज्जवल निकम के मुताबिक पीएम मोदी ने उनसे फोन पर ये पूछा कि उन्हें हिंदी में बात करनी चाहिए या मराठी में? उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फ़ोन आया था।

# आज का राशिफल

**मेष :** स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। सफलता मिलेगी।

**वृष :** विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**मिथुन :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें।

**कर्क :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**सिंह :** व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सही समय का इंतजार करें।

**कन्या :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा।

**तुला :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी।

**वृश्चिक :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। शुभ समाचारों मिलेगें।

**धनु :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आत्मचिन्तन करें।

**मकर :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। समय पर देनदार भी पैसे लौटाने में आनाकानी करेंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**कुंभ :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**मीन :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, इ्क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना बड़ेगा।

**बिहार में बिगड़ी कानून-व्यवस्था, 24 घंटे में चौथी हत्या**

## पटना में वकील को मारी गोली

**एजेंसी। पटना**

बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। पिछले 24 घंटों के भीतर राज्य में गोलीबारी की चौथी घटना सामने आई है।



गुरुवार को पटना के सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में जितेंद्र कुमार महतो (58 वर्षीय) नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।

**चाय पीकर लौट रहे वकील को मारी गोली :** पटना पूर्वी पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने बताया कि जितेंद्र कुमार महतो गुरुवार को चाय पीकर लौट रहे थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उन्हें गोली मार दी। कुमार के अनुसार, 'अपराधियों ने जितेंद्र महतो नाम के व्यक्ति को गोली मार दी। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसकी मौत हो गई।' पुलिस को घटनास्थल से तीन गोलियों के खोखे मिले हैं, और मामले की सभी संभावित पहलुओं से जांच की जा रही है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक महतो पेशे से वकील थे, हालांकि पिछले दो सालों से वह सक्रिय रूप से वकालत नहीं कर रहे थे। उनके परिवार ने पुलिस को बताया कि वह रोजाना उसी जगह चाय पीने आते थे। एसपी कुमार ने कहा, 'आज वह यहां चाय पीने आए थे और लौटते समय उन्हें गोली मार दी गई।'

**जांच जारी, हमलावरों की तलाश :** पटना सिटी के एएसपी अतुलेश झा ने भी घटनास्थल का दौरा किया है। सुल्तानपुर थाने की टीम मामले की गहराई से जांच कर रही है। फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (FSL) को भी सूचित कर दिया गया है, और पुलिस हमलावरों की पहचान के लिए आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## बिहार बना 'क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया', कुर्सी बचा रहे सीएम

**एजेंसी। पटना**



बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासत तेज हो गई है। वहीं, विपक्ष बिहार में कानून व्यवस्था और मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर एनडीए सरकार पर लगातार हमला बोल रहा है। इन सबके बीच कानून व्यवस्था को लेकर राहुल गांधी ने भी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल ने एक्स पर लिखा कि बिहार बना 'क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया' - हर गली में डर, हर घर में बेचैनी! बेरोज़गार युवाओं को हत्यारा बना रहा है गुंडा राज। नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए राहुल ने आगे लिखा कि CM कुर्सी बचा रहे हैं, BJP मंत्री कमीशन कमा रहे हैं। मैं फिर दोहरा रहा हूं - इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बिहार को बचाने का है। व्यापारियों, राजनेताओं, वकीलों, शिक्षकों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर एक के बाद एक अंजाम दी जा रहीं हत्या की घटनाओं ने बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। पुलिस ने इन घटनाओं के लिए अवैध हथियारों और गोला बारूद की व्यापक उपलब्धता को जिम्मेदार ठहराया है। पिछले 10 दिन में, व्यवसायी गोपाल खेमका, भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार, 60 वर्षीय एक महिला, एक दुकानदार, एक वकील और एक शिक्षक सहित कई लोगों की हत्याओं ने चुनाव से पहले बिहार को दहला दिया है। राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, राज्य में जनवरी से जून के बीच हर महीने औसतन 229 हत्याओं के साथ 1,376 हत्या के मामले दर्ज किए गए, जबकि 2024 में यह संख्या 2,786 और 2023 में 2,863 थी।

**मीडियाकर्मियों से ये क्या बोल गए तेस्जवी**

### हम ऐसे सूत्र को मूत्र समझते है...



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को बिहार मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों की संभावित उपस्थिति पर एक प्रश्न पर स्रोतों का हवाला देने के लिए एक पत्रकार की आलोचना की और कहा कि ऐसे स्रोतों को वह मूत्र मानते हैं। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजद नेता तेजस्वी यादव ने मतदाता सत्यापन और मतदाता सूची से नामों के संभावित विलोपन को लेकर चिंता जताई। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तेजस्वी यादव से भारत भर में मतदाता सूची में विदेशी अवैध प्रवासियों की संभावित उपस्थिति की रिपोर्ट के बारे में पूछा गया, जिस पर चुनाव आयोग गहन समीक्षा करने की योजना बना रहा है। इसके जवाब में तेजस्वी ने कहा कि चुनाव आयोग स्वयं सामने आने की बजाय सूत्रों के हवाले से खबर प्लांट करवा रहा है।

## ट्रेन पर 'रील' बनाते समय करंट लगने से किशोर की मौत

**एजेंसी। मुंबई**

नवी मुंबई में नेरुल रेलवे स्टेशन पर एक खड़ी ट्रेन के ऊपर चढ़कर सोशल मीडिया के लिए 'रील' बनाने की कोशिश के दौरान करंट की चपेट में आने से 16 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। वाशी राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के वरिष्ठ निरीक्षक किरण उंद्रे ने बताया कि किशोर की पहचान आरव श्रीवास्तव के रूप में हुई है, जो नवी मुंबई में बेलापुर से था। आरव छह जुलाई को अपने दोस्तों के साथ रेलवे स्टेशन गया था। अधिकारी ने कहा, ''वह कचरे से लदी एक खड़ी ट्रेन पर चढ़ गया और रील बनाने की तैयारी करने लगा।'' उन्होंने बताया कि ट्रेन के डिब्बे पर चढ़े लड़के का हाथ ऊपर से गुजर रहे उच्च क्षमता वाले बिजली के तार के संपर्क में आ गया, जिससे उसे जबरदस्त बिजली का झटका लगा और वह नीचे गिर गया। अधिकारी ने बताया कि किशोर के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर कई जगह चोट के निशान थे और वह 60 प्रतिशत तक झुलस गया था।

**वैध मतदाता** बांग्लादेश-म्यांमार से आए लोग वैध मुस्लिमों के अधिकार छीन रहे बोले-

# घुसपैठियों को वैध मतदाता के रूप में देखना गलत : नकवी

- **राजद, कांग्रेस जैसे दलों पर अवैध मतदाताओं को समर्थन देने का आरोप**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने बिहार मतदाता सूची में विदेशी नागरिकों के नाम होने के दावों पर बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव की टिप्पणी पर जोरदार पलटवार किया है। नकवी ने कहा कि जिस तरह का तेजस्वी ने जैसा बयान दिया है वह ठीक नहीं है और घुसपैठियों को वैध मतदाता के रूप में देखना गलत है।

सोमवार को आईएएनएस से बातचीत के दौरान मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि घुसपैठियों को वैध मतदाता के तौर पर देखना या उनकी वैधता का समर्थन करना गलत है। उन्होंने तर्क दिया कि ये घुसपैठिए, चाहे वे बांग्लादेश, म्यांमार या कहीं और से आए हों, भारतीय नागरिकों, खासकर वैध मुस्लिम नागरिकों के आर्थिक और शैक्षिक अधिकारों का हनन कर रहे हैं। नकवी ने जोर देकर कहा कि ऐसी गतिविधियां नागरिकों के अधिकारों का अपहरण हैं और इन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि इस मुद्दे पर भ्रम फैलाना खतरनाक है और यह देश के हित में नहीं है।

उन्होंने इंडी अलायंस पर तंज कसते हुए कहा कि मुझे लगता है कि जो भी दल, चाहे वो तेजस्वी यादव की पार्टी हो, कांग्रेस पार्टी हो या कोई और दल, आज अवैध मतदाता बन चुके घुसपैठियों को नजरअंदाज करने की बात कर रहे हैं या अपनी वैधता साबित करने और दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, वो सही नहीं है। ये घुसपैठिए वैध मतदाता बनकर भारत के नागरिकों के अधिकारों का हनन कर रहे हैं, उनके अधिकारों का अपहरण करना है। अधिकारों के इस अपहरण और हड़पने में अगर सबसे ज़्यादा कोई पीड़ित है, तो वो हैं भारत के वैध मुसलमान।

### घुसपैठिए भारत के मुसलमानों का हक छीन रहे हैं

ये घुसपैठिए, चाहे वो बांग्लादेश से आए हों, म्यांमार से आए हों या कहीं और से, अगर वो किसी का हक मार रहे हैं, तो वो भारत के उन मुसलमानों का हक मार रहे हैं, जिनके आर्थिक और शैक्षिक अधिकार हैं, जिनके दूसरे अधिकार हैं। इसीलिए घुसपैठियों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।आईआईएम कोलकाता में छात्रा के साथ बलात्कार मामले पर नकवी ने कहा कि कोई भी संस्थान केंद्र, राज्य, राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय या निजी हो सकता है, लेकिन वहां के लोगों की सुरक्षा, संस्थान की सुरक्षा और वहां काम करने या पढ़ने वाले लोगों की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।

# फाइटर हेलीकॉप्टर और जवानों की पेंटिंग से सजी धोनी की पसंदीदा एसयूवी 'हमर'




**रांची।** रांची की सड़कों पर अगर आपको सेना के पराक्रम की झलक दिखाती कोई एसयूवी गरजती नजर आ जाए, तो समझ लीजिए, यह 'कैप्टन कूल' महेंद्र सिंह धोनी की पसंदीदा हमर एच-टू है। अमेरिकी ऑटोमोबाइल ब्रांड जनरल मोटर्स की इस दमदार एसयूवी को धोनी ने वर्ष 2009 में खरीदा था। 15 साल बाद अब उन्होंने इसे नया लुक देकर सेना के रंग में रंग दिया है। नई लुक वाली इस हमर के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। धोनी की हमर पर अब फाइटर हेलीकॉप्टर, टैंकर, प्लेन और मोर्चे पर अलर्ट खड़े भारतीय जवानों की पेंटिंग नजर आती है। इसे रांची स्थित एक कार डिटेलिंग स्टूडियो ने तैयार किया है। स्टूडियो के फाउंडर अच्युत किशोर ने बताया कि धोनी ने इस हमर को सेना की थीम पर डिजाइन करने का टास्क दिया था, जिसे सफलतापूर्वक पूरा कर गाड़ी को नया अंदाज दिया गया है। धोनी का सेना से जुड़ाव हमेशा खास रहा है। 2011 में उन्हें टेरेटोरियल आर्मी में मानद लेफ्टिनेंट कर्नल की उपाधि दी गई थी। उन्होंने पैरा फोर्सेस और पैराशूट जंपिंग का प्रशिक्षण भी लिया है।

**सेना** से जुड़ाव हमेशा खास रहा

**15 साल** बाद अब उन्होंने इसे नया लुक देकर सेना के रंग में रंग दिया है

# चेल्सी ने पीएसजी को हराकर फीफा क्लब विश्व कप जीता





**न्यूजर्सी।** कोल पाल्मर के शानदार प्रदर्शन की बदौलत चेल्सी ने सोमवार को पेरिस सेंट-जर्मेन पर 3-0 की शानदार जीत के साथ फीफा क्लब विश्व कप अपने नाम किया। मेटलाइफ स्टेडियम में हुए इस धमाकेदार फाइनल में, पाल्मर ने शुरुआती हाफ में आठ मिनट के अंतराल में दो गोल किए। मुकाबले के 22वें मिनट मॉलो गुस्टो की मदद से पाल्मर ने पहला गोल दागा। इसके बाद 30वें मिनट पाल्मर ने एक बार फिर गोल करते हुए टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। जोआओ पेड्रो ने मुकाबले के 43वें मिनट गोल दागते हुए टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। जोआओ पेड्रो के इस गोल ने चेल्सी की जीत को लगभग पक्का कर दिया था। पीएसजी की टीम इस पूरे मुकाबले में कोई गोल नहीं दाग सकी। चेल्सी 17 गोल के साथ टूर्नामेंट में शीर्ष स्कोरर रही। यह मुकाबला करीब 81 हजार दर्शकों से भरे स्टेडियम में खेला गया, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल थे। फाइनल में पहली बार हाफ-टाइम शो का आयोजन किया गया, जिसने मुकाबले को सुपर बाउल जैसा अनुभव दिया। ट्रंप ने विजेता टीम को ट्रॉफी दी। क्लब को इस जीत के साथ करीब 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि भी मिली। चेल्सी ने दूसरी बार क्लब ट्रॉफी अपने नाम की है। इससे पहले उसने साल 2021 में खिताब जीता था। पीएसजी की टीम इस खिताब को जीत नहीं सकी, लेकिन चैंपियंस लीग और फ्रेंच लीग कप डबल जीतना, उसके सीजन की बड़ी उपलब्धि रही है। चेल्सी के युवा खिलाड़ी कोल पाल्मर को गोल्डन बॉल से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड टूर्नामेंट के बेस्ट खिलाड़ी को दिया जाता है। इस टूर्नामेंट में पाल्मर ने तीन गोल के साथ दो असिस्ट भी किए। वहीं, चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज को गोल्डन ग्लव पुरस्कार मिला। पीएसजी फॉरवर्ड डेसिरे डूए को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी चुना गया।

1 पेरिस सेंट-जर्मेन पर 3-0 की शानदार जीत के साथ फीफा क्लब विश्व कप अपने नाम किया

2 यह मुकाबला करीब 81 हजार दर्शकों से भरे स्टेडियम में खेला गया

3 चेल्सी 17 गोल के साथ टूर्नामेंट में शीर्ष स्कोरर रही



# इंग्लैंड ने 22 रनों से जीता मैच

**सीरीज में बनाई 2-1 से बढ़त**

टीम इंडिया की पारी पांचवें दिन 170 रनों पर ही सिमट गई

**राहुल** ने 58 गेंदों पर 39 रनों की पारी खेली छह चौके लगाए।

**एजेंसी। लॉर्ड्स**

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले को मेजबान टीम ने 22 रनों से जीत लिया है। इसके साथ ही इस सीरीज में इंग्लैंड ने 2-1 से बढ़त बना ली है। तीसरे टेस्ट में जीत के लिए भारतीय क्रिकेट टीम को 193 रनों का टारगेट मिला था, जिसके जवाब में टीम इंडिया की पारी पांचवें दिन 170 रनों पर ही सिमट गई। इंग्लैंड की टीम के गेंदबाज भारत की दूसरी पारी में पूरी तरह से हावी रहे। भारतीय टीम चौथे दिन ही लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने चार अहम विकेट गंवा चुकी थी। पांचवें दिन रवींद्र जडेजा को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज अंग्रेज गेंदबाजों के सामने रन नहीं बना सका। जडेजा ने मुख्य बल्लेबाजों के जल्द आउट हो जाने के बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ अहम साझेदारी करके मैच को करीब ले जाने की भरसक कोशिश की। जडेजा 181 गेंदों पर धैर्यपूर्वक 61 रन बनाकर नाबाद रहे, लेकिन उन्हें दूसरे छोर पर पर्याप्त सपोर्ट नहीं मिल पाया। इसके बावजूद जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज जैसे खिलाड़ियों ने क्रमशः 54 और 30 गेंद खेलकर क्रीज पर टिकने के लिए शानदार जज्बा दिखाया। हालांकि मोहम्मद सिराज अंत में शोएब बशीर की गेंद पर बेहद दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से बोल्ड हो गए और भारत की पारी का अंत 170 रन पर हो गया। इससे पहले, पांचवें दिन के पहले सेशन में भारतीय टीम को सबसे बड़ा झटका ऋषभ पंत के आउट होने पर लगा, जिन्होंने इस सीरीज में अपनी शानदार फॉर्म से बेहतरीन पारियों को अंजाम दिया है। पहली पारी में 74 रन बनाने वाले पंत दूसरी पारी में महज 9 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें जोफ्रा आर्चर ने बोल्ड किया। इसके बाद केएल राहुल को मेजबान टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने बोल्ड करके भारत की उम्मीद को बड़ा झटका दिया। राहुल ने 58 गेंदों पर 39 रनों की पारी खेली, जिसमें उन्होंने छह चौके लगाए। इसके बाद जोफ्रा आर्चर ने वाशिंगटन सुंदर को खाता भी नहीं खोलने दिया और अपनी ही गेंद पर उनका कैच लपका। सात विकेट गंवाने के बाद भारतीय टीम के लिए रवींद्र जडेजा और नितीश कुमार रेड्डी ने 8वें विकेट के लिए संयम भरी साझेदारी निभाने की कोशिश की।

# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी स्कॉट बोलैंड ने रचा इतिहास



यह उपलब्धि सबीना पार्क में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट में हासिल की

**जमैका।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने इतिहास रच दिया है। वह 1915 के बाद टेस्ट क्रिकेट में कम से कम 2,000 गेंदें फेंकने वाले खिलाड़ियों में सबसे बेहतरीन गेंदबाजी औसत वाले क्रिकेटर बन गए हैं।
स्कॉट बोलैंड ने यह उपलब्धि सबीना पार्क में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट में हासिल की, जहां उन्होंने 13.1 ओवरों में 34 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए।
बोलैंड का टेस्ट में गेंदबाजी औसत 17.33 का है, जो टेस्ट क्रिकेट के पिछले 110 वर्षों (कम से कम 2000 गेंदें) में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ है। 1900 के बाद से बोलैंड से आगे इस सूची में केवल इंग्लैंड के सिड बार्न्स ही हैं। इनके अलावा बोलैंड से ऊपर मौजूद अन्य छह गेंदबाज 1800 के दशक से हैं। जमैका में ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में 225 रन पर ढेर हो गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टीव स्मिथ ने सर्वाधिक 48 रन बनाए, जबकि कैमरून ग्रीन ने 46 रन की पारी खेली। मेजबान टीम की ओर से शमार जोसेफ ने सर्वाधिक चार विकेट झटके।

# जापान ओपन बैडमिंटन: सात्विक-चिराग खिताब की तलाश में



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी जापान ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में खिताब जीतने के इरादे से कोर्ट में उतरेंगे। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट मंगलवार से जापान में शुरू हो रहा है, जहां भारतीय दल को इन खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें हैं।
वर्तमान में दुनिया की नंबर 15 रैंकिंग पर काबिज सात्विक-चिराग की जोड़ी इस सीजन में तीन सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में भी जगह बनाई थी। हालांकि, जनवरी में मलेशिया और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल के बाद सात्विक की सेहत और चिराग की पीठ की चोट के कारण उन्हें कुछ सप्ताह खेल से दूर रहना पड़ा। अब पूरी तरह फिट होकर लौटे इस जोड़ी ने सिंगापुर ओपन में सेमीफाइनल और इंडोनेशिया में क्वार्टरफाइनल तक का सफर तय किया। टूर्नामेंट की शुरुआत में उनका मुकाबला कोरिया के कांग मिन ह्यूक और की डोंग जू की जोड़ी से होगा।

# भारत और उज्बेकिस्तान महिला अंडर-20 के बीच मैत्री फुटबॉल मैच रद्द

**ताशकंद।** उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद के डोस्टलिक स्टेडियम में भारत और उज्बेकिस्तान महिला अंडर-20 टीमों के बीच होने वाला मैत्री मैच परिचालन चुनौतियों के कारण रद्द कर दिया गया है।
भारत इन मैत्रीपूर्ण मैचों का उपयोग अगले महीने होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी के लिए कर रहा है, जहां उसका सामना इंडोनेशिया, तुर्कमेनिस्तान और मेजबान म्यांमार से होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने अपने बयान में कहा, "भारत और उज्बेकिस्तान के बीच रविवार को ताशकंद में होने वाला अंडर-20 महिला अंतर्राष्ट्रीय मैत्रीपूर्ण मैच, डोस्टलिक स्टेडियम में संचालन संबंधी चुनौतियों के कारण रद्द कर दिया गया है। मैच को पुनर्निर्धारित करने के प्रयास जारी हैं।" भारतीय खिलाड़ियों ने बेंगलुरु के पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में प्रशिक्षण लिया था। भारत की अंडर-20 महिला टीम 24 खिलाड़ियों के साथ आई थी, जिसमें अंतिम समय में बदलाव हुआ।

# हेले मैथ्यूज ने चौथी बार जीता 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' खिताब



**दुबई।** वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर हेले मैथ्यूज ने ताजमिन ब्रित्स और एफी फ्लेचर को पछाड़कर जून महीने का 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' खिताब अपने नाम कर लिया है। मैथ्यूज ने चौथी बार 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' खिताब जीता है। इससे पहले वह नवंबर 2021, अक्टूबर 2023 और अप्रैल 2024 में यह सम्मान हासिल कर चुकी हैं। इस चौथे अवार्ड के साथ मैथ्यूज ऑस्ट्रेलिया की एश गार्डनर के साथ संयुक्त रूप से सर्वाधिक 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' खिताब जीतने वाली क्रिकेटर बन गई हैं। वेस्टइंडीज की कप्तान को यह सम्मान टी20 फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन के बाद मिला है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज को बतौर कप्तान 2-1 से जीता।

# एमआई न्यूयॉर्क ने दूसरी बार जीता मेजर लीग क्रिकेट का खिताब

**नई दिल्ली।** एमआई न्यूयॉर्क ने सोमवार को वाशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ फाइनल मुकाबले में पांच रन से जीत दर्ज की। इसी के साथ एमआई ने दूसरी बार मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) का खिताब अपने नाम कर लिया। एमआई न्यूयॉर्क ने साल 2023 में पहली बार एमएलसी की ट्रॉफी अपने नाम की थी, जिसके बाद अगले साल इस खिताब को वाशिंगटन फ्रीडम ने अपने नाम किया था। डलास में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी एमआई न्यूयॉर्क ने सात विकेट खोकर 180 रन बनाए। इस टीम को सलामी बल्लेबाजों ने शानदार शुरुआत दिलाई। मोनांक पटेल और क्विंटन डी कॉक ने 7.1 ओवरों में 72 रन जोड़े। मोनांक 22 गेंदों में 28 रन बनाकर पवेलियन लौटे। तजिंदर ढिल्लन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए, लेकिन 14 रन से ज्यादा नहीं बना सके। यहां से क्विंटन डी कॉक ने कप्तान निकोलस पूरन के साथ तीसरे विकेट के लिए 56 रन जुटाए।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# नये वैश्विक व्यापार परिदृश्य का स्वरूप तय कर रहा भारत: अरविंद विरमानी

- यह संस्करण नीति निर्माताओं, उद्योग और शिक्षा जगत के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में कार्य करता है



**एजेंसी। नई दिल्ली**

नीति आयोग के सदस्य डॉ. अरविंद विरमानी ने सोमवार को कहा कि भारत न सिर्फ वैश्विक अर्थव्यस्था में अपनी स्थित मजबूत कर रहा है, बल्कि उसे नया स्वरूप देने में अहम भूमिका निभा रहा है।
डॉ. विरमानी ने नई दिल्ली में वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के लिए "ट्रेड वॉच क्वार्टरली" प्रकाशन का तीसरा संस्करण जारी करने के अवसर पर यह बात कही। डॉ. विरमानी ने अपने संबोधन में नवीनतम व्यापार गतिशीलता को गहन विश्लेषणात्मक गहराई के साथ प्रस्तुत करने वाले एक व्यापक व्यापार प्रकाशन के लिए पूरी टीम को बधाई दी।
वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के लिए ट्रेड वॉच क्वार्टरली का नवीनतम संस्करण जारी करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की उभरती हुई व्यापार भागीदारी, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, नवाचार और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे प्रमुख बाजारों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के रणनीतिक प्रयासों द्वारा संचालित अर्थव्यवस्था की गहन प्रगति को दर्शाती है, जो अमेरिकी व्यापार नीति में हाल के बदलावों के अनुरूप है। डॉ. विरमानी ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि ऐसे समय में जब भू-राजनीतिक बदलावों, तकनीकी परिवर्तन और नीतिगत अनिश्चितता के कारण वैश्विक व्यापार का स्वरूप बदल रहा है। कहा कि यह संस्करण नीति निर्माताओं, उद्योग और शिक्षा जगत के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में कार्य करता है। यह समग्र व्यापार सुगमता को बढ़ाने और वैश्विक बाजारों में मज़बूत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए दूरदर्शी सुझाव प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि ट्रेड वॉच क्वार्टरली का नवीनतम संस्करण भारत के व्यापारिक और सेवा व्यापार का समय पर और डेटा-समृद्ध विश्लेषण प्रदान करता है। इसके साथ ही विकसित हो रही अमेरिकी व्यापार नीतियों और भारत के लिए उनके निहितार्थों की गहन पड़ताल करता है।

# एलआईसी ने बैंक एश्योरेंस के लिए एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ किया समझौता

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने कॉर्पोरेट एजेंसी व्यवस्था के तहत भारत के अग्रणी लघु वित्त बैंकों में से एक एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ समझौता किया है। इस समझौते के माध्यम से एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक अपनी शाखाओं और डिजिटल चैनलों पर एलआईसी के जीवन बीमा उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला वितरित करेगा, जिसमें वार्षिकी, यूलिप, टर्म इंश्योरेंस और बचत श्रेणी शामिल हैं।
एलआईसी ने सोमवार को एक बयान में बताया कि इस साझेदारी की आधिकारिक शुरुआत 14 जुलाई को आयोजित एक संयुक्त वेबकास्ट के जरिए हुई, जिसमें दोनों संगठनों का वरिष्ठ नेतृत्व शामिल हुआ। एलआईसी के मुताबिक यह समझौता व्यापक वित्तीय समावेशन और बीमा पहुंच के विस्तार की दिशा में एक अहम कदम है, विशेष रूप से वंचित और ग्रामीण क्षेत्रों में जहां एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की मजबूत उपस्थिति है। बीमा कंपनी के मुताबिक इससे एयू बैंक के ग्राहकों को एक ही छत के नीचे विश्वसनीय, व्यापक सुरक्षा और दीर्घकालिक बचत समाधान प्राप्त करने में मदद मिलेगी। एलआईसी की 3600 से अधिक शाखाओं और सैटेलाइट कार्यालयों तथा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के लगभग 2500 टचपॉइंट के विशाल नेटवर्क की संयुक्त शक्ति के माध्यम से देशभर में जीवन बीमा की पहुंच आसान हो जाएगी। यह "2047 तक सभी के लिए बीमा" के विजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस सहयोग के साथ, दोनों संस्थान वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और पूरे भारत में सर्वोत्तम बीमा समाधान प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

# डॉलर के मुकाबले 19 पैसे की कमजोरी के साथ बंद हुआ रुपया

- भारतीय मुद्रा आज डॉलर की तुलना में 19 पैसे फिसल कर 85.99 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई।

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ को लेकर बने टेंशन, डॉलर इंडेक्स की मजबूती और स्टॉक मार्केट में विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली के कारण आज रुपया डॉलर की तुलना में गिरावट के साथ बंद हुआ। भारतीय मुद्रा आज डॉलर की तुलना में 19 पैसे फिसल कर 85.99 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन गुरुवार को भारतीय मुद्रा 85.80 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी।
रुपये ने आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ ही की थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 20 पैसे की कमजोरी के साथ 86 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। दिन के कारोबार के दौरान कुछ समय के लिए डॉलर की मांग बढ़ने पर रुपया और 6 पैसे फिसल कर 86.06 के स्तर तक गिर गया था, लेकिन इसके बाद डॉलर की आवक बढ़ने पर रुपया निचले स्तर से 14 पैसे की रिकवरी करके 85.92 के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, बाद में शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण बढ़ी डॉलर की मांग के कारण रुपया गिरकर 85.80 के स्तर पर बंद हुआ। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि डॉलर इंडेक्स की मजबूती और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय शेयर बाजार से अपने पैसे की निकासी के साथ ही अमेरिकी टैरिफ की अनिश्चितता को लेकर कारोबारियों के बीच बनी बेचैनी ने भी भारतीय मुद्रा को कमजोर करने में अहम भूमिका निभाई। कैपेक्स गोल्ड एंड इंवेस्टमेंट्स के सीईओ राजीव दत्ता के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में हो रही बढ़ोतरी से भी डॉलर की मांग में और तेजी आने की संभावना बनी है। इसका असर अब मुद्रा बाजार में डॉलर की कीमत में तेजी के रूप में भी नजर आने लगा है।

# पहली सोमवारी पर पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

## 30 किमी दूर से नंगे पांव चलकर आए करीब 500 कांवरियों ने किया जलाअभिषेक, लोगों ने लिया मेले का आनंद

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** डंडई में श्रावण मास के पहली सोमवारी को लवाहीखुर्द के बाबा मंगरदह महादेव मंदिर में लगभग 500 कांवरियाँ एवं डाकबम ने छत्तीसगढ़ सीमावर्ती क्षेत्र के बालचौरा कनहर नदी से जल उठाकर नंगे पांव 30 किलोमीटर दूर चल कर जलाभिषेक किया। कवरियाँ व डाकबम ने मंदिर परिसर में जय शिव शंकर हर हर महादेव ,बोल बम का नारा है ,बाबा एक सहारा है सहित अन्य जयघोस लगा रहे थे। जलाभिषेक के लिए सावन के पहली सोमवारी को लेकर दिनभर मंदीर में पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। सावन मास के अवसर पर श्रावणी मेला की भी शुरुआत की गई जहां पर बच्चे बूढ़े युवा युवती श्रद्धालुओं ने मेला का खूब आनंद लिया । मंदिर समिति के अध्यक्ष मंगरू बैठा ने बताया कि लगभग 23 वर्ष पूर्व इस स्थल पर जमीन से निकलकर शिवलिंग अपने आप प्रकट हुए थे। जिसे देख ग्रामीणों द्वारा यहाँ पूजा पाठ करना शुरू कर दिया गया था । लोगों की मदद से धीरे-धीरे कर भव्य शिव मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। सावन के महीने में बाबा बैजनाथ के जैसा यहां पर भी कांवरिया बम तथा डाकबम छत्तीसगढ़ बॉर्डर के करीब बालचौरा कनहर नदी से जल उठाकर नंगे पांव 30 किलोमीटर चल कर आते हैं और यहाँ आस्था के साथ जल चढ़ाते हैं। बताया की सावन के महीने में यहां भव्य मेला लगता है। यहां सावन माह में स्थानीय शिव भक्तों के अलावे पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार के लोग भी जलाभिषेक व दर्शन पूजन के लिए आते हैं। सचिव हरि प्रसाद वर्मा ने बताया कि शिवलिंग के अपने आप प्रकट होने पर लोगों का यहां आस्था का केंद्र बना हुआ है। ऐसा देखा गया है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से मनोकामना मांगते हैं तो उनकी मनोकामना पूर्ण होती है।इस मंदिर के बगल में ही भव्य हनुमान जी का भी मंदिर बनाया गया है। मंदिर नदी के तट पर स्थित होने से यहां के का नाजारा भव्य एवं सुंदर दिखता



है। साथ ही बताया की लवाहीकलां स्थित नहर के पास बासुकीनाथ शिवस्थल पर लोग बड़े ही श्रद्धा के साथ जलाभिषेक करते हैं। मुखिया बच्चा लाल गुप्ता ने बताया की 2002 ई. में आज से 23 वर्ष पहले मंदिर का समिति बनाकर धीरे-धीरे मंदिर बनाया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यहां समिति के सदस्य सदैव तत्पर रहते हैं। मंदिर परिसर का सुंदरीकरण भी कराया गया। मंदिर के पुजारी दीनदयाल पाठक ने कहा की बाबा मंगरदह भोलेनाथ का महिमा अपरंपार है। यहां पहुंचकर श्रद्धालु सच्चे मन से बाबा से जो मन्नत मांगते हैं, उनकी मन्नत पूरी होती है। मन्नत पूरा होने पर लोग दुबारा आकर यहां अपना हाजिरी लगाते हैं। पहला सोमवारी के दिन शांति व्यवस्था को लेकर कोषाध्यक्ष समारु प्रजापति उमेश पासवान मानदेव बैठा बलराम बैठा लाल बिहारी यादव धर्मदेव ठाकुर मनी प्रसाद,रमेश साव बैजनाथ प्रसाद ओम पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

### शिवालयों में रही श्रद्धालुओं की भीड़



**हेरहंज।** हेरहंज प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में सावन की पहली सोमवार को लेकर प्रखंड क्षेत्र स्थित सभी शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं के भीड़ देखी गई | खासकर प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर में श्रद्धालु हजारों की संख्या में पहुंचे | जहां पर लोगों ने कतार बध होकर पूजा अर्चना करते हुए जलाभिषेक किया | मौके पर मंदिर की पुजारी अखिलेश पांडे के द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना श्रद्धालु को कराया गया | सावन के पहले सोमवार को लेकर प्रखंड के चिरु सलैया सेरनदाग हेरहंज और तासु पंचायत क्षेत्र स्थित शिवालय और मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई और उनमें उत्साह का माहौल देखा गया | खासकर युवा बच्चों ओर महिलाओं में काफी खुशी के माहौल देखी गई |

## श्रावण मास के पहले सोमवार को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**लातेहार।** श्रावण माह की पहली सोमवारी को शहरी समेंत ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा।अहले सुबह से ही विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया एवं अपने व परिवार के सुख शांति की कामना की। शहर के बाजारटांड़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर में प्रात: से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी थी। यहां प्रात: काल से ही पूजा अर्चना प्रारंभ हो गयी थी। पुजारी मनोज दास शर्मा के सानिध्य में पूजा अर्चना संपन्न करायी गयी। इसके अलावा सोमेश्वर शिव मंदिर लघु सिंचाई विभाग पुजारी संतोष मिश्र के सानिध्य में पूजा अर्चना किया गया। उन्होने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का रुद्राभिषेक कराया और उपस्थित श्रद्धालुओं को शिव महिमा के बारे में बताया।उन्होने कहा कश्रावण मास में सोमवार का विशेष महत्व होता है, इस माह में भगवान शिव की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसके अलावा धर्मपुर स्थित पुराना शिव मंदिर ,जुबली चौक, बिजली आफिस व मंडल कारा स्थित शिव मंदिरों मे काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। रेलवे स्टेशन क्षेत्र के बाजारटांड़ स्थित श्री सोमेश्वर शिव मंदिर में भी भक्तों ने भगवान शिव को जल अपर्ण किये। नावागढ के राजा मेदनियाराय के द्वारा बनाये गये शिव मंदिर मे सावन के पहले दिन भक्तो की भीड देखी गयी। पुरोहित ललित मिश्रा ने कहा कि इस मंदिर मे दूर दूर से लोग पूजा करने आते हैं।

### सावन की पहली सोमवारी पर मंदिरों और शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु



**चंदवा।** पवित्र श्रावण माह शुरू हो गया। श्रावण माह की पहली सोमवारी पर चंदवा में शिव भक्त भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन दिखे। अहले सुबह से ही चंदवा के गुलायची बाबा मंदिर, बाबा विश्वनाथ मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर,शिव मंदिर आन,शिव मंदिर थाना टोली, ब्लॉक कालोनी,हिसरी,शिव मंदिर बोरसीदाग,महादेव मंडप समेत प्रखण्ड के विभिन्न मंदिरों में शिव भक्तों का रेला देखने को मिला जो देर शाम तक रहा। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने देवनद दामोदर तट से जल भरकर विभिन्न मंदिरों व शिवालयों में जलाभिषेक किया। इस दौरान हर-हर महादेव व बोल बम के नारे से मंदिर व शिवालय गुंजायमान रहे। देर शाम कई मंदिर व शिवालय में भजन-कीर्तन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। पूरे शहर में ध्वनि विस्तारक यंत्र से भक्ति गीत गुंजायमान है।



### पहली सोमारी पर भव्य कलश यात्रा, हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा मंझिआंव

**मंझिआंव।** श्रावण मास की पहली सोमवारी पर प्रखंड क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण माहौल देखने को मिला। चंदरी स्थित शिव मंदिर ,आछोडीह,मझिगांवा से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में शिवभक्तों ने भाग लिया। कलश यात्रा की अगुवाई श्री श्री 108 महंत केशवनारायण दास जी महाराज ने की। सुबह संगम तट (कोयल नदी) से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भक्तों ने कलश में पवित्र जल भरा। इसके बाद कलश यात्रा की शुरुआत अलग-अलग देवस्थलो से हुई। भगवा वस्त्रों में सजे श्रद्धालु, सिर पर कलश लिए, पूरे भक्तिमय वातावरण में "हर हर महादेव" और "बम बम भोले" के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। यात्रा के समापन पर देवालय में कलश स्थापना की गई, जहाँ वैदिक मंत्रों के साथ विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठान संपन्न हुए। इस दौरान महंत केशवनारायण दास जी ने श्रावण मास की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस माह में भगवान शिव की आराधना से समस्त कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस दौरान भक्ति और सेवा की अद्भुत झलक देखने को मिली। यात्रा शांतिपूर्ण और भक्तिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

### सावन की पहली सोमवारी को झमाझम बारिश से राहत मिली



**मोहम्मदगंज।** सावन की पहली सोमवारी को दोपहर बाद करीब एक घंटे झमाझम बारिश हुई। इससे उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली। मौसम सुहावन बन गया।शिवभक्तों खासकर, उपवास रखने वालों को इससे काफी सुकून मिला। कई दिनों के अंतराल पर पुनर्वस नक्षत्र में अच्छी बारिश देखने को मिली। किसानों ने बिचड़ा के लिए इसे लाभदायक बताया।

## भीमबराज में हुआ पर्याप्त जल भंडारण

## मुख्य नहर में छोड़ा गया 1300 क्यूसेक, औरंगाबाद पहुंचा



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** भीमबराज का पांड लेबल भरपूर हो गया है। इसमें से सोमवार को मुख्य नहर में 1300 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। वहीं, कोयल नदी के डाउन स्ट्रीम में 8122 क्यूसेक जल प्रवाहित किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि नहर का पानी औरंगाबाद जलसंसाधन प्रमंडल क्षेत्र में पहुंच गया है। हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के सभी लघु वितरणियों से खेतों तक पानी पहुंच रहा है। मंगलवार को जलप्रवाह और बढाया जाएगा। पानी मदनपुर तक ले जाने का लक्ष्य है। खरीफ फसल की सिंचाई को लेकर गंभीरतापूर्वक कार्रवाई की जा रही। पूरी स्थिति पर नजर बनी हुई है।

### हाईबा ने मोटरसाइकिल सवार को मारी टक्कर युवक की मौके पर मौत

**धुरकी।** धुरकी थाना क्षेत्र के ग्राम धोबिन निवासी जय गोविन्द यादव उर्फ तेजु यादव व पत्नी के साथ आपने बेटी धर जा रहें थे। खुथुवा मोड के समीप हाईबा के चपेट में आने से गोविन्द यादव उर्फ तेजु यादव की मैके पर मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी का बाएं पैर पुरी तरह से कुचल गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दोनों मोटरसाइकिल से अपने बेटी के घर जा रहा था। इसी बीच विपरीत दिशा से तेज गति से जा रहे हाइवा ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इससे उप पर सवार दोनों लोग सड़क पर गिर गये। हाइवा ने एक युवक को रौंद दिया। इससे घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। घटना के बाद यहां लोगों की भीड़ जमा हो गयी। ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया रंका थाना प्रभारी सदलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और उनकी पत्नी को गढ़वा सदर अस्पताल भेजवाया। इधर घटना की खबर सुनते ही गांव में सन्नाटा छा गया।

## हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पिपरा में सड़क होगी जाम

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के पिपरा प्रखंड से दुबटिया होते हुए जपला तक सड़क की जर्जर हालत को लेकर सामाजिक नेता व अधीवक्ता प्रेमतोष सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि आगामी 21 जुलाई को सड़क जाम किया जायेगा। यह जाम पिपरा प्रखंड के अंतर्गत होगा। इस संबंध उन्होंने कहा है कि हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी एवं छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी, हुसैनाबाद एसडीपीओ सभी को इसकी सूचना भेज दी गई है। उन्होंने सभी राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों से आग्रह किया है कि इस समस्या को लेकर अधिक से अधिक संख्या में आप लोग शामिल हो। उन्होंने कहा कि भारी वाहनों के कारण सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है, इसको लेकर आए दिन सड़क



पर दुर्घटनाएं हो रही है। वहीं उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अस्पताल, स्कूल एवं प्रखंड कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय तक जाने वालों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आगे उन्होंने कहा कि आज भी हमलोगों का क्षेत्र मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है। यह इस क्षेत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है , बहुत अफसोस के साथ कहना है कि आज भी हमलोग बिजली, पानी और सड़क की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस कारण क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है। हमारा क्षेत्र बिजली, पानी और सड़क में ही अगर पीछे रहेगा तो इस क्षेत्र का विकास कैसे हो पाएगा। उन्होंने आग्रह किया है कि सभी लोग इस मुहिम में शामिल हो और अपने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए कम से कदम मिलाकर चले। सरकार विकास का ढोल तो पिट रही है पर विकास धरातल पर नजर नहीं आता है। सरकार को वर्तमान स्थिति को समझने की आवश्यकता है और समय रहते सभी मूलभूत समस्याओं को समाप्त कर क्षेत्र को सुगम और सुलभ बनाने की पहल करें। वही इस कड़ी में उन्होंने पिपरा प्रखंड के कई गांव में जनसंपर्क भी किया है। संपर्क के दौरान लाल बहादुर सिंह, मथुरा प्रसाद, जनेश्वर भुईया,सुनील सिंह, पिंटू सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## पत्नी की हत्या मामले में दोषी पति को उम्र कैद की सजा

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** जिला व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय की अदालत ने सेमवार को पत्नी की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए सैनुल अंसारी को सश्रम उम्र कैद की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर उसे एक वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। यह मामला पाटन थाना क्षेत्र के खैरा दोहर गांव का है, जहां 19 जुलाई 2020 को पाटन थाना कांड संख्या 83/2020 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामला सत्र वाद संख्या 27/2022 के रूप में न्यायालय में चला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सैनुल अंसारी की शादी वर्ष 2019 में रेहाना खातून से हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के संबंध मधुर नहीं थे और आए दिन दहेज को लेकर विवाद होते रहते थे। घटना के दिन रेहाना अपने ससुराल शोले, पाटन में थी। अगले दिन जब रेहाना का कोई अता-पता नहीं मिला तो उसके भाई ऐनुल अंसारी ने पूछताछ की, लेकिन सैनुल ने उल्टे उसे डांट कर भगा दिया। बाद में रेहाना का शव उसके ससुराल स्थित एक कुएं से बरामद किया गया।

जांच में यह स्पष्ट हुआ कि रेहाना की हत्या कर उसके शव को छिपाने की नीयत से कुएं में फेंका गया था। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सैनुल अंसारी को हत्या का दोषी मानते हुए भारतीय दंड विधान की धारा 302 के तहत उम्र कैद और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। साथ ही धारा 201 के तहत सबूत छिपाने के लिए सात वर्ष की सजा और पांच हजार रुपये का अतिरिक्त अर्थदंड भी लगाया गया। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर उसे क्रमशः एक वर्ष व छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

## पेज एक के शेष

### ई-ऑफिस सिस्टम...

कार्यालय के बाहर दूसरी जगह से भी ई-ऑफिस के जरिए कार्य करने की सहूलियत हो। उन्होंने निर्देश दिया कि इसके लिए सर्वप्रथम सभी पुरानी फाइलों को स्कैन कर उनका पीडीएफ फाइल अपलोड करें। ऐसा नहीं हो कि फिजिकल फाइल पढ़कर डिजिटल निर्णय लेने की नौबत आए। मुख्य सचिव ई-ऑफिस लाइट के क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को उसकी प्रगति की समीक्षा कर रही थीं।

### चार विभागों में...

कई विभागों ने अपने अधिकारियों के ई-ऑफिस सिस्टम पर ईमेल बना दिया है। मुख्य सचिव ने बाकी बचे विभागों को भी ई-ऑफिस सिस्टम पर आने के लिए प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया।

### ई-ऑफिस सिस्टम...

- फाइलों पर निर्णय लेने की गति बढ़ेगी। यह पारदर्शी होगा, इस कारण भ्रष्टाचार की गुंजाइश नहीं होगी।
- फाइलें रेड टैपिंग से मुक्त होंगी। विभागों की कार्यकुशलता बढ़ेगी।
- पेपरलेस काम होने से यह पर्यावरण हितैषी भी होगा।

### सुप्रीम कोर्ट के...

इनमें से नौ लोग रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं, जबकि एक सजा प्राप्त व्यक्ति हाल में जमानत मिलने के बाद दुमका जेल से बाहर आया है। इनकी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने नोट किया कि झारखंड हाईकोर्ट में सभी 10 लोगों की याचिकाओं पर सुनवाई पूरी होने के बाद लंबे समय से फैसला सुरक्षित रखने वाले न्यायाधीश एक ही हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से दलीलें पेश करते हुए अधिवक्ता फौजिया शकील ने कहा कि सुनवाई पूरी होने के बाद फैसले को वर्षों तक लंबित रखना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत नागरिकों को दिए गए जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। संविधान की इस व्यवस्था के अनुसार, 'त्वरित न्याय' पाना भी नागरिकों का अधिकार है। उन्होंने अपनी दलील में फैसला सुनाने में विलंब की वजह से होने वाली मानसिक पीड़ा और मौत की सजा के निष्पादन में देरी से उत्पन्न तनाव का भी जिक्र किया। याचिका में एचपीए इंटरनेशनल बनाम भगवानदास केस में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया गया, जिसमें लंबे समय तक निर्णय सुरक्षित रखने की प्रथा पर चिंता जताई गई थी। याचिका में झारखंड हाईकोर्ट नियमावली (2001) का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि दलीलें पूरी होने के 6 सप्ताह के भीतर फैसला सुनाया जाना चाहिए। अधिवक्ता ने सजा निलंबित करने के अनुरोध पर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि अगर कोई दोषी आठ साल की वास्तविक सजा काट चुका है, तो ज्यादातर मामलों में उसे जमानत मिलनी चाहिए।

### झारखंड हाईकोर्ट के...

हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश और फिर स्थायी न्यायाधीश बने। जस्टिस चौहान ने पर्यावरण कानून, बाल कल्याण और न्यायिक सुधारों में उल्लेखनीय कार्य किया। वे किशोर न्याय समिति, विधिक सेवा प्राधिकरण और हाईकोर्ट की कंप्यूटर एवं ई-कोर्ट समिति का नेतृत्व कर न्यायपालिका में डिजिटल परिवर्तन में अहम भूमिका निभा चुके हैं। वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भारतीय न्यायपालिका का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उनके नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश न्यायपालिका ने ई-फाइलिंग, ऑनलाइन सेवाओं और डिजिटल न्यायिक प्रक्रियाओं में नए कीर्तिमान स्थापित किए।

### भाकपा माओवादी के...

दरअसल, भाकपा माओवादी के कोयल शंख जोन क्षेत्र के चार सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये सभी लेवी वसूलने के लिए इकट्ठा हुए थे और इनके पास से हथियार व नक्सली पर्चे भी बरामद हुए हैं। यह कार्रवाई 25 जून को सेंट्रल कोल फील्ड लिमिटेड (सीसीएल) के एक कर्मचारी से एक करोड़ रुपए की लेवी मांगने और जान से मारने की धमकी के मामले में की गई है। एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि 25 जून को सीसीएल के महाप्रबंधक कार्यालय में कार्यरत एक कर्मचारी को भाकपा माओवादी के कोयल शंख जोन कमेटी के सदस्य मनोज जी के नाम पर एक करोड़ रुपए की लेवी मांगी गई थी। धमकी दी गई थी कि यदि दो जुलाई तक राशि का भुगतान नहीं किया गया, तो उसे जान से मार दिया जाएगा। इसे लेकर खलारी थाने में मामला दर्ज किया गया था। एसएसपी ने बताया कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। इसी दौरान 13-14 जुलाई की मध्य रात्रि को दल को गुप्त सूचना मिली कि भाकपा माओवादी के 4-5 सक्रिय सदस्य मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के बक्सी बंगला चट्टी नदी के पास व्यवसायी, ठेकेदार और ईंट भट्ठा मालिकों से लेवी वसूलने के लिए जमा हुए हैं। यह सूचना मिलते ही छापेमारी दल ने तुरंत कार्रवाई की और बक्सी बंगला चट्टी नदी के किनारे घेराबंदी कर ली। नक्सलियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन सशस्त्र बल की मदद से भाग रहे चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि माओवादी योगेंद्र गंझू उर्फ पवन से पूछताछ करने पर पता चला कि वह वर्ष 2006 में भाकपा माओवादी उग्रवादी संगठन में शामिल हुआ था। योगेंद्र गंझू माओवादी संगठन में इसलिए गया था, क्योंकि उसके पिता को कुछ लोगों के द्वारा मारने की साजिश की जा रही थी। योगेंद्र गंझू ने बदले की भावना में यह रास्ता चुना था। वर्ष 2006 के अंत में उसे गारू सरजू क्षेत्र का एरिया कमांडर बना दिया गया। फिर उसे उसी क्षेत्र का वर्ष 2009 में सबजोनल कमांडर बनाया गया। यह सबसे पहले वर्ष 2006 में ही गारू (लातेहार) थाना के केस में जेल गया था तथा वर्ष 2008 में जेल से छुटने के बाद पुनः संगठन में शामिल हो गया। पुनः यह वर्ष 2012 में रातु थाना क्षेत्र से गिरफ्तार होकर जेल गया था तथा वर्ष 2022 में जेल से छुटने के बाद यह पार्टी से दूरी बनाकर रह रहा था और अपने केस में कोर्ट में हाजिर होने जाता था। पैसे की कमी हो जाने और माओवादी के कोयल शंख क्षेत्र के जोनल कमांडर रविंद्र गंझू के निष्क्रिय हो जाने के कारण यह मुकेश गंझू, मन्नु गंझू एवं राजकुमार नाहक के साथ मिलकर इस क्षेत्र में पार्टी को खड़ा किया। क्षेत्र के ठीकेदारों, व्यवसायियों, क्रशर मालिको तथा ईट भट्ठा मालिकों को जान मारने की धमकी देकर लेवी मांगना शुरू किया था। माओवादी दस्ता में रहने के क्रम में वह कई बार पुलिस से मुठभेड़ की घटना में शामिल रहा। गारू (लातेहार) थाना क्षेत्र के कटीया जंगल में पुलिस मुठभेड़ हुई थी, जिसमें पुलिसकर्मी मारे गए थे। यह सेंट्रल कमेटी सदस्य अरविंद के कहने पर मृत पुलिसकर्मी के पेट में बम लगाने के लिए एक्सपर्ट को लेकर कटीया जंगल गया था। इस संबंध में पुलिस की ओर से आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सब जूनियर महिला...

पेनाल्टी शूटआउट में हॉकी हरियाणा 5-4 गोल से मैच जीतकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि राज्य के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार एवं हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीम को पुरुस्कार स्वरूप ट्रॉफी देकर तथा पदक विजेता तीनों टीम के खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इससे पूर्व, हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने मुख्य अतिथि मंत्री सुदिव्य कुमार को प्रतीक चिह्न, अंग वस्त्र और बुके देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में ए डिवीजन में 12 टीम, बी डिवीजन 09 टीम और सी डिवीजन में 07 टीम, यानी कुल 28 राज्य के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### सब जूनियर महिला...

प्रतियोगिता में ए डिवीजन में 12 टीम, बी डिवीजन 09 टीम और सी डिवीजन में 07 टीम, यानी कुल 28 राज्य के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' है...

पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब भारतीय सेना ने जिस साहस और रणनीति से दिया, वह आतंक के गढ़ में गूंजता हुआ संदेश बन गया। आतंकवादियों ने जिन मां-बहनों के सिंदूर को मिटाने का दुस्साहस किया, उन्हें हमारे रणबांकुरों ने ऐसा सबक सिखाया कि दुश्मन थर्रा उठे। इस ऑपरेशन में कई जवानों ने अपने प्राण न्यौछावर किए, लेकिन उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया। देश आज उनका कृतज्ञ है। इस अभियान में महिला सैनिकों की भागीदारी भी एक प्रेरणा है, जिन्होंने रणचंडी बनकर दुश्मनों का डटकर सामना किया। भारत की बेटियां अब रणभूमि में भी पीछे नहीं।

गूंज उठा है पर्वत-पहाड़, रणचंडी की जयकारों से,
शेरनी बेटियां बोलीं अब, नहीं डरेंगे हम वारों से।
वीरों को नमन! शौर्य को प्रणाम! जय हिंद!

## मंगल ग्रह का सबसे बड़ा टुकड़ा पृथ्वी पर होगा नीलाम

**न्यूयॉर्क ।** बिक्री के लिए 54 पाउंड (25 किलोग्राम) का एक पत्थर। अनुमानित नीलामी मूल्य 20 लाख से 40 लाख डॉलर के बीच। इतना महंगा क्यों? यह पृथ्वी पर पाया गया मंगल ग्रह का अब तक का सबसे बड़ा टुकड़ा है। न्यूयॉर्क में नीलामी घर 'सोथबी' बुधवार को प्राकृतिक इतिहास थीम पर आधारित नीलामी के एक भाग के रूप में 'एनडब्ल्यूए 16788' नाम की वस्तु को बिक्री के लिए रखेगा। इसके साथ ही एक किशोर 'सेराटोसॉरस डायनासोर' का कंकाल भी नीलामी के लिए रखा जाएगा, जो छह फुट से अधिक ऊंचा और लगभग 11 फुट लंबा है। वहीं ीलामी घर के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि यह उल्कापिंड एक विशाल क्षुद्रग्रह की टक्कर के चलते मंगल ग्रह की सतह से उड़कर 14 करोड़ मील की दूरी तय करके पृथ्वी पर पहुंचा, जहां यह सहारा रेगिस्तान में गिर पड़ा। सोथबी का कहना है कि मंगल ग्रह का यह टुकड़ा नवंबर 2023 में नाइजर में मिला था।




## विशेषज्ञों की चेतावनी: बांग्लादेश में डेंगू संकट गहराया...

**ढाका (आईएएनएस)।** बांग्लादेश में डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह एक देशव्यापी संकट बन सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की ओर से डेंगू फैलाने वाले मच्छरों को रोकने के लिए जो कोशिशें की जा रही हैं, वे अपर्याप्त हैं। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्दी और सही तरीके से कदम नहीं उठाए गए, तो यह डेंगू की समस्या पूरे देश के 64 जिलों में फैल सकती है। बांग्लादेश के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अनुसार, रविवार सुबह तक (24 घंटों में) डेंगू से एक और व्यक्ति की मौत हो गई। इसके साथ ही इस साल में डेंगू से मरने वालों की कुल संख्या अब 56 हो गई है। साथ ही, 420 और लोग वायरल बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती हुए हैं, जिससे डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 14,880 हो गई है।



## इजरायल और हमास जंग में मरने वाले 58 हजार के पार

**नई दिल्ली ।** इजरायल और हमास के बीच जंग में गाजा बुरी तरह प्रभावित हुआ है। गाजा के कई इलाकों में इमारतें मलबे के ढेर में तब्दील हो गई हैं। हालात ऐसे हैं कि लोगों को ना तो खाना मिल पा रहा है और ना ही पानी। इतनी तबाही के बाद भी गाजा में इजरायल के हमले जारी हैं। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के कहना है कि इजरायल और हमास के बीच 21 महीने से जारी युद्ध में अब तक 58 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। घायलों की संख्या एक लाख का पार है। कहा तो यह भी जा रहा है कि जंग के दौरान कई शव इमारतों के मलबे में दबे हो सकते हैं। इस बीच गाजा में इजरायल की ओर से किए गए ताजा हमलों में छह बच्चों सहित कम से कम 32 लोग मारे गए हैं। इजरायल का कहना है कि वह युद्ध तभी समाप्त करेगा, जब हमास आत्मसमर्पण करेगा, हथियार डाल देगा और निर्वासन में चला जाएगा। हालांकि, हमास ऐसा करने से इनकार करता है। हमास का कहना है कि वह युद्ध समाप्त करने और इजरायली सेना की पूरी तरह वापसी के बदले में शेष 50 बंधकों को रिहा करने को तैयार है।

## तलाक के बाद असम के माणिक अली ने दूध से नहाकर मनाया अपनी 'नई जिंदगी' का जश्न

**दिसपुर ।** असम के नलबाड़ी जिले के माणिक अली का एक अनोखा वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने तलाक का जश्न बिल्कुल अलग अंदाज में मनाते दिख रहे हैं। माणिक ने तलाक होने के बाद 'आजादी दिवस' मनाया और अपनी खुशी जाहिर करने के लिए दूध से स्नान किया। उनका यह अनोखा जश्न देखकर सोशल मीडिया यूजर्स हैरान रह गए हैं और इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। वायरल वीडियो में माणिक अली अपने घर के बाहर खड़े हैं और उनके पास दूध से भरी चार बाल्टियां रखी हुई हैं। वह एक-एक करके बाल्टियों का दूध अपने ऊपर उड़ेलते हैं और मुस्कुराते हुए कहते हैं, 'आज मैं आजाद हो गया हूं।' कुछ लोग जहां उनके तलाक की पूरी कहानी जानने को उत्सुक हैं, वहीं कुछ यूजर्स उनकी इस खुशी में शरीक होते दिख रहे हैं। वीडियो में माणिक अली ने खुद ही इस अनोखे अनुष्ठान के पीछे का कारण बताया। उन्होंने अपनी पूर्व पत्नी का जिक्र करते हुए कहा, 'वह अपने प्रेमी के साथ भागती रही।

# गलवान विवाद के बाद संवाद की शुरुआत एस जयशंकर ने दिखाया भरोसा

### एससीओ बैठकों में आतंकवाद पर भारत का रुख

**नई दिल्ली । एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बीजिंग में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के महासचिव नूरलान येरमेकबायेव से मुलाकात की, जहाँ उन्होंने संगठन की भूमिका, महत्व और इसके कामकाज को आधुनिक बनाने के लिए चल रहे प्रयासों पर चर्चा की। जयशंकर सिंगापुर की अपनी यात्रा के बाद चीन पहुँचे, जो पाँच वर्षों में उनकी पहली बीजिंग यात्रा है। इस यात्रा के दौरान, उनका तियानजिन में एससीओ विदेश मंत्रियों की परिषद (सीएफएम) की बैठक में भाग लेने और कई द्विपक्षीय बैठकें करने का कार्यक्रम है। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज बीजिंग में एससीओ महासचिव नूरलान येरमेकबायेव से मिलकर खुशी हुई। एससीओ के योगदान और महत्व के साथ-साथ इसके कामकाज को आधुनिक बनाने के प्रयासों पर चर्चा हुई।

**तियानजिन में आगामी एससीओ शिखर सम्मेलन :** एससीओ राष्ट्राध्यक्ष परिषद की 25वीं बैठक इस वर्ष के अंत में तियानजिन में होने वाली है। भारत 2023 में एससीओ की अध्यक्षता करेगा, जबकि पाकिस्तान 2024 में नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) एक स्थायी अंतर-सरकारी निकाय है जिसमें भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, कज़ाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उजबेकिस्तान, ईरान और बेलारूस शामिल हैं।



जयशंकर की यह यात्रा जून में एससीओ बैठकों के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की चीन यात्रा के बाद हो रही है। एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान, भारत ने संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया क्योंकि उसमें पहलगाम आतंकवादी हमले का कोई उल्लेख नहीं था, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की वकालत की थी, लेकिन एक सदस्य, कथित तौर पर पाकिस्तान, ने इसे शामिल करने का विरोध किया। इससे पहले, विदेश मंत्री ने चीनी उपराष्ट्रपति हान झेंग के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक भी की। जयशंकर ने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत और चीन के बीच संबंधों के निरंतर सामान्यीकरण से "पारस्परिक रूप से लाभकारी" परिणाम प्राप्त होने की संभावना है। उन्होंने दो घनी आबादी वाले पड़ोसियों और प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के बीच, विशेष रूप से बेहद जटिल अंतर्राष्ट्रीय स्थिति को देखते हुए, खुले संवाद और विचारों के स्पष्ट आदान-प्रदान के महत्वपूर्ण महत्व पर ज़ोर दिया।

## पीलीभीत में बाघ के हमले में किसान की मौत

**पीलीभीत ।** में सोमवार सुबह बाघ के हमले में एक किसान की मौत हो गयी। वन विभाग के एक अधिकारी ने घटना की पुष्टि की है। वन विभाग के अधिकारी के मुताबिक सोमवार सुबह जिले के न्यूरिया थाना क्षेत्र के बड़ी फुलहर गांव में बाघ ने एक किसान दयाराम (39) पर हमला कर दिया। दयाराम सुबह अपने घर के सामने खेत में गन्ने की फसल देखने गया था, जहां पहले से बैठे बाघ ने उस पर हमला कर दिया और गन्ने के खेत में 20 मीटर अंदर तक घसीट ले गया। उसकी चीख सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग पहुंचे तब तक दयाराम की मौत हो चुकी थी।

## स्वर्ण मंदिर को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी, एसजीपीसी टास्क फोर्स हाई अलर्ट पर

**नई दिल्ली । एजेंसी**

पंजाब के अमृतसर में गोल्डन टेंपल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। यह धमकी ईमेल के जरिए आई। इसके बाद गोल्डन टेंपल के अंदर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की टास्क फोर्स और बाहर पुलिस तैनात की गई है। एसजीपीसी के मेंबर कुलवंत सिंह मनन ने बताया कि ईमेल में गोल्डन टेंपल को सोमवार को मेल आई। इसमें आरडीएक्स से उड़ाने की बात लिखी थी। उसमें समय भी लिखा था और सतर्क रहने को कहा गया है। ऐसा लगा रहा है जैसे डर का माहौल पैदा करने के लिए ऐसा किया गया है। मनन ने बताया कि धमकी के बाद गोल्डन टेंपल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। टास्क फोर्स को स्पेशल हिदायत दी गई है कि संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को होने से रोक जा सके। ईमेल किसने और कहां से भेजा है, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस कमिश्नर और थाना ई डिवीजन में शिकायत दी गई है।



**सेना ने कहा था- पाकिस्तान ने गोल्डन टेंपल को निशाना बनाया :** 7 मई को भारत की पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के कुछ दिन बाद भारतीय सेना ने दावा किया था कि पाकिस्तान ने गोल्डन टेंपल को उड़ाने के लिए मिसाइल दागी थी, लेकिन भारतीय वायुसेना की सतर्कता ने उसे रास्ते में ही नष्ट कर

# बांग्लादेश ने पीएम मोदी को 1000 किलो आम भेजे, यूनुस ने बरकरार रखी मैंगो डिप्लोमेसी

### ममता को भी हरिभंगा आम गिफ्ट किए

**नई दिल्ली । एजेंसी**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने 'हरिभंगा' किस्म के 1,000 किलोग्राम आम भारत भेजे हैं। इन्हें पीएम मोदी, भारत के राजनयिकों और दूसरे अधिकारियों को उपहार में दिए जाएंगे। भारत के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिश के तहत बांग्लादेश की इस पहल को 'मैंगो डिप्लोमेसी' कहा जा रहा है। इसके तहत अंतरिम सरकार ने न सिर्फ केंद्र सरकार को, बल्कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा को भी हरिभंगा आम भेजे हैं। ये 300 किलोग्राम आम 60 डिब्बों में पैक करके गुरुवार शाम करीब 5:15 बजे अखौरा लैंड पोर्ट के जरिए भेजे गए। यूनुस ने आम भेजने की परंपरा जारी रखी। बांग्लादेश में 'हरिभंगा' प्रीमियम आम माना जाता है। इनकी गुणवत्ता बहुत अच्छी मानी जाती है। भारत में इसे काफी पसंद किया जाता है। बांग्लादेशी अखबार डेली सन की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश उच्चायोग के एक अधिकारी ने बताया कि ये आम सद्भावना के प्रतीक के तौर पर भेजे गए हैं और सोमवार को नई दिल्ली पहुंचने वाले हैं।




## सुबह को मीठी बातें और शाम को बम बरसा देते हैं पुतिन : डोनाल्ड ट्रंप

### यूक्रेन को 'देशभक्त' देने का ट्रंप ने कर दिया ऐलान

**नई दिल्ली । एजेंसी**

जिस तीसरे विश्व युद्ध से बचने की पूरी दुनिया ने कोशिश की क्या वो रूस यूक्रेन जंग से शुरू हो चुका है। ये सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं क्योंकि ट्रंप जिस जंग तो चुटकियों में खत्म कराने का दावा कर रहे थे। वो अब पुतिन को धमकाते हुए कह रहे हैं कि अमेरिका और नाटो देश मिलकर कुछ बड़ा करने वाले हैं। पुतिन के पास 48 घंटे हैं जिसमें वो तय कर लें कि वो लंबी और खूनी जंग करना चाहते हैंया फिर यूक्रेन के साथ युद्धविराम। रूस से जंग के लिए एस्टोनिया में जबरदस्त तैयारी चल रही है। जबकि पोलैंड, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन रूस के खिलाफ खुलकर जंग का ऐलान करने लगे हैं। फ्रांस ने डंके की चोट पर कह दिया है कि किसी भी कीमत पर यूक्रेन को हारते हुए नहीं देख सकते हैं, जबकि रूस ने ऐलान कर दिया है कि जब तक यूक्रेन में रूस का स्पेशल मिलिट्री ऑपरेशन पूरा नहीं हो जाता तब तक रूस जंग नहीं रोकेगा। चीन ने भी ऐलान कर दिया है कि हम हारते हुए रूस को नहीं देख सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के खिलाफ हालिया आक्रामकता के मद्देनजर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भ्रामक रणनीति पर चिंता जताते हुए कहा कि वाशिंगटन अपनी पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली कीव भेजेगा। ट्रंप ने कहा कि यूरोपीय संघ इसकी लागत को व्यापक रूप से वहन करेगा। वहीं, मैरीलैंड के ज्वाइंट बेस एंड्रयूज़ में पत्रकारों से बात करते हुए, ट्रंप ने कहा कि रूस के साथ बढ़ते तनाव के बीच यूक्रेन को सैन्य सहायता देने पर चल रही चर्चा के तहत वह नाटो महासचिव मार्क रूट से मुलाकात करेंगे।



## भारतीयों के घर में है 25,000 टन सोना जिसका अनुमानित मूल्य है 2.5 लाख करोड़ रू.

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अपने यहां शादी , बच्चा पैदा होने , गृह प्रवेश , शादी जैसे शुभ मौके पर परिवार के बड़ों व रिश्तेदारों सोने का सिक्का या कुछ गहने देने की परम्परा रही है। सक्षम व सम्पन्न लोग आज भी ऐसा करते हैं। सत्ताधारी नेताओं, बड़े अफसरों को बड़े ठेकेदार व धंधेबाज लोग भी ये गिफ्ट देते रहे हैं। अब तो ट्रेंड कुछ बदलने लगा है। जैसे कि नेताओं व अफसरों के बच्चों को उद्योगपति लोग विदेश में पढ़ाई का खर्च दे देते हैं। सब कुछ भुगतान विदेश में ही वहीं के करेंसी में हो जाता है ।लेकिन इससे सोना देने वाला तरीका खत्म नहीं हुआ है। अब बिटक्वाइन व महँगी धातु भी इसकी जगह लेने लगे हैं। फिर भी सोना का चलन अभी जारी है। क्योंकि सोना अन्य एसेट की तरह एक संपत्ति भी है । भारत में तो सोना केवल धन नहीं, यह हमारी पहचान का हिस्सा है। यह वह बेशकीमती उपहार है, जो माता- पिता, दादी-नानी शादी में आशीर्वाद के रूप में देते हैं। माता-पिता इसे गुपचुप तरीके से तिजोरी में सहेज कर रखते हैं और जरूरत के समय यही सोना हर परिवार का सहारा बनता है। इस प्रकार, सोना सिर्फ धातु नहीं, बल्कि यादों, परंपरा व भावनाओं का भी प्रतीक है ।इसी सब के चलते भारतीय परिवारों के पास 25,000 टन सोना है। लेकिन इससे आगे बढ़ें तो यह भी याद रखना चाहिए कि सोना दुनिया भर में सबसे भरोसेमंद निवेश विकल्प भी है ।तो क्या सोने का भाव बढ़ने पर बेच देना चाहिए और दाम कम होने पर सस्ते में खरीद लेना चाहिए। । वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय परिवारों व संस्थानों के पास कुल मिलाकर लगभग 25,000 टन फिजिकल सोना मौजूद है। जिसका अनुमानित मूल्य 2.5 लाख करोड़ रुपये है। जबकि डिजिटल सोने की अनुमानित कीमत 4,000 करोड़ रुपये है। इसका मतलब है कि हमारे घरों में दुनिया की कुछ बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के आधिकारिक स्वर्ण भंडार से भी ज्यादा सोना मौजूद है ।सोना स्थिरता की निशानी है। जब सब कुछ डगमगाता है, तब सोना अडिग रहता है। बाजार की उथल पुथल, महामारी, युद्ध या महंगाई के दौरान यह सबसे विश्वसनीय वित्तीय ढाल की तरह काम करता है। इसी कारण कई वित्तीय सलाहकार आपके कुल पोर्टफोलियो का 15 से 25 %सोने में निवेश करने की सलाह देते है। हालांकि, यह हिस्सेदारी आपके वित्तीय लक्ष्यों, जोखिम लेने की क्षमता, निवेश अवधि और समग्र संपत्ति मिश्रण पर निर्भर करती है। यह निवेश सीमा आपके पोर्टफोलियो को इक्विटी व अन्य संपत्तियों से वृद्धि की संभावना के साथ सोने से मिलने वाली स्थिरता व सुरक्षा के बीच संतुलन बनाए रखने में मदद करती है।

2015 में सोने की कीमत लगभग 26,343 रुपये प्रति 10 ग्राम थी और अप्रैल, 2025 तक यह लगभग 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गईं। इस प्रकार, सोने ने 10 वर्षों में लगभग 280 % रिटर्न दिया है। यह बाजार के अन्य निवेश विकल्पों से कहीं ज्यादा बेहतर प्रदर्शन है। दुनियाभर में चल रहे उथल-पुथल के चलते आने वाले साल में सोने में 20-30 % और तेजी का अनुमान है। इस तेजी के बीच लोगों के मन में सोना बेचने का विचार आता है। हालांकि, सोने को बेचना आपकी वित्तीय जरूरतों पर निर्भर करता है। लेकिन, सही कीमत पाने के लिए आपको जेवर को हॉलमार्क कराना होगा। यह ठीक है कि सोना मात्र धातु नहीं, भावनाओं का खजाना है। सोने की चेन आपकी शादी व आपके मां या सास द्वारा दिये गये उपहार की याद ताज़ा कर सकती है। आपकी तिजोरी में जो सोने का सिक्का रखा है, वह आपके पिता या ससुर द्वारा आपको बच्चे के पैदा होने की याद दिला सकता है। इस कारण से सोने को बेचना हमें अपनी विरासत से बिछड़ने जैसा लग सकता है। लेकिन यह भी जान लें सोना एक संपत्ति भी है ,तो शेयरों की तरह इसका मूल्यांकन करना जरूरी है। यदि आप शेयर बाजार में निवेश करते हैं, तो भाव बढ़ने पर शेयर बेच देते हैं। लेकिन, सोना बेचना नहीं चाहते। ऐसे में आप गोल्ड लोन ले सकते हैं। वहीं, अगर आपके पास डिजिटल सोना है, तो आप इसे गोल्ड एफडी स्कीम में डालकर सालाना 2.5 %ब्याज कमा सकते हैं। सोना खरीदने के लिए आमतौर पर हम सुनार के पास जाते हैं। लेकिन, गहनों के साथ मेकिंग चार्ज जुड़े होते हैं, ऐसे में निवेश के लिए गहने खरीदने की सलाह नहीं दी जाती ।अब तो डिजिटल दौर में हमारे पास सोने में निवेश के कुछ खास विकल्प भी हैं। आप डिजिटल गोल्ड खरीद सकते हैं। आप 100 रुपये जितनी कम राशि से भी सोना खरीद सकते हैं। यह डिजिटल सोना भरोसेमंद तिजोरी में सुरक्षित रूप से रखा जाता है। गोल्ड में निवेश का एक जरिया गोल्ड ईटीएफ व म्यूचुअल फंड भी है। यदि आप किसी मजबूरी में अपने ज़ेवर व सोना बेचते हैं तो ध्यान रखें -अपने गहने या सोना को सोने की शुद्धता के लिए हॉलमार्क करा लें, ताकि आपको सही कीमत मिल सके । जौहरी कई बार कैश के बजाय चेक या डिजिटल पेमेंट करते हैं। यह होने पर आपको भुगतान के लिए केवाईसी जमा करनी पड़ सकती है । सोने के गहने का मूल्य उसके बनाने का खर्च व नगों की कीमत को मिलाकर हो सकता है। ऐसे में वास्तविक कीमत में अंतर हो सकता है।



**दाम गिरने पर खरीदना तभी ठीक है जब धैर्य हो**

- अगर गिरावट अस्थायी है और निवेश में दम है, तो यह अवसर बन सकता है।
- लंबी अवधि में सही निवेश अच्छा रिटर्न देता है।







**उदयपुर फाइल्स** निर्माता के खिलाफ कई स्थानों पर एफआईआर दर्ज की गई थीं

# कन्हैया लाल ट्रेलर मर्डर के निर्माता को सुप्रिम कोर्ट से राहत

### याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई




सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म पर रोक लगाने के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ 'उदयपुर फाइल्स' के निर्माता की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई है। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को "एक-दो दिन में" उस अपील पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया, जिसमें राजस्थान के शहर में कथित इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा किए गए अपराध पर आधारित फिल्म "उदयपुर फाइल्स: कन्हैया लाल दर्जी हत्याकांड" की रिलीज़ पर रोक लगाने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है। फिल्म के निर्माताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील का उल्लेख किया और तत्काल सुनवाई की मांग की। हाईकोर्ट का आदेश 11 जुलाई को निर्धारित रिलीज़ से एक दिन पहले 10 जुलाई को आया।

**कहानी फिल्म जगत की**

*सुप्रीम कोर्ट सोमवार को "एक-दो दिन में" उस अपील पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया, जिसमें राजस्थान के शहर में कथित इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा किए गए अपराध पर आधारित फिल्म "उदयपुर फाइल्स: कन्हैया लाल दर्जी हत्याकांड" की रिलीज़ पर रोक लगाने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है।*